
# दो बार के बाद भाजपा के उम्मीदवार को वोट न दें

● डॉ० लक्ष्मीनारायण सिंह





आजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि व्यवस्था ऐसी बदतर कर दी गई है , जैसे खंजर गाड़ी को मरम्मत नहीं की जा सकती है, इसके लिए पूर्ण निर्माण करने की आवश्यकता है। शिक्षा, चिकित्सा, कानून सभी को पूर्ण निर्माण करने की आवश्यकता है। अधिकांश सीओ, वीडीयो,अभियंता,सप्लाई इंस्पेक्टर ,स्कूल इंस्पेक्टर, सीडीपीओ, नरेगा पदाधिकारी आदि को खानदानी कमीशन बंधा हुआ है। इसे समाप्त करने के लिए सत्ता की मलाई चाटने वाले मंत्री ,सांसद ,विधायक, माला पहनने वाले कार्यकर्ताओं से आशा आशा नहीं की जा सकती है।ऐसे लोगों को सत्ता के चश्मा से अपराध भ्रष्टाचार तथा मोदी जी द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं में लूट खसोट नहीं झलकती है। जो कभी अपराध भ्रष्टाचार के विरुद्ध धरना, प्रदर्शन, अनशन, आमरण अनशन कभी किया ही नहीं वैसे लोगों को मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारी बना दी जाती है। विधायक और सांसद उम्मीदवार तथा उनके समर्थक भाषण देगा की कार्यकर्ता संगठन का रीढ़ होती है। चुनाव के बाद विधायक सांसद और मंत्री का कार्यकर्ता नहीं अभियंता वीडीओ आदि भाग्य विधाता होते हैं। पहले की तरह फर्जी सदस्य बनाने की छूट इस बार नहीं है बल्कि इस बार डिजिटल गिनती हो रही है। इस गिनती में अधिकांश लोग फेल हो रहे हैं।

अधिकांश बड़े-बड़े पद पर बैठे मडलघ अध्यक्ष हो या मंत्री हो संगठन बनाने का तरीका सीखा ही नहीं जिसके कारण ईमानदार कार्यकर्ताओं जनता से अपना चेहरा दिखलाने लायक भी नहीं रहा। आज अधिकांश जिला अध्यक्ष सदस्यों की संख्या पूरा करने के लिए ऐसे छटपटा रहे हैं जैसे मछली को पानी से बाहर कर दी जाती है। यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीबों के लिए चलाई जा रहे हैं योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा दी जाती है तो भाजपा के सदस्य ग्रहण करने के लिए कतारें सज जाती। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं और आम जनता को कहा है कि खानदानी विधायक और खानदानी सांसद को वोट नहीं दे। जो तीन बार, चार बार, पांच बार, छः बार से लगातार विधायक और सांसद बनते आ रहा है। बिहार में सबसे बड़ी समस्या है अपराध और भ्रष्टाचार परंतु कोई भी बैठक में अपराध और भ्रष्टाचार की चर्चा तक नहीं की जाती है। देश में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किला से भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ दिया है और कहा है कि भ्रष्टाचार देश को खोखला कर रहा है। बावजूद पता नहीं कि उनकी आवाज बिहार के भाजपाईयों के कानों तक पहुंची या नहीं। मोदी जी द्वारा गरीबों के लिए सैकड़ों योजनाएं चलाई चलाई जा रही है अधिकांश योजना कागजों में सिमट कर कराह रही रही है; जैसे प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि योजना ,प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री ग्राम स्वराज अभियान, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित अभियान, प्रधानमंत्री सुरक्षा सड़क योजना, प्रधानमंत्री गरीब परिवहन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना ,प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान, सांसद आदर्श ग्राम योजना, मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत अभियान, किसान विकास पत्र हेल्थ कार्ड स्कीम डिजिटल, इंडिया स्कीम इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, मिशन इंद्रधनुष, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीन कौशल्या योजना, स्वदेश दर्शन योजना, उड़ान स्कीम नेशनल बाल स्वच्छता मिशन, वन ट्रैक वन पेंशन स्कीम, फॉर स्मार्ट सिटी मिशन, गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम, उन्नत भारत अभियान, टीवी मिशन, धनलक्ष्मी नेशनल प्रमोशन स्कीम, गंगाजल डिलीवरी स्कीम, विद्यांजलि योजना, स्टैंड अप इंडिया लोन स्कीम, ग्रामोदय से भारत उदय अभियान, सामाजिक अधिकारिता, सिविल रेलवे यात्री बीमा योजना, स्मार्ट सिटी मिशन योजना, कौशल विकास योजना, गर्भवती महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता योजना के लिए योजना, जनधन खाता धारकों के लिए बीमा योजना, महिलाओं के लिए योजना आदि। सभी योजनाओं को भौतिक सर्वेक्षण करने का आवश्यकता है।●

# फतुहा की सूरत बदलना चाहती हैं ममता पटेल

● डॉ० लक्ष्मीनारायण सिंह

एक बैठक में मैंने ममता कुमारी के बारे में पाया कि विचारों के मामले में कभी किसी से समझौता नहीं कर सकती है। इनका जोर था संगठन के पदाधिकारियों के कथनी और करनी के व्यवहार में फर्क नहीं आना चाहिए अन्यथा सगंठन के प्रति समाज में आस्था घटेगी।यह थी उनके विचारों की एक झलक। उनकी राय में आचरण और नियमों में लचीलापन आदमी की विचारधारा को ढीला बना देता है ।जो बात कल गलत थी तो आज उसकी सही होना कैसे संभव है। ममता पटेल ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनहित में सैकड़ो योजनाएं चलाई



जा रही है। अधिकांश योजनाएं के बारे में लोगों को जानकारी तक नहीं है। उन्होंने स्पष्ट कहा मुझे मंडल की भी जिम्मेदारी दी जाए तो भी मंडल का सूरत बदल दूंगी, मेरा संगठन को मजबूत करने के लिए दो काम करना होगा, पुराने सभी व्यक्ति को जोड़ना तथा उनके अनुभव का लाभ उठाना, पुरानों में पूर्व वार्ड केशर प्रसाद,डॉ गोस्वामी, पूर्व अध्यक्ष गोपाल जी, मनोज रजक आदि। घर-घर जाकर समस्याओं को इकट्ठा करना तथा 15 दिन में एक बैठक कर समस्याओं को समाधान करना या करवाना। सरकारी योजनाओं एवं लाभार्थियों को सार्वजनिक करना। 15 दिन में एक बार कम से कम भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध प्रखंड, अंचल पर बैठक या धरना आदि का व्यवस्था की जाएगी एवं बैठक में उपस्थित लोगों से सुझाव भी ली जाएगी। ममता पटेल पूर्व में भाजपा नगर मंत्री के दायित्व में रहकर ईमानदारी और सच्चाई के मार्ग पर चली और हमेशा जनता के सेवा में तत्पर्य रही ऐसी महिला को भाजपा नगर मंडल से भी दूर रखा गया।●

# पटना में मेट्रो ट्रेन-अप्रैल तक पटरियां बिछेगी : सीमा कुमारी

● डॉ० लक्ष्मीनारायण सिंह

भाजपा नेत्री सीमा कुमारी ने एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पटना मेट्रो रेल के साढ़े 6 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड प्रायोरिटी कोरिडोर मलाही पकड़ी से न्यू आई एस बीटी के बीच 15 अगस्त से पहले मेट्रो ट्रेन चलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसको देखते हुए पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के स्तर पर आवश्यक तैयारी पुरी की जा रही है। सिविल वर्क लगभग पूरा होने के बाद अब कॉरिडोर पर इलेक्ट्रिक वह टेलीकॉम सिग्नलिंग के साथ ही पटरियां बिछाने का काम होगा। उसके बाद उसे पर ट्रेन चलाई जाएगी। पटना मेट्रो सूत्रों के मुताबिक नए साल में मार्च अप्रैल तक पटरिया में बिच्छने का काम हो सकता है। जबकि जून तक छ वोगियों का रैंक भी आ जाएगा।

मेट्रो स्टेशनों का निर्माण कार्य मार्च होने की संभावना है। मेट्रो के प्रायरिटी कॉरिडोर में सिविल वर्क का काम लगभग अंतिम चरण में है। मेट्रो पिलर ऊपर गार्डन रखे जा चुके हैं। पोल लगने का काम भी शुरू हो गया है। उम्मीद है कि अगले एक दो माह में पटरियां बिछाने का



काम शुरू हो जाएगा। प्रायोरिटी कॉरिडोर में पांच एलिवेंटेड स्टेशन है, जिनका मे कोई डोर में पांच एलिवेंटेड स्टेशन है जिनमें निर्माण का काम भी जारी है। इनमें मलाही पकड़ी, खेमनीचक चक, भूतनाथ, जीरो माइल और न्यू मेट्रो स्टेशन शामिल है। इन मेट्रो स्टेशनों का निर्माण कार्य मार्च तक पूरा होने की संभावनाओं है।●



# सरकारी अधिकारियों को सजा के तौरपर तबादला : सस्पेंड, गिरफ्तारी क्यों नहीं?

● डॉ० लक्ष्मीनारायण सिंह

सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं, मेरा मकसद है नेताओं की सूरत बदलनी चाहिए। पुलिस जब नियम और कानून को ताक पर रखकर काम करती है, निर्दोष को भी जेल भेज देती है। यदि जनता के द्वारा विरोध किया जाता है तो संबंधित पुलिस कर्मियों को तबादला कर जाता है। क्या तबादला कर देने से पुलिस सुधर जाती है, संस्कारवान बन जाती है, घूस लेना बंद कर देती है, जनता को गाली देना बंद कर देती है। यह बड़े-बड़े अपराधियों को घड़ पकड़ शुरू कर देती है।

दरअसल पुलिस में खामियां भर्ती के समय से ही शुरू हो जाती है। जिस व्यक्ति का खानदानी इतिहास अन्याय का विरोध करने का कभी रहा ही नहीं है।जिसका इतिहास रहा है घूसखोरी, कमिशन खोरी देखते रहने के बावजूद चुपचाप कामों रहना ऐसे, भ्रष्टाचार देखते रहने के बावजूद धरना, प्रदर्शन, अनशन या घूसखोरों को गिरफ्तारी करवाने का इतिहास नहीं रहा है वैसे लोगों को पुलिस में भर्ती होकर क्या कर्तव्य दिखाएंगे। दुनिया में कोई भी व्यक्ति चूहे को सांप



पकड़ने की कला सीख कर सांप को देखते ही भाग खड़ा नहीं होगा। बाघ को पकड़ने के लिए बकरियों को संवैधानिक अधिकार भी मिला तो क्या बाघ के सामने बकरी खड़ी भी हो सकती है। इसी प्रकार गाय का खोल बैल को पहना दिया जाए तो क्या बैल दूध देने लगेगा, बैल को कितना भी ट्रेनिंग दे दे घोड़े की तरह सवारी नहीं कर सकता है। स्थानांतरण कौन सी सजा है यह आम जनता को समझ से परे है। जनता यही जानती है कि किसी मशीन का कोई पूर्जा खराब हो गया या काम करने लायक नहीं है तो आप पाट पूर्जा दूसरे मशीन में भी काम नहीं करेगा तथा खराब पूर्जा दूसरे अच्छे मशीन को भी खराब कर देगा ।अपराधी चाहे कितना भी बहुत पहुंच पैरवी वाले क्यों न हो। स्वाभिमानी पुलिस अधिकारी अपराधियों पर वैसे आक्रमण करती है जैसे नेवला सांप पर कर देती है। जिस पुलिस अधिकारी का नहीं खानदानी इतिहास रहा हो और नहीं स्वाभिमानी हो तो तथा वैसे स्थिति में यदि किसी बड़े अधिकारी या मंत्री को गिरफ्तार करने हो तो वैसे पुलिस कर्मियों की स्थिति वैसी हो जाती है जैसे बिल्ली के सामने चूहे की हो जाती है। पुलिस ही ऐसा विभाग है जो किसी भी तरह के अपराध हो या भ्रष्टाचार को कानूनी रूप से सुधार सकता है या कार्रवाई भी कर सकता है। आंगनबाड़ी हो ,जन वितरण प्रणाली,विकास योजना में गवन घोटाला ,आदि में पुलिस प्राथमिक दर्ज कर गिरफ्तार कर सकती हैं परंतु अपवाद में ही मिलेगा। शायद बिहार के इतिहास में पहली घटना है की पटना जिला के फतुहा प्रखंड अंतर्गत सुडीहा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक अनुपस्थित रहने के बावजूद फर्जी हाजरी बना कर वेतन ले रहे थे,इस आरोप में शिक्षक शकल देव पांडे को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोई सामान्य व्यक्ति इस तरह का आरोप किसी थाना में ले जाए तो पता चलेगा की पुलिस द्वारा क्या जवाब मिलेगा।●

# जनता एवं कार्यकर्ता के सुख-दुख के साथी बने विधायक, सांसद और मंत्री

● डॉ० लक्ष्मीनारायण सिंह

भाजपा मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने भाजपा के विधायक, सांसद और मंत्री से कहा है कि कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिक के सुख-दुख के साथी बने। उन्होंने कहा है कि आगामी सभी चुनाव में विजय प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि सिर्फ चुनाव में कार्यकर्ताओं को संगठन का रीढ़ से संबोधित न करें बल्कि उनके सुख-दुख और दर्द में भी शामिल हो। अभी तक देखा गया है की चुनाव में गरज-गरज कर भाषण देंगे की कार्यकर्ता संगठन का रीढ़ होती है तथा चुनाव के बाद विधायक सांसद और मंत्री कार्यकर्ता का नहीं बल्कि बीडीओ, सीओ और कर्मचारी का भाग्य विधाता बन जाता हैं। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी ने गरीबों के लिए जिनके पास किसी तरह के जमा करने के लिए कोई सिक्योरिटी नहीं उनके लिए मुंद्रा योजना शुरुआत किया गया है। बताया जाता है कि शायद ही किसी कार्यकर्ता या आम नागरिक को इस योजना से लाभ मिला होगा। फतुहा , दनियावां में किसी को नहीं मिला है।डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने विधायक, सांसद और मंत्री से कहा है की वोट देने से पहले सभी कार्यकर्ताओं को क्षमता के अनुसार मुद्रा योजना का लाभ दिलवाएं तथा मोदी जी द्वारा जनहित में लगभग 300 योजनाएं चलाई जा रही है। इन योजनाओं का सूची एवं लाभार्थियों का सूची हर एक कार्यकर्ताओं को उपलब्ध कराएं। जिन कार्यकर्ताओं को मुंद्रा योजना द्वारा लाभ नहीं मिले वह कार्यकर्ता इन विधायकों ,सांसदों और मंत्रियों को नारा, माला से स्वागत करना बंद करना होगा।●

# होम्योपैथी में आत्महत्या रोकने की है दवा

● डॉ० लक्ष्मीनारायण सिंह

भाजपा कार्यालय मां तारा उत्सव पैलेस गोविंदपुर फतुहा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसका अध्यक्षता भाजपा नगर उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, संचालन शोभा पटेल, मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल, भाजपा जिला मंत्री शोभा देवी ,संचालन सीमा कुमारी। मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि आत्महत्या जैसे विचारों मन में उठना या दूसरों की हत्याएं कर देना आदि ऐसे विचारों का प्रवृत्ति पैदा होना भी रोग के कि श्रेणी में आता है। इस प्रवृत्ति को दूर करने व मानस बदल डालने की दृष्टि से होम्योपैथिक बहुत कामयाब रही है ।यहां इस दृष्टि से कुछ दवाओं संकेत किया जा रहा है।

रोजी आत्महत्या करना चाहता है पर मरने से डर लगता है।इस दवा के निर्वाचन के लिए हमें रोगी की अन्य बातों पर भी ध्यान डालने की जरूरत है।

**दवा का नाम एवं लक्षण :-**

☞ आरम मेट 1 एम :- ऐसे लक्षणों में दी जा सकती है। इस दवा में मानसिक अवसाद अधिक दिखाई देता है इसके रोगी में आत्महत्या कर लेने की प्रबल इच्छा हो जाती है। वह अपने जीवन में निराश होकर ऐसा सोंचा करता है कि इस प्रकार के जीने से तो मर जाना ही अच्छा है ऐसे व्यक्ति जरा सी सुविधा मिलने पर ही आत्महत्या कर लेते हैं। इस दवा का इस्तेमाल करने से धीरे-धीरे आत्महत्या का इच्छा समाप्त हो जाती है।

☞ नाजा 200 :- इसका रोगी भी आत्महत्या करना चाहता है पर मरने से डरता भी है। इस दवा के निर्वाचन के लिए हमें रोगी की अन्य बातों पर भी ध्यान रखने की जरूरत है। इसके रोगी के रोगों का आक्रमण प्राय बांय और अधिक होता है और इसका मुख्य केंद्र हृदय होता है।

☞ अर्जेंटम नाइट्रिकम 200 :- इसका रोगी ग्राम प्रवृत्ति का होता है इसका रोगी अपने जीवन से निराश होकर आत्महत्या करने का विचार करता है। इसका रोगी का मन किसी काम में नहीं लगता है।

☞ प्लैटिना 200 :- इसका रोगी हमेशा दूसरों की हत्या करने की योजना बनाते हैं और अन्य व्यक्तियों से अपने को सदा बहुत श्रेष्ठ समझता है। अपनी बड़ाई आप करता रहता है, दूसरों से



घृणा करता है घ्इसके रोगी को घ भूत प्रेत से भी बहुत डर लगता है ।कभी-कभी इतना उदास हो जाता है की मृत्यु को अपने समीप आते देखने लगता है।

☞ आयोडम 1 एम। यह भी गरम प्रवृत्ति के लोगों की दवा हैघ् इसके रोगी में भी आत्महत्या की प्रवृत्ति पाई जाती है ,महत्वपूर्ण लक्षण ही है। रोगी को भूख बहुत लगती है।

☞ एल्युमिना 200। इसका रोगी जब भी खून देखता है तो उसके मन में अपनी आत्महत्या कर डालने का भाव पैदा हो जाता है।

☞ एक्टिवा रेसिमोसा 200 :- इस के रोगी भी आत्महत्या की प्रबलता ज्यादा रहती है, पर ध्यान देने की जरूरत है की इसका दवा महिलाओं के लिए ज्यादा लाभदायक है। इसके रोगी ने हिस्टीरिया ग्रस्त होती है। उसका मासिक धर्म अनियमित हो होती है।

☞ नेट्रम सल्फ 200/1000 :- रोगी अपने जीवन से बहुत उदास रहता है और अपने को गोली से मार डालने की भी प्रबल इच्छा उसके मन में उठती रहती है। इसे रोक पाना बड़ी मुश्किल होती है।

☞ एंटिम क्रूड 200 :- इस रोगी में भी अपने को गोली मार देने की इच्छा पैदा होती रहती है सर्दी बहुत लगती है और बहुत ज्यादा उदास और रोते रहना और निराशा के कारण डूब कर मर जाना चाहती है। मुंह भारी किए पड़े रहना तथा बोलना नहीं चाहते।

☞ पल्सेटिला 1000 :- इसका रोगी आत्महत्या करना चाहता है पर मरने से डरता है। भूत-प्रेत से डरता है। रोग मोटी व मांसल होती है, बात-बात में रोने लग जाता है, बिना रोए अपने उपसर्ग नहीं बता पाती है।

कोई भी दवा चिकित्सा के सलाह से इस्तेमाल करें। इस अवसर पर सुनील कुमार सिंह, अनील कुमार,पूनम पटेल कुसुम पटेल, आरती पटेल, निशांत पटेल,रेखा शर्मा, सीमा कुमारी,पूजा कुमारी , ममता पटेल,अनामिका पटेल, अनामिका पांडे, डॉ मनीषा कुमारी। अंकुश कुमार,अनीष कुमार, बबलू शाह, सत्येंद्र पासवान आदि मौजूद थे।●

# राष्ट्रव्यापी हिंदू संगठन बना संघ, 34 प्रांत में चल रही है

● डॉ० लक्ष्मीनारायण सिंह

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने बताया कि भारत के प्रमुख हिंदू संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की अमेरिकी संगठन ने सदस्यों और शाखाओं की संख्या में तेजी से विस्तार किया है। जिससे इसके सदस्यों शाखाओं की संख्या तीन गुना से अधिक हो गई है। अब भारत से बाहर अमेरिका में इसकी सबसे ज्यादा शाखाएं हैं। एच एच एस अमेरिका में सबसे बड़ा हिंदूवादी संगठन बन गया है। अमेरिका के 50 प्रांतो में से इसकी 34 प्रांतों में शाखाएं हैं और देश भर में 160 शहरों में 260 साप्ताहिक शाखाएं लगती है ,इसके 3000 से अधिक सदस्य है जो 2010 के बाद से 3 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। 2022 तक शाखों के नियमित उपस्थिति 10000 से 12000 के बीच है लेकिन अगर एच एच एस कार्यक्रम कभी-कभी उपस्थित या भागीदारी को गीने तो समर्थकों की संख्या 5 लाख से अधिक हो जाती है ।जबकि अमेरिका में भारतवंशी व्यक्तियों की संख्या करीब 40 लाख है और इसके सहयोगी समूह वर्ल्ड हिंदू काउंसिल ऑफ अमेरिका, हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन हिंदू स्टूडेंट काउंसिल सक्रिय है जो कई अमेरिकी विश्वविद्यालय में सक्रिय है। 500 से अधिक विश्वविद्यालय, कॉलेजों और स्कूलों में इनकी यूनिट है जहां हिंदूओं और गैर हिंदूओं के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए स्कॉलरशिप कार्यक्रम चलता है। हिंदू नेता बिंदु पटेल ने कहा कि इस समाज को देने की भावना के साथ सेवा दिवाली भोजन वितरण जैसे अभियान समुदायों के बीच चलता है। यह भारत कार्यालय मां तारा उत्सव पैलेस गोविंदपुर फतुहा में किया गया। आयोजन का अध्यक्षता भाजपा नेत्री पूजा कुमारी, संचालन रेखा शर्मा मुख्य अतिथि डॉ० लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल, भाजपा जिला मंत्री शोभा देवी, भाजपा नगर उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, अनीता पाटनी, संचालन मनीषा कुमारी, अनामिका पांडे, अनिष कुमार, अंकुश कुमार,,शोभा कुमारी, पिंकी साहू, ममता पटेल आदि शामिल हुए। ●

# मुंहासे का होम्योपैथी में कारगर इलाज

● डॉ० लक्ष्मीनारायण सिंह



स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मां तारा उत्सव पैलेस गोविंदपुर फतुहा में किया गया, जिसका अध्यक्षता भाजपा जिला मंत्री शोभा देवी, मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सा डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल एवं भाजपा नगर मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा। संचालन भाजपा नेत्री डॉक्टर मनीषा कुमारी ने किया। मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा की युवा एवं युवतियों को मुहांसे आम बातें हो गई है। इस बीमारी ने सुंदर चेहरे को ही बदसूरत कर देती है। इसका कई कारण हो सकते हैं गलत खानपान, चिकने, मसालेदार, घी, तेल का अधिक प्रयोग, मानसिक तनाव, चिंता, अवसाद ,अनिद्रा ,कब्जियत, त्वचा का संक्रमण ,एलर्जी, प्रदूषण आदि हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुंहासे से ग्रसित चेहरे पर कोई भी तेल या चिकनाई युक्त क्रीम लगाने से परहेज करें, क्योंकि अक्सर तेल या क्रीम का प्रयोग मुंहासे के प्रकोप को और बढ़ा देता है खान-पान सादा रखते हुए प्रचुर मात्रा में जल का सेवन करें।

**लक्षणों के आधार पर होम्योपैथिक दवा :-**

☞ मुंहासे यदि मटर के दाने जैसे बड़े हो तथा संक्रमण के कारण उन में मवाद आ जाए तथा दर्द भी रहे तो दवा हीपर सल्फर 200 एक बूंद एक बार रोज लेना है।

☞ छोटे छोटे नुकीले दाने, जो छूने पर कड़े और हल्का दर्द भी रहे साथ में पेट की गड़बड़ी रहने पर दवा एन्टिम क्रूड 200 एक बूंद एक बार रोज।

☞ सुंदर लड़कियों को दिन खून की कमी तथा मासिक अनियमित दर्द युक्त रहे, चेहरे लाल छोटे-छोटे दाने रहे तो कैल्केरिया कार्ब 200 काफी लाभदायक है एक बूंद एक बार रोज।

☞ शर्मीले लड़के या लड़कियों के चेहरे पर मुंहासे , लड़कियों में महावारी देर से, कम मात्रा में तथा ज्यादा दर्द युक्त रहे तो दवा पल्सेटिला 30 एक बूंद तीन बार रोज।

☞ सभी तरह के दर्द करने वाले मुंहासे और फुंसियों में प्रयोग करने से तुरंत लाभ देती है दवा युजेनिया जैमबस 30 एक बूंद तीन बार रोज।

☞ बालिकाओं के मुंहासे में कैल्केरिया फास 200 एक बूंद एक बार रोज,बालको होने वाले मुहासे में कैलकेरिया पिक्रेटा 30 एक बूंद तीन बार रोज।7- लड़कियों के मुंहासे में कैलकेरिया कार्ब 200, पिक्रिक एसिड 30, बोविस्टा 30 कुछ दिनों तक लगातार प्रयोग करने से ठीक हो जाता है।

☞ मुहासे चेहरे पर ही नहीं कभी-कभी बाहों, सीने व पीठ पर भी हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में थूजा सी एम एक बूंद महिना में एक बार लेना चाहिए।

☞ मस्से की तरह समूचे शरीर में लाल थक्के-थक्के भर जाना दवा - नेट्रम सल्फ 200 एक बूंद एक बार रोज

☞ बालों में बड़े-बड़े मस्से होने पर कास्टिम 30 एक बूंद तीन बार रोज।

☞ गहरे रंग के काल मस्से जिन पर से छिलके की तरह उतरते हैं, चेहरे पर हैं कैंसर बनने की संभावना तब हेक्ला लावा 30 एक बार रोज दे। कोई भी दवा चिकित्सक के सलाह से ही इस्तेमाल करें।इस अवसर पर अनीता पाटनी, रेखा शर्मा,पूजा कुमारी, शोभा कुमारी, अनामिका पांडे, संजू देवी, ममता पटेल अंकुश कुमार, अनीश कुमार, जितेंद्र मिस्त्री आदि शामिल हुए। ●

# तीसी है कैंसर प्रतिरोध, तीसी तेल बाजार से गायब

● डॉ० लक्ष्मीनारायण सिंह

भाजपा कार्यालय मां तारा उत्सव पैलेस गोविंदपुर फतुहा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका अध्यक्षता भाजपा नगर उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि हमारे खान-पान की आदतों से ही हमारा स्वास्थ्य निर्धारित होता है। हमारे घर में और आसपास ही कई ऐसी खाने की चीज है जिनकी मदद से हम या तो रोगों को दूर कर सकते हैं या दूर रखने का प्रयास कर सकते हैं। जब रोग अपने चरम पर पहुंच जाता है तब तक किडनी में काफी हद तक डैमेज हो जाती है , किडनी ट्रांसप्लांट करने की नौबत आ सकती है जो काफी खर्चीला प्रक्रिया है। इसके लिए डोनर का मिलना काफी मुश्किल है।

तीसी में ओमेगा 3 फैटी एसिड पाया जाता है जो दिल दिमाग और तथा खून की नालियों को ताकत और जीवन देता है। तीसी



कैंसर प्रतिरोधक भी है। तीसी में प्रबल एंटीऑक्सीडेंट ,फाइटो केमिकल लिग्नस पाया जाता है जो ब्रेस्ट कैंसर के ट्यूमर की रोकथाम में लाभ होता है। यह बैक्टीरिया तथा फंगल इंफेक्शन से लोहा लेने में सक्षम है तीसी को कूट या पीसकर भी 35 ग्राम तीसी कूटकर 100 सीसी जल में उबालें फिर उसमें डेढ़ चम्मच शहद मिलाकर पिएं, यह स्वांस, दमा,खांसी में भी लाभ करता है। तीसी को घी तथा शहद साथ-साथ खाएं इससे कब्ज भी दूर होती है। शरीर शक्तिशाली बनता है। जल जाने पर तीसी का तेल चुने के साथ मिलाकर जले स्थान पर लगाएं। तीसी के प्रयोग से रक्त संचार तेज होता है। ब्रेस्ट कैंसर होने की संभावना काफी कम हो जाती है। सबसे गंभीर और चिंता देने की बातें हैं की इतना महत्वपूर्ण तीसी तेल बाजार से गायब है। अनीता पाटनी, भाजपा जिला मंत्री शोभा देवी, डॉक्टर मनीषा कुमारी, शोभा पटेल, अनामिका पांडे, रूबी देवी, पिंकी साहू,दिनेश कुमार, ममता पटेल आदि शामिल हुए। ●

# राष्ट्रभक्तों का कारखाना
# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

● प्रो० रामजीवन साह

सिंहावलोकन-राष्ट्रभक्ति एक जन्मजात गुण है। सुसंस्कार अगर नवजात को मिला, तो दशों दिशाओं में उसका यश फैल जाता है। इसके विपरीत अगर नवजात को कुसंस्कार मिला है, तो वह अपने परिवार का सर्वनाश कर ही देगा इसके अतिरिक्त वह अपने सामर्थ्य के अनुसार राष्ट्र को भी दिशाहीन कर सकता है।महाभारत इसका सटीक उदाहरण है।

भारत के 11वें महामहिम राष्ट्रपति मिसाइल मेन डा० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम ने अपने पुस्तक अग्नि की उड़ान में लिखे हैं कि ७ हर बच्चा एक विशेष आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक परिवेश में कुछ वंशागत गुणों के साथ जन्म लेता है, फिर संस्कारों के अनुरूप उसे ढाला जाता है। मुझे अपने पिताजी से विरासत के रूप में ईमानदारी और आत्मानुशासन मिला तथा मां से ईश्वर में विश्वास और करुणा का भाव। इसके साथ उन्होने यह भी कहा कि मैंने अपनी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की सारी जिंदगी में पिताजी की बातों का अनुसरण करने की कोशिश की है। मैंने उन बुनियादी सत्यों को समझने का भरसक प्रयास किया है, जिन्हें पिताजी ने मेरे सामने रखा और मुझे इस संतुष्टि का आभास हुआ कि ऐसी कोई दैवी शक्ति जरूर है, जो हमें भ्रम, दुखों, विषाद और असफलता से छुटकारा दिलाती है तथा सही रास्ता दिखाती है।

☞ **संघ की स्थापना**-महाराष्ट्र प्रांत के नागपुर में आश्विन माह के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 1946 तदनुसार एक अप्रैल 1889 को एक मनीषी का जन्म हुआ, जिनका नाम है प्रात: स्मरणीय परम पुज्य डॉ० केशव बलिराम हेडगेवार। उनमें बाल्यावस्था से ही राष्ट्रभक्ति कूटकूट कर भरी हुई थी।

1910 में नागपुर के नेशनल स्कूल से पढ़ाई समाप्ति के बाद वे मैडिकल की पढ़ाई के लिए पश्चिम बंगाल के कोलकाता महानगर चले गए। 1915 में वे मैडिकल की पढ़ाई समाप्ति के पश्चात नागपुर आ गये।उस समय भारत परतंत्र था। भारत वासी कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे थे, ये भी उस जंग में कूद पड़े। ये हर कार्य में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे, इसलिए अंग्रेजों ने इन्हें पकड़ कर एक वर्ष के लिए जेल भेज दिया। जेल में वे गंभीर चिंतन मंथन में लग गये। वे सोचते रहते थे कि जिस देश में वेद, पुराण, गीता, महाभारत और रामायण जैसे बड़े-बड़े उपदेशात्मक ग्रंथ हों ,फिर भी देश परतंत्र क्यों हुआ। अंत में वे इस निष्कर्ष पर आये कि भारतवासी उन ग्रंथों को पढ़ते हैं, परन्तु उसके अनुसार अपना आचरण नहीं रखते हैं। यही परतंत्रता का मूल कारण है। इसके निदान के



लिए वे इस निष्कर्ष पर आए कि सनातनियों को संगठित करना परम आवश्यक है,क्योंकि समाज किसी भी राष्ट्र की प्रगति का पृष्ठाधार होता है। राष्ट्र की प्रगति का सम्पूर्ण प्रासाद उसकी सामाजिक आधारशिला पर ही अवलंबित रहता है। यदि किसी राष्ट्र या काल की सामाजिक स्थिति सुदृढ़, स्वस्थ एवं पुष्ट हुई ,तो उसकी प्रगति का प्रासाद चिरस्थायी होगा, इसके विपरीत यदि सामाजिक -दशा क्षीण, भ्रष्ट और दुर्बल हुई, तो उसकी उन्नति का सारा प्रासाद बालू की प्राचीर के सदृश होगा। फलस्वरूप आश्विन माह के परम पवित्र बिजयादशमी विक्रम संवत 1982 तदनुसार 27 सितम्बर 1925 को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई।

☞ **राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है क्या?**-जो समूह स्वयं की प्रेरणा से राष्ट्र की सेवा करे उसे स्वयंसेवक कहते हैं। राष्ट्र और देश में व्यापक अंतर है। देश की भौगोलिक सीमाएं हैं, परन्तु राष्ट्र की कोई भौगोलिक सीमा नहीं है। राष्ट्र की सेवा का भाव जाग्रति के लिए साधना करना पड़ता है। सर्वप्रथम स्वयंसेवक को प्रतिदिन एक खुले स्थान पर एक निश्चित समय पर एक घंटा उपस्थित होना पड़ता है। जिस स्थान पर प्रतिदिन इकट्ठा होते हैं, उस स्थल को शाखा कहा जाता है। एक घंटा को अनेक खंडों में बाँटा गया है। शाखा लगाना 05 मि०अनिर्वाय कार्यक्रम 11 मि० खेल 19 मि० वैकल्पिक कार्यक्रम 10 मि० बौद्धिक कार्यक्रम 10 मि० और प्रार्थना के पश्चात विकिर 05 मिनट। इस प्रकार एक घंटा में इतने तरह के कार्य करते हैं। इतना ही नहीं और अधिक परिपक्व बनाने के लिए तीन दिन का आवासीय नैपुण्य वर्ग होता है। सात दिन का प्राथमिक वर्ग होता है। बीस दिन का प्रथम वर्ष होता है। बीस दिन का द्वितीय वर्ष होता है और तीस दिन का तृतीय वर्ष होता है, जो नागपुर में होता है। सभी वर्ग आवासीय है। भोजन के लिए स्वयंसेवक को शुल्क देना पड़ता है और आनेजाने का भाड़ा भी स्वयं वहन करना पड़ता है।

☞ **संघ का लक्ष्य**-भारत को परम वैभव पर लाना, भारत को पुन:विश्वगुरु बनाना, वसूधैव कटुम्बकम का भाव जगाना, किर्णवन्तो विश्व आर्यम, हम सभी भारत माता के शंतान हैं, यह समझना, सर्वे भवन्तु सुखीन: सर्वे संतु निरामया सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित दु:ख भागभवेत और राष्ट्र की सुरक्षा।

☞ **आनुषांगिक संगठन**- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश की चहुंमुखी विकास और देश को शक्तिशाली बनाने के लिए अनेक आनुषंगिक संगठन बनाया है। वे हैं; विश्व हिन्दू परिषद, भारतीय जनता पार्टी, अधिवक्ता परिषद्, भारतीय मजदूर संघ, वनवासी कल्याण आश्रम, विद्या भारती, भारतीय किसान संघ, भारतीय रेल संघ, संस्कार भारती, अखिल भारतीय शिक्षक संघ, स्वदेशी जागरण मंच, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, वित्तीय सलाहकार समिति, भारत विकास परिषद्, सेवा भारती, सीमा सुरक्षा परिषद, राष्ट्र सेविका समिति, धर्म जागरण मंच, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, राष्ट्रीय सिक्ख संगत, राष्ट्रीय सेवा भारती, आरोग्य भारती, प्रज्ञा भारती, क्रीड़ा भारती, दधिचि देहदान समिति, मेडिकोज आर्गनाइजेशन, अखिल भारतीय

विद्यार्थी परिषद एवं और भी कुछ संगठन हैं।

पूरे देश में 55,000 से अधिक शाखाएँ हैं। संघ के शताब्दी वर्ष में एक लाख तक शाखा बढ़ाने की योजना है। अभी 39 देशों में शाखाएँ हैं। वहाँ हिन्दू स्वयंसेवक संघ के नाम से जाना जाता है।

☞ **गुरु**-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु परम पवित्र भग्वा ध्वज है। जो एक संघ की प्रार्थना कर लेते हैं, वे सदा के लिए स्वयंसेवक हो जाते हैं। भारत माता की जय।

भारत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इतने संगठनों का जन्म दिया है । आपको आश्चर्य और होगा, क्योंकि ये संगठन भी अपने कार्य विस्तार के लिए अपने नीचे संगठन बनाए हैं। जैसे विश्व हिंदू परिषद् के संगठन हैं बजरंग दल, दुर्गावाहिणि आदि-आदि। इसी तरह सभी संगठन के हैं। इसलिए ही कहा गया कि राष्ट्रभक्तों के कारखाना है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ। ●

# चित्रकारी, पेंटिंग, नृत्य, भाषण प्रतियोगिता के साथ मनायी गयी सावित्री बाई फुले की जयंती समारोह

● **मिथिलेश कुमार**

बाबू जगजीवन राम नेशनल फाउंडेशन के तत्वाधान में बिहार सेवा संस्थान परिसर स्थित सभागार में संस्थान के सहयोग से देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले का 194 वीं जयंती समारोह धूम धाम से मनाई गयी। समारोह का उद्घाटन नेहरू युवा केंद्र के निशा गुप्ता, निदेशक डॉ सौरभ सुमन, रामचंद्र कुमार सोनी,दयानन्द प्रसाद,वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिँह,मिथिलेश कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के संरक्षक उमेश सिँह ने किया। समारोह में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें निबंध लेखन, पेंटिंग, समूह डांस, स्पीच प्रतियोगिता में नगर के मिर्जापुर स्थित मॉडर्न रेसीडेंसियल पब्लिक स्कुल, गुरुकुल पब्लिक स्कुल गोनामा, चंद्रा ओपन माइंड पब्लिक् स्कुल, गार्डन पब्लिक स्कुल आदि के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों के बीच एकल गायन, पेंटिंग, समूह गायन, निबंध लेखन, लघु नाटक कराया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निबंध लेखन में जूनियर वर्ग में प्रथम प्रिंस कुमार, द्वितीय लवली कुमारी एवं तृतीय स्थान सूरज कुमार ग्रुप डांस में मॉडर्न रेसीडेंसियल के छात्रों ने प्रथम स्थान दूसरे स्थान पर चंद्रा ओपन माइंड एवं तृतीय स्थान गुरुकुल के छात्रों ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शुभम कुमार दूसरे स्थान आशुतोष कुमार दोनों मॉडर्न रेसीडेंसियल एवं तृतीय चंद्रा ओपन माइंड के बच्चों ने प्राप्त किया। चित्रकला में प्रथम स्थान नेहा कुमारी मॉडर्न रेसीडेंसियल दूसरे स्थान पर अंशिका सिँह चंद्रा ओपन तथा तीसरे स्थान पर गुरुकुल की छात्रा सिमरन कुमारी ने प्राप्त किया। शामिल प्रतिभागियों को तथागत बुद्ध की प्रतिभा एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन संस्थान के निदेशक डॉ सौरभ सुमन ने किया। समारोह में आये अतिथियों का स्वागत मॉडर्न रेसीडेंसियल पब्लिक् स्कुल की छात्राओं ने स्वागत गान से किया।इस अवसर पर कई स्थानीय पत्रकारों को अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सौरभ सुमन ने सावित्री बाई फुले के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की भारत की श्री मति सावित्री बाई फुले देश की प्रथम महिला शिक्षिका थी, जिनका जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था। इनके पति ज्योतिबा फुले महिलाओं की शिक्षित करने के उद्देश्य से महिला स्कूल का स्थापना किया था और उस विद्यालय की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले थी जिन्होंने भारतीय पिछड्ढ़ा दलित वंचित और उपेक्षित समाज की महिलाओं में शिक्षा अलख जगाने का काम किया था इसलिए इन्हें क्रांति ज्योति के नाम से सम्मानित किया गया था। ऐसी नारी सशक्तिकरण की दृष्टि से सावित्री बाई फुले का भारत नहीं विश्व के इतिहास में अनुपम स्थान है। महात्मा जोतीबा फुले की सहधर्मिनी और सहयोगिनी, त्याग, ज्ञान, कर्मठता, करुणा, ममता, समता की प्रतीक सावित्री बाई फुले का व्यक्तित्व हिमालय की तरह विशाल और सागर की तरह धीर-गंभीर है। उन्होंने तमाम कठिनाइयों, अड़चनों, विवादों और अंधविश्वासों का जबरदस्त विरोध झेलते हुए नारी शिक्षा की लौ जलाई। नारी स्मिता के लिए सामाजिक व धार्मिक जड़ता, शराबखोरी, अशिक्षा और अज्ञानता के खिलाफ संघर्ष करने वाली वह देश की पहली महिला शिक्षिका हैं। नारियों, वंचितों व उपेक्षितों के मुक्तिदायी संघर्ष का नेतृत्व करने वाली देश की पहली महिला सावित्री बाई का व्यक्तित्व सृजनात्मक था। इनके बाद ही आधुनिक भारतीय समाज में नारी के सार्वजनिक जीवन में सक्रिय होने की शुरूआत हुई और नारी दासता का अंत हुआ। वह नारी सशक्तिकरण की जीवंत मिशाल हैं, जो अपने सघ्द्धर्मों के बल पर युगों-युगों तक नारी जगत समेत सभी के लिए आदर्श बनी रहेंगी। विषम परिस्थितियों में जान हथेली पर लेकर उन्होंने शिक्षा की लौ जला कर सबके जीवन में ज्ञान का सवेरा ला दिया। दुर्भाग्यवश, इस युग प्रवर्तक महान नारी के युगांतकारी ज्ञानक्रांति कार्यों से आनेवाली पीढ़ी अवगत नहीं हो पायी, जबकि श्रद्धा की इस जीवंत प्रतीक के लोकोपकारी कार्यों की जानकारी सबको होनी चाहिए, ताकि भारतीय समाज उनके प्रेरणादायी व्यक्तित्व से अवगत हो सके। वे देश की धरोहर हैं और शिक्षा से वंचित रही आधी आबादी के लिए गौरवमयी प्रेरणास्रोत हैं। 'नारी सशक्तिकरण' उन्हीं की देन है। आज नारी शक्ति, जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय है। मौके पर जिला पार्षद विनीता मेहता,मॉडर्न रेसीडेंसियल पब्लिक स्कुल के निदेशक रामचंद्र कुमार सोनी, गुरुकुल पब्लिक स्कुल के उप प्राचार्य सौरभ कुमार,चंद्रा ओपन माइंड के जितेंद्र कुमार, अरूंजय मेहता, पायल वर्मा एवं जज की भूमिका में दयानन्द प्रसाद, पत्रकार सुधीर सिँह, रवि प्रकाश गुप्ता, अभिषेक कुमार मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के सचिव अभिषेक रंजन ने किया। ●






# साइबर अपराध को सौ गुना तक पहुंचाया डिजिटल क्रांति

● मिथिलेश कुमार

क्रांति वास्तव में किसी भी क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाती है। हम विकास के जितने मायने गढ़ने में लगे हुए है दूसरी तरफ विनाश भी साथ साथ पीठ पीछे चलती है। अगर हम क्रांति की बात करते हैं देश में आजादी की क्रांति से लेकर हरित क्रांति, औद्योगिक क्रांति के साथ साथ वर्तमान में डिजिटल क्रांति का भी दौर चल रहा है। आधुनिक युग में जैसे जैसे हम विकास की ओर बढ़ रहें हैं वैसे वैसे हमारे पीछे हमारे पीछे विनाशकारी शक्तिया भी बढ़ रही है। समस्याएं अनंत है कुछ समस्याओं की उपज का श्रेय सिर्फ मनुष्य का है जो भौतिक सुख सुविधाओं के वशीभुत अपनी समस्याओं को सुलझाने में लगा हुआ है, समस्याएं सुलझती भी है लेकिन उलझती भी ज्यादा है। अगर हम डिजिटल के क्षेत्र में अपराध की बात करें तो देश में साइबर अपराध एक बड़ी समस्या के रुप में उभरी है और इसका देन सिर्फ डिजिटल क्रांति है। साइबर अपराध में चेहरा पहचानो इनाम पाओ से शरू होने वाले अपराध अब महिलाओ को प्रेगनेट करने से लेकर डिजिटल अरेस्टिंग तक पहुंच गयी है। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड में साइबर अपराध चरम पर पहुंच गयी है। अपराधी इतने हाइटेक होते जा रहें हैं की पुलिस के दिमाग से भी तेज चलते हुए पुलिस को भी चकमा देने में माहिर हो गयी है। बिहार के नवादा जिला वर्तमान में साइबर अपराध के लिये बदनाम है। देश में साइबर क्राइम का मामला आता है, तो संबंधित राज्यों की पुलिस सीधा झारखंड के जामताड़ा पहुंचती है। देशभर में साइबर अपराधों के लिए फेमस जामताड़ा की राह पर अब बिहार के नवादा जिला के पकरीबरावां पुलिस अनुमंडल में साइबर बदमाशों की घटनाएं काफी बढ़ गई है। अनुमंडल के कई गांव ऐसे हैं, जहां के युवा साइबर अपराध से जुड़े हुए हैं। हाल के दिनों में कई राज्यों की पुलिस भी यहां पहुंच चुकी है, और साइबर ठग से जुड़े मास्टरमाइंड को भी पकड़ा है। पुलिसिया कार्रवाई के बाद भी ठग का धंधा नहीं कम रहा है। पुलिस डायरी में दर्ज साइबर अपराध के मामले साफ बता रही है, कि पकरीबरावां अनुमंडल में साइबर बदमाशों की तूती बोलती है। फरवरी से लेकर दिसबंर अबतक का दो सौ से ज्यादा साइबर ठग ठगी के आरोप में गिरफ्तार हो चुका है। ज्यादा तर मामले में दूसरे राज्यों से पुलिस पहुंचती है। साइबर बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली से लेकर हैदराबाद झारखंड और दूसरे राज्यों की पुलिस भी पहुंचती है। लगातार हो रही कार्रवाई के बाद भी यह धंधा बंद नहीं हो रहा है, और चरम पर पहुंच गया है। ऐसे में पुलिस के समक्ष भी साइबर बदमाशों से पार लगाना बड़ी चुनौती बन गई है।




**✯ ठग का मिस कॉल भी खाली कर रहा अकॉउंट :-** साइबर बदमाश इस कदर शातिर है कि एक हेलो कॉल से खाते का पूरा रकम उड़ा लेते हैं। इस धंधे में ज्यादातर पकरीबरावां, काशीचक व वारिसलीगंज थाना क्षेत्र गांव के लोग शामिल हैं। ऐसे पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के कई गांव में भी यह धंधा चल रहा है। इसके लिए सिरदर्द बना हुआ है। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के थालपोश,कोनन्दपुर, उसरी, हथियारी, बौढाना, पोकसी, केशौरी वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के सोरहीपुर, कंधा, भवानीबीघा, भेड़िया, फतहा, बलबापर, चकवाय, अपसढ़, बाघी, गोसपुर, धनबीघा, जलालपुर, आजमपुर, कोचगांव, पैंगरी, बरनावा, मुर्गियाचक, सौर, बेलदारिया, गोडापर, दरियापुर, शेखपुरवा, मकनपुर, चंडीपुर, मिरचक, मिर्ची बीघा, सिमरी, अपसढ़, कोचगांव, झोर गोपालपुर समेत थाना क्षेत्र के अधिकांश गांवों में गिरोह अपना पांव पसार चुका है। गिरोह में 12 वर्ष से लेकर 40 वर्ष के युवक, युवतियां इसे रोजगार के रूप में अपना कैरियर बना ठगी के नेटवर्क से जुड़ रहे है। इनको लेकर कई तरीके से प्रशिक्षण दिया जाता है। जनवरी माह में 15 जनवरी 2025 तक तक सैकड़ों साइबर अपराधी गिरफ्तार किये जा चुके है बाबजूद अपराध कम नहीं हो रहा है।

**✯ जनवरी माह में घटित घटनाओं की झलक साइबर पुलिस ने 11साइबर अपराधियों को**

**किया गिरफ्तार :**- नवादा जिले के साइबर थाना की पुलिस ने वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के फतहा गांव में छापेमारी कर 11 साइबर ठग को धर-दबोचा । गिरफ्तार जालसाजों द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों से सस्ते दर पर लोन आदि के नाम पर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे।



✯ **मिली बड़ी कामयाबी** :- बताया जाता है कि गिरफ्तार सभी साइबर ठग पिछले कई वर्षो से साइबर ठगी के धंधे में लिप्त थे। गिरफ्तार सभी साइबर ठग से साइबर थाना की पुलिस गहन पूछताछ में जुटी है। इनके पास से बरामद दस्तावेजों और मोबाइल की जांच की जा रही है। ठगी के इस धंधे में शामिल अपराधियों में सबसे अधिक संख्या बेरोजगार युवाओं की है, जो चंद दिनों में ही करोड़पति बनने का सपना पूरा करने के लिए साइबर अपराधियों के गिरोह में शामिल हो रहे है। जिले के पकरीबरावां अनुमंडल साइबर अपराध का गढ़ माना जाता है। अनुमंडल में वारिसलीगंज थाना क्षेत्र साइबर का हॉट स्पॉट बना हुआ है। वारिसलीगंज के दर्जनों गांव साइबर अपराधियों का पनाहगाह बने हुए हैं। फिलहाल साइबर थाना की पुलिस गिरफ्तार सभी साइबर ठग से पूछताछ में जुटी है। शातिरों से पूछताछ में गिरोह में शामिल अन्य के तार जुड़ते गए। पुलिस इनके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। गठित SIT टीम द्वारा प्रतिबिंब पोर्टल / साईबर क्राईम कर रहे नंबरों के तकनीकी साक्ष्य के आधार पर छापामारी फतहा, भेड़िया, भवानी विगहा थाना वारिसलीगंज में की गई। इस संबंध में साईबर थाना कांड संख्या-81/24, दिनांक-29.12.24, धारा-303 (2)/318(2)/318(4)/338/319(2)/336(2)/ 336(3)/340(2)/111/61(2) BNS- 66/66(8)/66(C)/66(D) IT Act दर्ज है। इसमें साईबर अपराध में संलिप्त ग्यारह अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त धनी फाइनांस, कोटक महिन्द्रा फाइनांस इत्यादि के नाम पर भोले-भाले लोगों को ठगते थे। यह लोग फेसबुक पर आधे घंटे में ऑनलाईन लोन देने के नाम पर ऐड लगाते हैं। जो लोग अप्लाई करते है उनका लीड प्रोसेसिंग डाउनलोड, GST, इंश्योरेंस इत्यादि के नाम पर ठगते थे। वरीय पुलिस उपाधीक्षक-सह-थानाध्यक्ष, साईबर थाना के नेतृत्व में गठित टीम ने 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जिसमें :-

☞ जितेन्द्र कुमार साव पिता बाढ़ो साव सा० फतहा, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

☞ पवन कुमार पिता वसंत यादव सा० फतहा, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

☞ मुन्द्रीका कुमार पिता सरयुग यादव सा०-फतहा, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

☞ लल्लु कुमार पिता सरयुग यादव सा०-फतहा, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

☞ दिपक कुमार पिता राजनीति सिंह सा०-फतहा, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

☞ पप्पु मिस्त्री पिता प्रकाश मिस्त्री सा० फतहा, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

☞ सुरज कुमार पिता पवन सिंह सा० फतहा, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

☞ नवलेश कुमार पे० श्याम सुन्दर यादव सा०-फतहा, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

☞ छोटु कुमार पिता प्रेमन चौधरी सा० भेडिया, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

☞ अजीत कुमार पिता मिन्ते चौधरी सा० भेडिया, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

☞ मुकेश कुमार पिता धर्मेन्द्र कुमार सा०-भवानी बिगहा, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

✯ **बरामद सामानों की विवरणी** :- मोबाईल-22, लैपटॉप-01, डाटा सीट-33 पेज का कॉपी-01

✯ **साइबर अपराध में लिप्त चार अपराध कर्मियों को पुलिस ने दबोचा** :- वारिसलीगंज साईबर अपराधकर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक  के निर्देश पर पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा, वारिसलीगंज थाना के द्वारा टीम का गठन किया गया, जिसमें वारिसलीगंज थाना के पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल तथा चौकीदार को शामिल किया गया। उक्त टीम के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम फतहा स्थित पैक्स गोदाम से 100 मीटर पूरब स्थित बगीचा में कार्रवाई करते हुये छापामारी की गई। छापामारी में कुल 05 साईबर अपराधियों को पकड़ा गया है। इनके पास से 04 एंड्रोएड मोबाईल, 02 कीपैड मोबाईल  को बरामद किया गया है। पकड़ाये अपराधियों से पूछताछ करने पर पता चला कि ये लोग लोन देने के नाम पर ग्राहकों को प्राप्त कस्टमर डाटा जिसमें ग्राहक का मोबाईल नंबर, नाम पता आदि के बारे जानकारी अंकित रहता है। उक्त कस्टमर डाटा में अंकित मोबाईल नंबर पर ये लोग संपर्क कर लोन देने के नाम पर ठगी का काम करते है। मौके पर से भागे अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतू लगातार छापामारी की जा रही है।





गिरफ्तार व्यक्तियों में रणवीर कुमार पिता कमलेश प्रसाद सा० मुरारपुर थाना शेखपुरा जिला शेखपुरा। गुलशन कुमार पे० पारसनाथ सिह सा० फतहा थाना वारिसलीगंज जिला नवादा। सुरज कुमार पे० कारू तांती उम्र करीब 18 वर्ष सा० मीर बिगहा थाना वारिसलीगंज जिला नवादा एवं 02 निरूद्ध किये गये विधि विरूद्ध बालक भी शामिल है।

**✯ तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार, कई अन्य भागने में सफल :–** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के विजय नगर पैन के समीप साइबर अपराध में लिप्त तीन अपराधियों को वारिसलीगंज पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। कई अन्य अपराधी भागने में सफल हो गए। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रुपेश कुमार सिन्हा ने बताया की गुप्त सुचना के आधार पर पुलिस की टीम ने छापेमारी कर तीन युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गए युवक से 4मोबाइल, पांच एटीम कार्ड, एवं दो सिम कार्ड बरामद किया गया तथा पीएनबी बैंक का ग्राहक डाटा एटीएस भी बरामद हुआ। गिरफ्तार किये गए युवकों में अनमोल कुमार पिता रंजीत सिंह नारोमुरार, विलोहित कुमार ग्राम रैकड, वारिसलीगंज एवं राजाराम कुमार पिता बिपीन सिंह वेलधा का बताया जाता है। अन्य आधा दर्जन भागने में सफल रहा पुलिस खोजबीन में लगी है।

**✯ नए हथकंडे में झांसे में लेकर ठगी करने वाले तीन साइबर गिरफ्तार :–** नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के कौहारा गावं के बधार से गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु साइबर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा अभियुक्त के गिरफ्तारी हेतु उक्त स्थान पर छापेमारी किया गया। तकनीकी मदद एवं ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर 03 अभियुक्त को घटनास्थल से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को थाना परिसर लाया गया एवं उससे सघन पूछताछ किया गया। उन्होंने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि ये सभी लोग मिलकर "All india pregnent job" (Baby birth service) एवं "Play boy service" के नाम पर भोले भाले लोगों से संपर्क करते हैं। जिन महिलाओं को बच्चे नहीं होते हैं उन्हें प्रलोभन देते है कि अगर महिला प्रेगनेंट हो गई तो 5 लाख रुपया एवं नहीं हुई तो 50,000 देने का झूठा वादा करते हैं। जब कोई महिला तैयार हो जाती तो रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 500 रु से लेकर 20,000 तक की राशि ठग लिया जाता था तलाशी के क्रम में इनके पास से 06 मोबाइल बरामद किया गया। बरामद मोबाइल फोन के गैलरी / व्हाट्सएप चौट / फोटो / ऑडियो / लेने देन का ट्रांजेक्शन पाया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध सुसंगत धाराओं अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।झ गिरफ्तार अभियुक्त में प्रिंस राज उर्फ पंकज कुमार, उम्र 20 वर्ष, पिता भागीरथ प्रसाद, ग्राम कहुआरा, थाना नारदीगंज, जिला नवादा। भोला कुमार उम्र 20 वर्ष पिता सुख सागर महंतों ग्राम कहुआरा थाना नारदीगंज जिला नवादा। राहुल कुमार उम्र 19 वर्ष पिता गिरधारी प्रसाद ग्राम कहुआरा थाना नारदीगंज जिला नवादा शामिल है। घटना में गिरफ्तार किये गए अपराधियों से पूछताछ जारी है।

**✯ झौर गावं से तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार, तेइस लाख से अधिक नकद के साथ कई मोबाइल एवं दस्तावेज बरामद :–** नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के झौर गावं से तीन साइबर अपराधी को मध्य प्रदेश की पुलिस ने वारिसलीगंज पुलिस के सहयोग से अड़तीस लाख नकद एवं कई मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली मंदसौर(मध्य प्रदेश) निवासी सूरज पिता योगेश




जी गुप्ता ग्राम – पुलिस लाईन के सामने महु नीमच रोड मंदसौर (मध्य प्रदेश) के द्वारा कोतवाली मंदसौर थाना में वादी सुरज के साथ जुडियो फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर कुल3867710/–रू अज्ञात व्यक्ति के द्वारा धोखाधड़ी करने का आरोप में कोतवाली मंदसौर थाना कांड सं०–589/24 दिनांक 22–12–2024 धारा 318(4) दर्ज कराया गया. उक्त कांड में कोतवाली थाना पुलिस पदाधिकारी दिनांक 06–01–2025 को वारिसलीगंज थाना आई और पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर वारिसलीगंज थाना के पुलिस पदाधिकारी सशस्र बल एवं चौकीदार को शामिल किया गया. उक्त टीम को मध्य प्रदेश के पुलिस के द्वारा बताये हुए जगह ग्राम झौर में छापेमारी की गई. छापेमारी करते हुए तीन साइबर अपराधियों को पकड़ा गया. पकड़ाये अपराधियों से 23,31,400/ रू नगद, एंड्रॉयड मोबाइल 10, एवं विभिन्न बैंक का ए टी म कार्ड 25 एवं विभिन्न बैंक का सिम 17 बरामद किया गया. पकड़ाये अपराधियों से पूछताछ करने पर पता चला की फेक ईमेल आईडी बनाकर फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर ग्राहकों को प्राप्त कस्टमर डाटा में ग्राहक का मोबाइल नंबर नाम पता ईमेल आदि के बारे मे जानकारी अंकित रहता है. उक्त डाटा से ही ये लोग ठगी का काम करते हैं १– सचिन रंजन उर्फ अमित33 वर्ष पिता मिथलेश कुमार ,२– अमिश कुमार 23 वर्ष पिता मिथलेश कुमार,३– नितिन कुमार 23 वर्ष पिता शिवनंदन प्रसाद सभी ग्राम झौर थाना वारिसलीगंज जिला नवादा का निवासी है। गिरफ्तार सभी अपराधियों को मध्य प्रदेश पुलिस अपने साथ ले गयी है।

**✯ साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, 8 गिरफ्तार :–** नवादा साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर से बड़ी कार्रवाई की है। एसपी को अभिनव धीमान द्वारा गठित एसआईटी ने आठ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई जिले के वारसलीगंज थाना क्षेत्र के अपसड़ गांव में कन्हैया ईट उद्योग के समीप हुई। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने कई ऐसे दस्तावेज बरामद किए जिसके सहारे ये अपराधी लोगों को चुना लगा रहे थे। पुलिस ने जांच के दौरान गिरफ्तार अपराधियों के मोबाइल की गैलरी एवं व्हाट्सएप से फ्लिपकार्ट बजाज फाइनेंस ,पर्सनल लोन, धनी इन्वेस्टमेंट ,पर्सनल लोन आदि का आई डी कार्ड बरामद किया है। इसके अलावा पुलिस ने कई लोगों से पैसे का लेनदेन से संबंधित दस्तावेज ,फर्जी लोन अप्रूवल लेटर, लोन डिटेल्स का स्क्रीनशॉट कई लोगों के आधार कार्ड एवं पैन कार्ड आदि बरामद किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों ने पुलिस को बताया कि उनके द्वारा फ्लिपकार्ट पर ऑनलाइन खरीदारी करने वाले लोगों को प्रोडक्ट की डिलीवरी में तकनीकी खराबी होने का हवाला देकर पैसे की ठगी किया जाता था। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के अपसड़ गांव के कारू कुमार, पैंगरी गांव के सुमित कुमार, अपसड़ गांव के विकास कुमार, अपसड़ है गांव के विनेश कुमार, काशिचक थाना क्षेत्र के बजरंग बीघा के विपिन कुमार,अकबरपुर थाना क्षेत्र के पैजुना गाव के राहुल कुमार ,शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र के मोहब्बतपुर गांव निवासी अंकित कुमार, गया जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र के विंदासपुर गांव निवासी पिंटू कुमार शामिल हैं। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से 6 मोबाइल,22 पेज का कस्टमर डेटा,एक कॉपी जिसपर लोगों के मोबाइल नंबर लिखा बरामद किया है।●




चोरडीहा गांव

# आजादी के सात दशक बाद भी बिजली, सड़क, पेयजल, राशन व दूरसंचार के लिए तरस रहे लोग

● **मिथिलेश कुमार**

एक तरफ जहाँ देश दुनियां के लोग डिजिटल दुनियां में प्रवेश कर रहें हैं वही देश के गावं आज भी साधन विहीन है। बिहार का नवादा जिला जो केंद्रीय आयोग द्वारा आकांक्षी जिला की श्रेणी में है, नवादा जिले के अधिकांश प्रखंड के सुदूरवर्ती गावं आज भी मुलभुत सुविधाओं के लिये तरस रहें हैं। खास कर रजौली अनुमंडल के दर्जनों गावं जो पहाड़ और जंगलों के बीच है वहाँ विकास की किरण नहीं पहुंची है। कागजों पर विकास की गंगा बह रही है लेकिन धरातल पर जो स्थिति है वह कुछ और वयां कर रही है।रजौली प्रखण्ड क्षेत्र के हरदिया ग्राम पंचायत स्थित फुलवरिया डैम के पार स्थित चोरडीहा, कोसदरीया, नावाडीह, झारही, डेलवा, पिपरा, पिछली जमुनदाहा, परतौनिया व चरघरवा गांवों में सैकड़ों घर हैं और वहां हजारों की संख्या में आबादी है।उसके बावजूद यहा बिजली, सड़क, सिंचाई, पेयजल, राशन एवं दूरसंचार आदि आधारभूत सुविधा नदारद है।आज के तकनीकी युग मे गांवों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है,कि इस गांव में वर्षो से कोई विकास कार्य नहीं हुआ है।दरअसल ये गांव प्रखण्ड मुख्यालय से 15 से 20 किलोमीटर दूरी पर जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में बसा हुआ है। सुदुरवर्ती गांवों में संचालित सरकारी योजनाओं का हाल–चाल जानने के लिए पदाधिकारियों का आवागमन कम होता है। जिससे विकास की रफ्तार काफी धीमी पड़ी हुई है।

☞ **सोलर पैनल के खराब होने से 6 महीनों से छाया है अंधेरा :-** हरदिया पंचायत के उक्त गांव बिहार–झारखण्ड के सीमावर्ती है,जहां बिहार सरकार द्वारा बिजली नहीं पहुंचाया गया एवं झारखण्ड सरकार द्वारा बिजली नहीं दिया जाता है।ग्रामीण आपस मे चंदा करके कुछ पैसे झारखण्ड के बिजली कर्मियों को देते हैं,तो वे उन्हें बिजली का उपभोग करने की अनुमति देते हैं,किन्तु पैसे नहीं दिए जाने पर बिजली काट दी जाती है। वहीं उक्त गांवों में एयरटेल के एक भी टावर नहीं है,जिसके कारण लोगों को बातचीत करने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सरकार द्वारा जारी आवश्यक टोल फ्री नम्बर पर सम्पर्क भी स्थापित नहीं हो पाता है। गांव में बिजली, सड़क, पेयजल, सिंचाई, मोबाइल टावर आदि की सख्त आवश्यकता है। वहीं शिक्षा व स्वास्थ्य की स्थिति भी काफी दयनीय है। इन आधारभूत सुविधाओं के बिना ग्रामीणों का विकास होना असंभव सा प्रतीत होता है। ग्रामीण चोरडीहा गांव निवासी रेशमी देवी ने बताई बीते 5–6 माह से गांव में बिहार सरकार द्वारा लगाया गया सोलर पैनल खराब है,जिसके कारण बिजली बाधित है। गांव में दिन में तो अच्छा लगता है,किन्तु शाम होते ही पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है।इस कारणवश गांव की अधिकांश औरतें रात का खाना दोपहर को ही बना लेती हैं। ग्रामीण चोरडीहा गांव निवासी संजू देवी ने बताई कि सोलर पैनल के खराब होने की शिकायत किये जाने के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। गांव के लोग चाइनीज इमरजेंसी छोटी लाइटों का उपयोग कर किसी तरह जीवन व्यतीत



खराब पड़ा सोलर पैनल



संजू देवी

कर रहे हैं। उन्हें विश्वास है कि जिलाधिकारी उनकी बातों को समझकर नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक कदम जरूर उठाएंगे।

☞ **मंत्री और जिलाधिकारी द्वारा सर्वे के बाद भी सुविधा नदारद :-** ग्रामीण रामबालक प्रसाद,उपेन्द्र कुमार सिंह,मुनान सिंह,अखिलेश कुमार,अशोक कुमार सिंह आदि ने बताई कि आजादी के 75 वर्षों से भी अधिक समय बीत चुका है। किंतु उन्हें अबतक बिजली, सड़क, पेयजल आदि जरूरी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों के पास सिंचाई के साधन हैं,किन्तु सरकार द्वारा चलाई गई कई योजना अधूरा पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि बीते 15 नवंबर 22 को ग्रामीणों ने बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री को लिखित आवेदन देकर सुविधा बहाल करने की गुहार लगाई थी। जिसके आलोक में 17 नवंबर को जिलाधिकारी नवादा के निर्देश पर प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों की टोली मुखिया समेत गांव आकर सर्वे किये, जिसका कोई परिणाम उभरकर सामने नहीं आया और मामला ठंडे बस्ते में चला गया।एक बार पुन: ग्रामीणों ने गांवों में बिजली पहुंचाने, पीडीएस की दुकान,चोरडीहा से डेलवा तक 5 किमी पक्की सड़क, चोरडीहा से नावाडीह व झरही तक पक्की सड़क,गांवों में सिंचाई की व्यवस्था, रजौली से पिछली जमुनदाहा तक पक्की सड़क,एक एयरटेल टावर की व्यवस्था समेत अन्य जरूरी मुद्दा है।

☞ **मांग नहीं पूरा होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं वोट का बहिष्कार करेंगे ग्रामीण :-** आधारभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों ने बीते 27 दिसम्बर को नवादा समाहरणालय में लगे जनता दरबार में जिलाधिकारी नवादा को लिखित



रेशमी देवी

आवेदन देकर बताया कि उनकी मांगें बीते वर्ष 2022 से लंबित है।यदि वर्ष 2025 के जनवरी माह में विकास कार्य शुरू नहीं किया गया,तो वे अनुमण्डल कार्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर करेंगे। साथ ही आगामी बिहार विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे एवं उक्त गांवों में रहे तीनों मतदान केन्द्रों पर एक भी वोटर वोट नहीं डालेंगे।●

# गरीब बच्चों की शिक्षा को लेकर किया गया आन्दोलन

● **अमित कुमार सिंह/अनिता सिंह**

प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन नवादा आंदोलनरत्त है। आंदोलन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम में गरीब बच्चों की पढ़ाई का मामला है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2011 में केंद्र सरकार ने लाई, बिहार सरकार ने इसे अपनायी, साथ ही साथ सभी प्राइवेट स्कूलों ने भी इसे सहर्ष अपनाया। इस अधिनियम में व्यवस्था है कि प्रत्येक प्राइवेट स्कूल के प्रथम वर्ग में 25% स्थान पर गरीबों के बच्चों के लिए सुरक्षित है। यह बच्चे लगातार अष्टम वर्ग तक निहशुल्क पढ़ेंगे कोई भी प्राइवेट स्कूल इन स्थानों पर नामांकित बच्चों से कोई शुल्क नहीं लेंगे। इनके शुल्क के बदले बिहार सरकार प्रतिपूर्ति राशि के रूप में भुगतान करेगी। यह प्रतिपूर्ति राशि 2011 में प्रति बच्चा लगभग 8000 वार्षिक तय हुआ था जो कि अब लगभग 12000 हो चुके है। नवादा जिले में 2015-16 2016-17 सत्र में बच्चों का प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान भी हुआ। 2017-18 तथा 2018-19 में मात्र वर्ग प्रथम वर्ग का भुगतान हुआ जबकि शेष वर्गों का भुगतान बकाया है। तब से अब तक कुल 8 साल की प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान होना बाकी है।इस बकाया के चलते सभी प्राइवेट स्कूल काफी कमजोर हो चुके हैं। इसके लिए प्राइवेट स्कूल के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी नवादा को कई बार लिखा, जिलाधिकारी नवादा को कई



बार लिखा, यहां तक की शिक्षा सचिव बिहार सरकार, मुख्य सचिव बिहार सरकार, प्रधान सचिव बिहार सरकार, शिक्षा मंत्री बिहार सरकार, मुख्यमंत्री बिहार सरकार को भी लिखा। ठीक कोरोना काल में 8 अगस्त 2022 को मुख्यमंत्री के जनता दरबार में भी गए, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इतना होने के बाद नवादा जिला प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन आंदोलित है ।जिसकी पहली कड़ी में 16 दिसंबर 24 को काला बिल्ला लगाकर सभी स्कूल संचालक एवं कर्मचारियों ने काम किया और सरकार का विरोध किया। दूसरी कड़ी में 23 दिसंबर 24 को करीब 500 स्कूल संचालकों ने नवादा के प्रमुख सड़कों पर कैंडल मार्च किया और सरकार के विरोध में नारे लगाए। अब आंदोलन की तीसरी कड़ी में 8 जनवरी 25 दिन बुधवार को पुरा नवादा जिला के प्राइवेट स्कूल प्रात: 10:00 बजे से 3:00 बजे अपराह्न तक एक दिवसीय धरने पर बैठने जा रहे हैं। जब तक प्राइवेट स्कूलों को प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं हो जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा इस धारणा के बाद भी यदि सरकार नहीं सुनती है प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं करती है तो जेल भरो अभियान और आमरण अनशन भी किया जाएगा इस तरह प्राइवेट स्कूल सदैव आंदोलित रहेगा। यहां सबसे बड़ा दोषी जिला शिक्षा कार्यालय है यहां से मांगपत्र सरकार को भेजता ही नहीं है। सरकार यहां प्रतिपूर्ति राशि भेजेगी कैसे?आज प्रेस वार्ता में प्रोफेसर बिजय कुमार धर्मेंद्र प्रसाद सिंह श्रीनिवास मनोज कुमार मिश्रा आदि उपस्थित थे।●



# जाति व्यवस्था, दलित शोषित वंचितों के खिलाफ खड़ी रही सावित्रीबाई फुले : प्राचार्य डॉ. विनोद

● **अमित कुमार सिंह/अनिता सिंह**

राजेन्द्र मेमोरियल महाविद्यालय में माता सावित्रीबाई फुले की जयंती मनायी गयी, इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 विनोद कुमार ने सावित्रीबाई फुले के व्यक्तिव एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय के पुस्तकालय क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले में उनकी एक बड़े छायाचित्र का अनावरण किया, कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम प्राचार्य कक्षा में सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया, महाविद्यालय के सुजाता सभागार में पुष्पांजली अर्पित कर महाविद्यालय की छात्राओं सुहानी, सरगीत, निक्की, रीमा अआदि ने सावित्रीबाई फुले के जीवन से संबंधित अपने विचार रखें, इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि अस्पृश्यता और भी भेदभाव के उन्मूलन की दिशा में सावित्रीबाई ने काम किया, महिला शिक्षा की वकालत जाति व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई इन्होने लड़ी, बुढ़वा विधवा, पुनर्विवाह का समर्थन तथा बाल विवाह का विरोध इन सारी बातों का चर्चा किया गया। आज ज्योतिबाई फूले न होते तो आज आपलोगो के लिए अलग महिला कॉलेज उन्ही का देन है। समाज की प्रचलित बुराइया भी महिला को दोयम दर्जा दी जाती थी। इन्होने महिला की आवाज को सतत आवाज उठाई। उस समय माता ज्योतिबाई फूले के योगदान को याद करता हूँ। उनकी अद्वितीय कार्य के लिए हम श्रद्धा सुमने अपित करते है। इतिहास ने उनके साथ अच्छा नही किया। इतिहास ने उनकी कृति को दबाया। इतिहास उनके साथ न्याय नही किया जिसका वह हकदार थी। इनकी योगदान को याद करते है। इनका जन्म 1831 को हुआ था। बचपन से पढ़ने की इच्छा थी ये अंग्रेजी के पुस्तक को पलट रही थी। उसके पिता ने उस पुस्तक को फाड़ दिया। तुमको पढ़ने का अधिकार नही है। उसके पिता की वेवसी थी उस समय का चित्रण है। सर्वनाक इतिहास का काला अध्याय है। जातिप्रथा ने समाज के बड़े हिस्से को शैक्षणिक रूप और आर्थिक रूप से प्रकृति से वंचित रखा इसका शिकार हमारा देश हजारो साल से होता आ रहा है। समाज के मुख्यधारा से जुड़ने से रोक के रखा प्रतिवंद्धित कर दिया गया मनुस्मृति मे अगर कोई शुद्ध वेद सुनले तो कान मे बोल दे तो मुह मे सीसा पिघलाकर डाल दिया जाता था। आपलोग समझ सकते है कि उस समय के लोग कितना प्रताड़ना झेलते थे। उस सच्चाई को हुआ करते है।




इनकी शादी 9 वर्ष मे हो गई थी। इसका मतलब है कि उस समय बाल-विवाह होती थी। ये भाग्यशाली थी कि इनको पति अच्छा मिले। इन्होने अपनी पति से पढ़ने की इच्छा जताई तो उस समय घर मे पढ़ने की चलन नही थी तो खेत में काम करते थे और खेत मे ही पढ़ाई शुरू कर दिये। इनके लिख खाना लेकर जाती थी लेकिन ये बात गॉव में ज्यादा दिनो तक छिप नही पाई कम आयु से ही पति पत्नी को घर से बाहर निकाल दिया। कसुर क्या था पढ़ना आप कल्पना किजिए उसे समय के मंजर (दृश्य) को याद कीजिए तो रोह काप उठेगा। आज आप बहुत भाग्यशाली है कि आपलोग को छात्रवृति सरकार देती है। उस जमाने मे पढ़ने पर घर से निकाल दिया गया। उनको भी समाज का डर था। अगर नही घर से निकालते तो उनके पति को हिंसा कर हत्या हो सकती थी। हमारे समाज में कुरता भी थी। पहला शती प्रथा, सच्चाई थी हिन्दु से मुस्लिम, किस्चन बनना आसान है अगर आप उदार बनते है तो अपनाने इनकी कटटरता को दर्शाना। इनको जब घर से निकाला गया तो इनके पति के दोस्त उस्मान सेख बहन फातिमा का सहारा मिला उन्होने पनाह दिया उनकी अच्छी सहेली थी दोनो ने मिलकर मिसिनरी स्कूल मे पढ़ाई की और अच्छे अंक लाकर पास किया। बाबा साहेब अम्बेदकर भी सैनिक स्कूल मे पढ़ाई की आप अंग्रेजी शासन को लाख गाली दे कुछ काम अंग्रेजो ने अच्छा किया। अगर बिट्रिश नही आते तो बड़ा परिवर्तन नही होता गोरे लोगो बहुत भारतीयो को प्रताड़ित करते थे। लेकिन कुछ गोरे लोगो ने अच्छे काम भी किये। कुछ लोग मानवीय मूल्य के भी थे। अमेरिका मे एक दास प्रथा के मुहिम से ज्योतिबाई फूल को प्रेरणा मिली। उसी समय



उन्होने ठाना की समाज मे अंतिम पायदान के दलित वंचित अछूत, कमजोर वो समाज के मुख्यधारा मे जोड़ने की क्यावाद शुरू की। शिक्षा का प्रचार करेगे 1948 मे एक स्कूल खोला शुरू मे 9 बच्चियाँ थी। वाद मे 18 स्कूल खोले छात्राओ की संख्या हजारो मे पहुँची ये उनके एवं उनके पति मे कल्याणकारी योजना का परिणाम है। गाँधी जी ऐनी बेसेन्ट भी बहुत अच्छे मित्र थे। जिन्होने भारत की आजादी मे कम योगदान नही किया। उन्होने अपना देश समझा। अंग्रेजो मे भी जो मानवीय मूल्य के थे। उनका हमे आदर सम्मान करना चाहिए। ये सही है कि पश्चिम ने हमे गुलाम किया लेकिन यही पश्चिम ने हमे आजादी भी दी। 1942 मे जो आजादी को अंग्रेजी 21 दिन मे दवा थी। हमे आजादी 1947 मे मिली अंग्रेज चाहत तो रह भी सकते थे। अमेरिका मे भी इब्राहम लिंकन ने गुलामी प्रथा का अन्त किया और बराक ओमा भी राष्ट्रपति बने। नक्सलवाद का अन्त हुआ। और बुद्धिजीवी वर्ग का जन्म हुआ। कुछ लोगो के लिए मुश्किल हुआ। अंग्रेजो से भारत मे दो ही गलतिया हुई पहली गलती उन्होने यहाँ के लोगो का शिक्षित किया। अगर शिक्षित नही करते मुस्लिम शासको की तरह तो अभी भी 100 साल अंग्रेज शासन करते है। दूसरा उन्होने सामाजिक और धार्मिक कार्यो मे हस्तक्षेप किया। अगर छोड़ देते तो आज देश की तस्वीर कुछ और होती है। हम गुलाब होने के पीछे सामाजिक दशा थी। लड़ने भिड़ने का काम 5 प्रतिशत लगभग लोग करते थे कोई राजा हो फर्क नही पड़ता लेकिन माता



सावित्री वाई फूले ने एक झंडा बुंदल किया। और ना सिर्फ पढ़ाई के लिए बल्कि कुरितियो के खिलाफ विधवायें तो सती हो जाती थी। उच्चे कोटी के लोग बाल मुड़वाकर उनका यौन शोषण भी करता था। किन्ही कारणो से गर्भवती हो जाती थी। तो उनका आत्म हत्या करना पड़ता था। उन्होने इस दर्द को समझा और समाज के भय से घर मे ही आश्रम खोला और डिलिवेरी गोद लिया आगे चलकर डॉ0 बना। करवाया सेवा करते उनको प्लंगे छुआ छुत की बिमारी होती वो मृत्यु हो जाती है कम आयु। अ0 जाति जनजाति मे शिक्षा का अलख जगाया। और अंतिम पायदान के लोगो के लिए शिक्षा का द्वीप जलाया। भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले समाज सुधारक थी, उन्होने अपने समय में महिलाओं को आगे बढ़कर शिक्षा के लिए प्रेरित किया, इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रो0 आरती रानी, डॉ0 प्रोफेसर कुमारी आशा, डॉ0 अनिल पटले, डॉ0 नंदिता, डॉ0 रितु कुमारी ने भी अपने विचार रखे, कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के कर्मचारी पीयूष कुमार, रवि शंकर, मुकेश कुमा, सोनू, अविनाश, धर्मपाल, अमित, कंचन, गुड़िया आदि ने अहम भूमिका निभाया, इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी छात्राएं उपस्थित रहे।●

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएँ।
-: निवेदक :-
विक्रम सिंह
अंचलाधिकारी, शेरघाटी, गया





गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएँ।
-: निवेदक :-
उदय कुमार यादव
पैक्स अध्यक्ष, साँवकला, आमस, गया



# धूमधाम से मनाया गया 35वाँ जिला स्थापना दिवस

● धर्मेन्द्र सिंह

जिला स्थापना दिवस समारोह 2025 के अवसर पर 14 जनवरी को जिला प्रशासन के सौजन्य से दो दिवसीय उत्सव का शुभारंभ आसमान में गुब्बारे उड़ाकर शुरू हुआ। वहीं अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। वहीं जिला स्थापना दिवस समारोह में दीप प्रज्वलन, राष्ट्रगान, बिहार गीत, जिलाधिकारी विशाल राज व जिला पुलिस कप्तान सागर कुमार, किशनगंज सांसद डा. जावेद आजाद, विधायक, नगर परिषद अध्यक्ष ने संबोधन कर जिलेवासियों को जिला स्थापना दिवस व मकर संक्रांति की बधाई व शुभकामनाएं दी। गौर करे कि कई उतार चढ़ाव को झेलते यह किशनगंज जिला 35 वें साल में प्रवेश कर गया। इन लंबे अंतरालों के बीच जिला को कई उपलब्धि भी मिली तो कुछ टीसें अब भी रह गई। विकास की ओर बढ़ रहे जिला के कदम उस वक्त रुक गए जब वर्ष 2017 के अगस्त माह में आई सैलाब ने सब कुछ तहस नहस कर दिया। उस भीषण त्रासदी को याद कर आज भी जिलेवासियों की रुहें कांप उठती है। 14 जनवरी 1990 में जिला बनने के बाद पहली बार 2017 में भीषण बाढ़ ने किशनगंज शहर को अपने आगोश में ले लिया था। हालांकि इन सब हालातों को झेलते हुए भी जिला ने तरक्की की कई गाथाएं



लिखी है। वहीं शिक्षा के पिछड़ेपन का कलंक मिटाते जहां उच्च शिक्षा के हब के रुब में विकसित हो रहा है। वहीं बिजली, स्वास्थ्य, रेल, परिवहन के क्षेत्र में भी काफी तरक्की हुई है। 2011 की जनगणना के अनुसार 64.24 फीसद साक्षरता दर वाला यह इलाका खासकर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई कहानियां गढ़ने को बेताब है। एमजीएम मेडिकल कॉलेज से शुरु हुआ सफर आगे निकलकर अब कई तकनीकि शिक्षा का गढ़ बनने की ओर अग्रसर है। माता गुजरी यूनिवर्सिटी, डा. कलाम कृषि कॉलेज, मत्स्य कॉलेज, सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज, जीएनएम व पारामेडिकल संस्थान, पोलिटेक्निक कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का सेंटर, इंसान डिग्री कॉलेज, मिल्लिया इंजीनियरिंग कॉलेज, जैसे कई निजी संस्थानों ने भी इस संभावना को बल दिया है। लड़कों के अलावा लड़कियों ने भी शिक्षा के क्षेत्र में नया मुकाम हासिल की है। यहां के ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियां मैट्रिक व इंटर में बेहतर प्रदर्शन कर सूबे में अपना लोहा मनवा चुकी है। हाल के वर्षों में आईएएस, आईपीएस के अलावा बीपीएससी में भी यहां के लड़कों व लड़कियों ने अपना परचम लहरा जिला को अग्रिम पंक्ति में ला खड़ा किया है। गौर करे की किशनगंज में जूट की सबसे अधिक खेती



# कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार पटना तथा जिला प्रशासन किशनगंज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम



किशनगंज कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार पटना और जिला प्रशासन किशनगंज के संयुक्त तत्वाधान में 35वें स्थापना दिवस, मकर संक्रांति महोत्सव 14 जनवरी और खगड़ा मेला महोत्सव 15 जनवरी 2025 के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्‍घाटन किशनगंज सांसद डा. मो. जावेद आजाद, किशनगंज विधायक मो. इजहारुल हसन, जिलाधिकारी विशाल राज, और पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला स्थापना दिवस के मौके पर जिले में लाभान्वित हो रहे लोगों की योजनाओं से सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और किशनगंज वासियों को अवगत कराया गया। इसके साथ ही किशनगंज के सांस्कृतिक, भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं को भी प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर सभी गणमान्य व्यक्तियों ने स्थापना दिवस, मकर संक्रांति महोत्सव और खगड़ा मेला महोत्सव के लिए शुभकामनाएं दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम का विशेष आकर्षण जिलें के स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां थीं, जिनमें उन्होंने अपनी कला और अभिनय के जरिए जिले की सांस्कृतिक धरोहर को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा गुब्बारा उड़ाकर जिला स्थापना दिवस को एक सुनहरे क्षण में बदल दिया। इसके बाद विभिन्न विभागों के स्टाल्स का अवलोकन भी किया गया, जिनमें विभिन्न सरकारी योजनाओं और उनके लाभों के बारे में जानकारी दी गई।




होने के बाद भी आज तक जूट मिल का नहीं खुलना जिलेवासियों को साल रहा है। जबकि तत्कालीन सांसद सह केंद्रीय मंत्री सैयद शहनवाज हुसैन ने वर्ष 2003 में चकला पंचायत में जूट मिल का शिलान्यास भी किया था। मुंह चिढ़ाता शिलापट्ट आज भी लोगों को टीस दे रहा है। अब तो जूट की खेती यहां खत्म होने के कगार पर है। इतने वर्षो बाद भी इस जिला को एक अनुमंडल वाला होना जिलेवासियों को पीड़ा दे रहा है। तत्कालीन सांसद मरहूम मो. तस्लीमुद्दीन के समय जिले में दो अनुमंडल और बनाने का मुहिम शुरु हुआ था। ठाकुरगंज व बहादुरगंज प्रखंड को अनुमंडल बनाने के लिए तत्कालीन सांसद मो. तस्लीमुद्दीन ने कदम भी बढ़ाए थे। लोगों ने इसके लिए आवाज भी उठाई थी। लेकिन आज तक दोनों प्रखंड अनुमंडल नहीं बन सका। बहरहाल जो भी हो जिला उतरोतर विकास की ओर बढ़ रहा है। 14 जनवरी 1990 को किशनगंज के जिला बनने से पहले आवागमन की सुविधा का हाल बेहाल था। जिले के सभी प्रखंड टेढ़ागाछ, बहादुरगंज, दिघलबैंक, पोठिया, ठाकुरगंज व किशनगंज प्रखंड के गांव से मुख्य सड़क तक पहुंचना काफी मुश्किल था। पुल-पुलिया के अभाव में गांव से मुख्य सड़क तक पहुंचने में लोगों को काफी असुविधा हो रही थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल डा. कलाम कृषि कॉलेज में सिर्फ कृषि की ही नहीं बल्कि मत्स्य की पढ़ाई भी शुरु हो चुकी है। इसी परिसर में पशुपालन की भी पढ़ाई शुरु हो गई है। साथ ही यहां कृषि व मत्स्य में पीजी एवं रिसर्च से संबंधित पढ़ाई भी शुरु होगी। यहां सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज भी खुल चुका है। पोलिटेक्निक कॉलेज में भी पढ़ाई चल रही है। सरकारी जीएनएम व पारामेडिकल संस्थान का भी भवन तैयार हो चुका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डा. कलाम कृषि कॉलेज के बेहतर साइट को देखते इसे टूरिस्ट स्पॉट के रुप में विकसित करने की इच्छा जताई थी। ऐसे में इसकी भी उम्मीदें है। जिले में

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुआ एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पीजी के साथ नर्सिंग, फार्मेसी सहित कई कोर्सों की भी पढ़ाई शुरु हो गई है। अब मेडिकल कॉलेज में विश्वविद्यालय भी खुल चुका है। माता गुजरी विश्वविद्यालय के अंतर्गत कई कोर्स चल रहे हैं। इस वर्ष बीएड, एलएलबी, मास कम्यूनिकेशन सहित कई नए कोर्स जुड़ने की संभावना है।

☞ **जिलाधिकारी ने किया आयुष्मान कार्ड का वितरण :-** किशनगंज जिले में 35वें जिला स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित 14 जनवरी को किया गया। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाए गए, जिनमें स्वास्थ्य विभाग का स्टाल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। जिलाधिकारी विशाल राज ने स्टालों का निरीक्षण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने अभिभाषण में कहा, "जिला स्थापना दिवस हमें हमारे विकास के सफर की याद दिलाता है। यह दिन हमें नए लक्ष्यों को निर्धारित करने और जनसेवा के प्रति समर्पण को बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है।" स्वास्थ्य विभाग के स्टाल पर कुल 75 लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान रक्तचाप, शुगर, और अन्य बीमारियों की जांच की गई। इसके साथ ही, 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किए गए। जिलाधिकारी ने स्वयं 70 वर्षीय बुजुर्ग को कार्ड वितरित कर उन्हें योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उप विकास आयुक्त स्पर्श गुप्ता ने भी आयुष्मान कार्ड वितरण में भाग लिया और सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के लाभों के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी विशाल राज ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए जागरूकता स्टाल की सराहना करते हुए कहा, "स्वास्थ्य जागरूकता ही स्वस्थ समाज की नींव है। यह स्टाल लोगों को अपनी सेहत के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।" उन्होंने उपस्थित लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और स्वास्थ्य संबंधी जानकारियों का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डा. मुनाजिम, एनसीडीओ डा. उर्मिला कुमारी, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. अनवर हुसैन, और अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। सिविल सर्जन डा. राजेश कुमार ने बताया कि जागरूकता स्टाल पर आम जनता का भी उत्साह देखने लायक था। स्वास्थ्य परीक्षण कराने आए लोग आयुष्मान भारत योजना की जानकारी पाकर बेहद खुश दिखे। एक स्थानीय निवासी ने कहा, "स्वास्थ्य विभाग के इस पहल से हमें स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक होने का मौका मिला है। आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाएं गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही हैं।" जिलाधिकारी ने अपने अभिभाषण में किशनगंज जिले के विकास में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, "स्वास्थ्य विभाग का यह प्रयास न केवल जिले के लोगों को स्वस्थ बनाएगा, बल्कि उन्हें एक बेहतर जीवन जीने की प्रेरणा भी देगा।" जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं का लाभ पहुंचाएं, ताकि समाज का हर वर्ग इनसे लाभान्वित हो सके।इस प्रकार, किशनगंज का 35वां जिला स्थापना दिवस लोगों को जागरूकता और विकास की नई दिशा में प्रेरित करने में सफल रहा। ●

# अल्पसंख्यक विकास रथ यात्रा के दूसरे चरण को लेकर समीक्षा बैठक

● **धर्मेंद्र सिंह**




शहर के इंसान स्कूल रोड स्थित जिला जदयू कार्यालय में 7 जनवरी को दूसरे चरण के अल्पसंख्यक विकास यात्रा के दौरान किशनगंज पहुंचे अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमलोगों ने क्षेत्र का दौड़ा किया है। हमें लोगों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिस तरह से अल्पसंख्यक समाज के लिए कार्य कर रहे है आप लोगों को भी सीएम के हाथों को मजबूत करना चाहिए। बिहार में अपराध पर अंकुश लगा है। वहीं संगठन प्रभारी मेजर इकबाल हैदर ने कहा कि हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यकों के लिए विकास के कई कार्य किए है। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारी को समझना चाहिए। मुख्यमंत्री के विकास कार्यों का आकलन करेंगे तब ये लगेगा की हमारे नेता अल्पसंख्यकों के हित में कार्य करते है। इस दौरान प्रशांत किशोर पर निशाना साधते हुए कहा कि उसकी तबीयत आज से नहीं बिगड़ी है। जब इंसान हैसियत से जादा इच्छा पाल लेता है तो तबीयत खराब होने लगती है। उनकी तबीयत इसलिए खराब हो गई है क्योंकि जरूरत से ज्यादा इच्छा पाल लिए है। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर राजनीतिज्ञ नौटंकी बाज है। पहले वह जीतने का ठेका लेते थे, रणनीतिकार बनते थे। लेकिन जब वह खुद मैदान में उतरे हैं और पार्टी बनाए है, तो अभी तक एक भी उम्मीदवार जीत नहीं पाया है। तेजस्वी यादव के दिए बयान महिलाओं को 2500 रुपया योजना के तहत दिया जाएगा। इस प्रश्न को पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव अभी सत्ता में भी नहीं आए हैं। सत्ता का ख्वाब ही देख रहे हैं, तब फिर उनके घोषणा का क्या मतलब है। जैसे उनके माता-पिता ने बिहार वासियों को ठगने का काम किया है, अब उनका बेटा भी ठगने लगे हैं। वहीं कोचाधामन के लोकप्रिय पूर्व विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष मुजाहिद आलम ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार किशनगंज जिले के साथ कोई भेदभाव नहीं करते हैं। 2005 से पहले 17 हाई स्कूल थे अब 140 से ज्यादा है। जिले में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय खुला। गौर करे कि प्रेसवार्ता में जदयू जिलाध्यक्ष मुजाहिद आलम, जदयू, वरीय जदयू नेता बुलंद अख्तर हाशमी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डा. आमिर मिनहाज, कमाल अंजुम, फिरोज आलम आदि मौजूद थे। ●

# नकली लॉटरी खरीद कर बर्बाद हो रहे गरीब

● धर्मेन्द्र सिंह



किशनगंज जिले के विभिन्न प्रखंडो में लाखों के नकली लॉटरी के टिकटों की बिक्री कर माफिया गरीबों को लूट रहे हैं। गरीब प्रलोभन में अपनी कमाई का एक बड़ा भाग लॉटरी टिकट खरीदने में लगा रहे हैं। परंतु टिकट नकली होने के कारण उन्हें कुछ भी हासिल नहीं होता है। नकली लॉटरी का खेल विगत कई महीनों से धड़ल्ले से हो रहा है। इस गोरखधंधे को एक संगठित गैंग हाई लेवल की सेटिंग गेटिंग से बखूबी अंजाम दे रहा है। नकली लॉटरी टिकट खरीद कर गरीब ठगे जा रहे हैं।वैसे तो राज्य में लॉटरी टिकट की बिक्री पर प्रतिबंध है। परंतु किशनगंज शहरी क्षेत्र सहित प्रखंड में रोजाना लाखों के नकली टिकटों की बिक्री होती है। यह गैंग नकली लॉटरी टिकट की छपाई करवा कर यहां पर धड़ल्ले से बिक्री करवा रहा है। यहां के विभिन्न चौक और चौराहों पर खुलेआम नकली लॉटरी टिकटों की बिक्री हो रही है। नकली लॉटरी का यह खेल पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक नकली लॉटरी टिकटों की छपाई समीवर्ती खोडीबाड़ी, सिलीगुड़ी के अलग अलग हिस्सों में होती है। बंगाल के इन शहरों से नकली टिकट छाप कर वहा से थोक के भाव टिकट ठाकुरगंज लाया जाता है। सड़क मार्ग पर होने वाली चेकिंग के डर से इन टिकटों की आवाजाही रेल मार्ग से होती है। इन लॉटरी टिकटों के खरीदार ज्यादातर गरीब मजदूर होते हैं जो प्रलोभन में आकर लॉटरी टिकट खरीदते हैं और ठगे जाते हैं। नकली लॉटरी के चक्कर में यहां के कई गरीब परिवार बर्बाद हो चुके हैं। इस गिरोह का नेटवर्क शहर सहित जिले के विभिन्न प्रखंडो में फैला हुआ है। बताया जाता है कि लॉटरी का खेल (ड्रा) कराया ही नहीं जाता है। गैंग के लोग सिर्फ अपने ही गैंग के किसी व्यक्ति के नाम अफवाह फैला देते हैं कि अमुक आदमी को आज 50 हजार की लॉटरी लगी है। इसी अफवाह के कारण गरीब नकली लॉटरी टिकट खरीद लेते हैं। गौर करे कि छप रही नकली टिकटों में पहला पुरस्कार एक लाख रूपया मिलता है, जबकि वास्तविक लॉटरी टिकट में पहला पुरस्कार एक करोड़ रूपया का होता है। वहीं लोगों को इनाम नागालेंड के रिजल्ट के अनुसार ही मिलता है भले ही नकली टिकट कहीं भी छपता हो लेकिन इनाम ये लोग मूल लॉटरी के रिजल्ट के अनुसार ही दिया जाता है। गौर करे कि बिहार में प्रतिबंध लॉटरी का धंधा जिले में परवान पर है। विभिन्न चौक-चौराहे पर लॉटरी के थोक विक्रेता इस कारोबार से मोटी कमाई कर रहे है। एसडीपीओ आवास से महज सौ मीटर की दूरी पर कैलटेक्स चौक, धरमगंज में सैकडों युवा इस धंधे से जुडे हुए है। इसके अलावे चूड़ीपट्टी, पश्चिमपाली, कसेरापट्टी, गुदरी बाजार, मोतीबाग एवं रामपुर, ठाकुरगंज, बहादुरगंज के विभिन्न चौक-चौराहे पर लॉटरी कारोबारियों का साम्राज्य है। बंगाल से लॉटरी का टिकट लाकर ये धंधेबाज, महिलाओं व दिव्यांगों के सहारे इस कारोबार को अंजाम दे रहे है। खासकर ऑटो चालक, टैक्सी चालक, ई-रिक्सा चालक एवं मध्यवर्गीय युवा ऐसे धंधेबाजों के निशाने पर रहते है। चालक दिन भर की गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा लॉटरी के टिकट खरीदने में खर्च कर देते है। एक बार जिसे इसकी आदत लग गई। फिर इस दल दल में वे फंसते चले जाते है। धंधेबाज भी अपने जाल मे फांसने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं। किसी को लॉटरी फंसने की बात को धंधेबाज पूरी तरह प्रचालित कर देते हैं जिससे लोगों की उम्मीदें मरती नहीं। गौर करे कि कुछ दिन पूर्व बंगाल के इंगलिश बाजार थाना की पुलिस एक मामले में जांच के लिए आरोपी की तलाश में किशनगंज पहुंची। बंगाल की पुलिस सदर थाना की पुलिस के साथ जांच के दौरान हलीम चौक पहुंची थी। हालांकि पुलिस को वहां विरोध का सामना करना पड़ा। जिस कारण पुलिस वहां से वापस लौट गई। बताया गया कि बंगाल पुलिस लॉटरी से जुड़े एक मामले की जांच को लेकर कार्रवाई के लिए किशनगंज पहुंची थी। बंगाल पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेने का प्रयास किया। परंतु भीड़ ने उसे भगा दिया था।वहीं बुधवार को दालकोला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो करोड रुपए मूल्य की नकली लॉटरी टिकट के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। किशनगंज में भी नकली टिकट का कारोबार धड़ल्ले से जारी है।●





# नियम के विरुद्ध संचालित ईंट भट्ठा की जांच करेगा कौन?

● **धर्मेन्द्र सिंह**

किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड क्षेत्र में अत्यधिक ईट भट्ठा हो गए हैं। क्षेत्र में संचालित कई ईट भट्ठा तो ऐसे भी है जो नियम के विरोध संचालित है जिनमें से कुछ ईट भट्ठा प्राकृतिक जल स्रोत के बेहद करीब संचालित है जिससे नहरे और बड़ी नहरे जो छोटी नदियों के नाम से भी प्रचलित है उन पर बुरा प्रभाव पर रहा है। अब प्राकृतिक जल स्रोतों में छोटे नहरे में नाम मात्र के लिए पानी देखने को मिल रहा है मामला यहीं नहीं रुका, क्षेत्र में बढ़ते ईट भट्ठा के कारण मिट्टी के आपूर्ति के लिए क्षेत्र से ही मिट्टी का उत्खनन कर ईट भट्ठा तक मंगवाया जाता है जिसके बाद ईट बनवाकर बेचा जाता है जिसके कारण नियम के विरुद्ध उत्खनन होता है और क्षेत्र धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है इसके साक्ष्य आज भी क्षेत्र में देखने को मिल रहे हैं। वक्त रहते अगर इन सब चीजों को नहीं रोका गया तो इसका भविष्य में दुष्प्रभाव भी देखने को मिलेगा।



वही चिमनी से निकलने वाले काले और जहरीले धुएं भी हवा को दूषित कर रहे हैं जिससे क्षेत्र में स्वांस संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है आखिर इन सब चीजों को लेकर कौन जांच करेगा? इसकी जिम्मेदारी कौन लेने को तैयार होगा? यह एक बड़ा सवाल है? बीते दिनों मिट्टी के अवैध उत्खनन के आरोप में तीन ट्रैक्टर को अंचल अधिकारी और थानाध्यक्ष द्वारा जप्त कर पौआखाली थाना में रखा गया है।

☞ **कोयला लदे छः ट्रक को किया गया जप्त :-** किशनगंज जिले के ठाकुरगंज क्षेत्र से जीएसटी विभाग और परिवहन विभाग ने छह कोयला ट्रक जब्त किए हैं। यह कार्रवाई 10 जनवरी को की गई थी। जब्त किए गए ट्रकों को कुर्लीकोर्ट थाना के हवाले कर दिया गया है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, ठाकुरगंज-बहादुरगंज रूट पर अवैध कोयला वाहनों का परिचालन खुलेआम जारी है। इस रूट पर विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए पूर्व में कई वाहनों को जब्त किया गया है। ईंट भट्ठा के सीजन में अवैध कोयले की तस्करी शुरू हो जाती है, जो फर्जी कागजात के आधार पर या बिना कागजात के ही कोयले को परिवहन करवाया




जाता है। सूत्रों के अनुसार, एंट्री माफिया के सहारे अवैध कोयला ट्रकों का परिवहन करवाया जा रहा है। वहीं 11 जनवरी को पौआखाली डे मार्केट रूट पर भी ओवरलोड खनिज लदे ट्रक का परिचालन देखने को मिला ओवरलोड वाहनों के परिचालन से सरकारी राजस्व को लाखों रुपए की क्षति हो रही है इस और खनन विभाग को ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि सरकारी राजस्व के क्षति को रोका जा सके। सूत्रों की माने तो 21 जनवरी को बिहार के मुखिया नीतीश कुमार किशनगंज आ रहे है। साहब के आने को लेकर कोयला गाड़ी का धर पकड़ चल रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 21 जनवरी के बाद कोयला लोड वाहन का परिचालन और तेजी से होगा। ●



# किशनगंज के भाजपा जिलाध्यक्ष बने गोपाल मोहन सिंह

● धर्मेन्द्र सिंह

किशनगंज भाजपा के जिलाध्यक्ष सर्वसम्मति से गोपाल मोहन सिंह मनोनीत किए गए है। 7 जनवरी को शहर के मझिया स्थित जिला भाजपा कार्यालय में बिहार सरकार के मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू ने इसकी घोषणा की। भारतीय जनता पार्टी संगठन महापर्व के अंतिम चरण में जिलाध्यक्ष के नाम का ऐलान किया गया। इस






दौरान सर्वसम्मति से गोपाल मोहन सिंह के नाम की घोषणा की गयी। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का बिहार सरकार में मंत्री नीरज कुमार सिंह उर्फ बबलू ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उसके बाद वंदे मातरम का गायन किया गया। वहीं कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुशांत गोप, महामंत्री बिजली सिंह, मनीष सिन्हा, हरि राम अग्रवाल सहित अन्य लोगों द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नवमनोनीत जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह का माला पहना कर सम्मान किया गया और नेताओ ने उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में मंच संचालन लखन लाल पंडित ने किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री मिथलेश तिवारी, क्षेत्रीय प्रभारी सुरेश यादव, प्रदेश प्रभारी दीपक प्रकाश, आलोक भगत , ज्योति कुमार सोनू, अधिवक्ता शिशिर कुमार दास, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंकित कौशिक, विशाल कुमार उर्फ डब्बा, दुर्गा कुमारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। नवमनोनीत जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इसका ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करूंगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को धारदार और मजबूत बनाना प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर बिहार सरकार में मंत्री नीरज सिंह बबलू ने कहा कि आज नए जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की गई है और यहां संगठन के कार्य को और बढ़ाए जाने की जरूरत है। वहीं तेजस्वी यादव द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा में हो रहे खर्च को लेकर सवाल खड़ा करने को लेकर पूछे गए सवाल पर बिहार सरकार में मंत्री नीरज कुमार सिंह उर्फ बबलू ने तेजस्वी यादव पर जोरदार निशाना साधा और कहा कि तेजस्वी यादव को जनता ने बेरोजगार कर दिया है और उन्हें कोई काम नहीं है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के पास एक ही काम है सिर्फ और सिर्फ आरोप लगाना। उन्होंने कहा कि जब अखबार में उनका बड़ा बड़ा फोटो छपता था तो ठीक था अब उनके सीने में दर्द हो रहा है।●

# अवैध खनन पर सीओ और पुलिस का प्रहार


● फरीद अहमद

किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंड के पौआखाली थाना क्षेत्र के सरायकुरी के समीप में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई हुई है। अंचलाधिकारी ठाकुरगंज और पुलिस ने मिलकर तीन ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किए हैं, जिनमें से दो ट्रैक्टर ट्राली में अवैध खनन से प्राप्त मिट्टी भरी हुई थी और एक ट्रैक्टर इंजन भी जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जब्त किए गए तीनों ट्रैक्टर को पौआखाली थाना में लाया गया है और अवैध खनन से संबंधित सूचना खनन विभाग और परिवहन विभाग को सीओ द्वारा भेज दी गई है । इस कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध खननकर्ताओं में हड़कंप मचा हुआ है। गौर करे की कुछ लोगों ने नाम न बताने की शर्त पर कहा की ईट भट्टा में ईंट निर्माण का समय आते ही क्षेत्र से मिट्टी की कटाई शुरू हो जाती है। जिससे धीरे-धीरे ठाकुरगंज प्रखंड क्षेत्र अब खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। ●



# पोठिया थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना निकला फर्जी

● धर्मेंद्र सिंह




6 जनवरी को पोठिया थाना क्षेत्र के टीपीझाड़ी सालबगान के पास माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी से हुई 80 हजार 350 रुपए लुट की घटना की शिकायत दर्ज करवाने वाला ही घटना का मास्टर माइंड निकला। गौर करे कि बंगाल के माईनागुड़ी, जलपाईगुड़ी के रहने वाले शिकायतकर्ता संजय रॉय ने ही लुट की घटना की साजिश रची थी। यह खुलासा 09 जनवरी की शाम एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने किया। एसपी सागर कुमार ने बताया कि माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी संजय रॉय ने 80 हजार 350 रुपए लुट की घटना की प्राथमिकी पोठिया थाने में दर्ज करवायी थी। 6 जनवरी को पोठिया थाना क्षेत्र के टीपीझाड़ी सालबगान बंगाल सीमा के पास रुपए लुट की घटना की बात बतायी गई थी। मामला संज्ञान में आने के बाद घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी के अनुश्रवण में ठाकुरगंज एसडीपीओ टू मंगलेश कुमार सिंह के नेतृव में एक विशेष टीम गठित किया गया। टीम के द्वारा सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच की गई। अनुसंधान के दौरान पुलिस को जब यह पता चला की रुपए लुट की ऐसी कोई घटना हुई ही नही थी तब पुलिस भी यह जानकर हैरान रह गई। घटना की सत्यता जानने के बाद टीम ने आरोपी संजय को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान पूरा मामला स्पष्ट हो गया। पुलिस ने 80 हजार 350 रुपए भी बरामद कर लिया है। गौर करे कि पकड़ा गया आरोपी फाइनेंस कर्मी संजय ही मास्टरमाइंड निकला।आरोपी ने स्वयं ही योजना बनायी थी। आरोपी के मन में यह आया की वह माइक्रो फाइनेंस कंपनी के रुपए को ही गबन कर लेगा।इसके बाद पकड़े गए आरोपी संजय ने अपने साथ ही रुपए लुट की घटना की साजिश रचते हुए पोठिया थाने में प्राथमिकी दर्ज करवा दी। पुलिस को भी पूछताछ में कुछ आशंका होने लगी थी। घटना के उद्भेदन के लिए गठित टीम में ठाकुरगंज एसडीपीओ टू मंगलेश कुमार सिंह, पोठिया थानाध्यक्ष अंजय अमन, प्रशिक्षु अवर निरीक्षक प्रदीप कुमार, प्रशिक्षु अवर निरीक्षक सुजीत कुमार, प्रशिक्षु अवर निरीक्षक अखिलेश कुमार व तकनीकी सेल के इरफान शामिल थे।●

# अवैध मादक पदार्थ के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

● फरीद अहमद




30 दिसंबर को स्वर्ण जीत शर्मा, कमान्डेंट, 19 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, ठाकुरगंज के दिशा निर्देशन एवं वाहिनी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर समवाय कुर्लीकोट की विशेष गश्तीदल एवं बिहार पुलिस थाना गलगलिया के साथ संयुक्त रूप में त्वरित कार्यवाही करते हुए नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही करने के क्रम में भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 106 से लगभग 02 किमी. (भारत की ओर) बालूबाड़ी चौक के समीप दो तस्करों को 28 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (संभावित ब्राउन शुगर) के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की ।गुप्त जानकारी के अनुसार दो व्यक्तियों का अवैध मादक पदार्थ के साथ होने का अंदेशा था संयुक्त विशेष दल द्वारा दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया और तलाशी लेने पर उनके पास 28 ग्राम मादक पदार्थ (संभावित ब्राउन शुगर) बरामद किया गया । दोनों तस्करों को 28 ग्राम मादक पदार्थ (संभावित ब्राउन शुगर), दो मोबाईल फोन और 720 रु भारतीय मुद्रा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया । पूछताछ करने पर तस्करों ने अपना नाम 1. शिबू बराई, उम्र 31 वर्ष, पुत्र-स्व. गोविंदो बराई, निवासी ग्राम- देवीगंज, पुलिस थाना- खोरीबाड़ी, जिला- दार्जिलिंग तथा 2. मोह. कुर्बान (फारूक), उम्र 28 वर्ष, पुत्र-मो. मकबूल, निवासी ग्राम-चक्करमारी, पुलिस थाना- खोरीबाड़ी, जिला-दार्जिलिंग बताया। तस्करों द्वारा इस मादक पदार्थ को अवैध रूप से भारत से भारत में ही ले जाया जा रहा था। मादक पदार्थ तस्करी का यह एक संदिग्ध मामला होने के कारण दोनों तस्करों को आवश्यक कागजी कार्यवाही करने के पश्चात प्राप्त समस्त समान के साथ थाना गलगलिया को अग्रिम कार्यवाई के लिए सौंप दिया गया है।●




# प्रगति यात्रा में सीएम नीतीश का जोरदार स्वागत

## मुख्यमंत्री ने दी 514 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात

● धर्मेन्द्र सिंह/फरीद अहमद

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 21 जनवरी को प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में किशनगंज जिले के महेशब्थना स्थित नवनिर्मित जिला आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा-सह-प्रशिक्षण केंद्र से 514.28 करोड़ रुपये की 236 विकास योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 151.17 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विभागों की योजनाओं का उद्घाटन तथा 363.09 करोड़ रुपये की लागत से शिलान्यास शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने ठाकुरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत पटेश्वरी स्थित ग्राम कटहलडांगी में प्रस्तावित ठाकुरगंज बाईपास रोड संबंध ी समस्याओं का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ठाकुरगंज बाईपास का निर्माण कार्य यथाशीघ्र शुरू कराएं। इस बाईपास के बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। साथ ही आसपास के इलाकों से संपर्कता बढ़ेगी। प्रस्तावित ठाकुरगंज बाईपास की कुल लंबाई 4.01 किलोमीटर तथा चौड़ाई 10 मीटर है, जिसकी अनुमानित लागत राशि 41.30 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने 65,350 किलोमीटर लंबी पूर्णिया एवं किशनगंज जिला अंतर्गत राज्य उच्च पथ संख्या-39 (बायसी बहादुरगंज दिघल बैंक) पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा प्रस्तावित असूरा-निश्नद्रा घाट पुल एवं पहुंच पथ निर्माण कार्य के संबंध में भी मुख्यमंत्री को साइट प्लान के माध्यम से वितृस्त जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से किशनगंज जिला अंतर्गत कई योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 8 मवेशी आश्रय स्थल का उद्घ्घाटन, पटेश्वरी पंचायत के वार्ड संख्या-5 में सार्वजनिक शौचालय का उद्घ्घाटन, जीविका संगठन कार्यालय भवन का शिलान्यास, पटेश्वरी स्वागत द्वार-सह-पेवर ब्लॉक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का उद्घाटन, आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, समेकित बाल विकास परियोजना, कृषि विभाग, परिवहन विभाग के स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविकोपार्जन के लिए 11 हजार 486 स्वयं सहायता समूहों को 137 करोड़ रुपये, 2305 स्वयं सहायता समूहों को 14 करोड़ 33 लाख रुपये और 306 स्वयं सहायता समूहों को 5 करोड़ 40 लाख रुपये का सांकेतिक चेक जीविका दीदियों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने चौर विकास योजना के तहत लाभार्थी को 4 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के लाभार्थियों को गाड़ी की चाबी भी प्रदान की। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने गोवर्द्धन प्लांट का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घ्घाटन किया। उद्घाटन करने के पश्चात् मुख्यमंत्री ने प्लांट का निरीक्षण किया और वहां की कार्य पद्धति की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों को स्वच्छता की





चाबी सौंपी। चौर विकास योजना के तहत जीविकोपार्जन के लिए जीविका दीदियों को उपलब्ध कराए गए चाय के बगान का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने महेशब्थना स्थित जिला आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा- सह-प्रशिक्षण केंद्र का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने इस केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था और कार्य पद्धति की जानकारी ली। पत्रकारों से बात करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास के लिये हमने काफी काम किया है। सरकार में आने के बाद से ही बिहार के सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य किये जा रहे हैं। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने कोचाधामन के डेरामारी अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं एवं छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने छात्रों द्वारा तैयार किए गए शैक्षणिक कार्यों से संबंधित विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और छात्रों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने छात्रों से कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ें और अच्छे से रहें। मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक ख्यक आवासीय विद्यालय के आवासीय परिसर एवं शैक्षणिक परिसर के बीच 318.68 लाख रुपये की लागत से फुटओवर ब्रिज के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया।●

# 25.85 ग्राम MDMA के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

● **फरीद अहमद**



स्वर्ण जीत शर्मा, कमान्डेंट, 19 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, ठाकुरगंज के दिशा निर्देशन एवं वाहिनी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर समवाय कद्दूविटा की विशेष गश्तीदल एवं बिहार पुलिस थाना जियापोखर के साथ संयुक्त रूप में त्वरित कार्यवाही करते हुए नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही करने के क्रम में भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 123/1 से लगभग 4 किमी. (भारत की ओर) मीरचंद बस्ती के समीप समय लगभग 16:15 बजे एक तस्कर को 25.85 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (MDMA) के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की ।गुप्त जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति एक घर पर अवैध मादक पदार्थ के साथ होने का अंदेशा था संयुक्त विशेष गशती दल जब घटना स्थल के पास पँहुची तो गशती दल ने देखा कि एक व्यक्ति दल को देखकर घर के पिछले दरवाजे से भागने लगा। विशेष दल द्वारा उस व्यक्ति को पकड़ लिया गया और उसकी और घर की तलाशी लेने पर उसके पास 25.85 ग्राम मादक पदार्थ (MDMA) बरामद किया गया । तस्कर को 25.85 ग्राम मादक पदार्थ (MDMA) के साथ गिरफ्तार कर लिया गया । पूछताछ करने पर तस्कर ने अपना नाम 1. अख्तार हुसैन, उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम- मीरचांद बस्ती, पुलिस थाना-जियापोखर, जिला-किशनगंज बताया । तस्कर द्वारा इस मादक पदार्थ को अवैध रूप से भारत से भारत में ही ले जाया जा रहा था। मादक पदार्थ तस्करी का यह एक संदिग्ध मामला होने के कारण तस्कर को आवश्यक कागजी कार्यवाही करने के पश्चात प्राप्त मादक पदार्थ (डक्ड।) के साथ थाना जियापोखर को अग्रिम कार्यवाई के लिए सौंप दिया गया है।●

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएँ।
-: निवेदक :-
स्नेहिल आनंद
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, शेरघाटी, गया


# थाने में रौब दिखा रहा फर्जी दरोगा महिला मित्र के चक्कर में गिरफ्तार





● गुड्डू कुमार सिंह

बिहार के भोजपुर में एक नकली दारोगा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बिहिया थाने की घटना है। फर्जी दारोगा थाने में ही रौब झाड़ रहा था। पुलिस ने उसे वर्दी, बेल्ट, बैच और टोपी समेत गिरफ्तार कर लिया। बिहिया थाना पुलिस की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। ये फर्जी दारोगा आरा के बिहिया थाने में पहुंचा और रौब दिखाने लगा। वो लोगों को धमका रहा था। तभी पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने पूछताछ की तो उसका भंडाफोड़ हो गया। पुलिस ने उसकी वर्दी, बेल्ट, बैच और टोपी बरामद की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिहिया थाना पुलिस टीम ने एक फर्जी दारोगा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फर्जी दारोगा के पास से वर्दी, बेल्ट, बैच और टोपी भी बरामद किया। गिरफ्तार फर्जी दारोगा गड़हनी थाना क्षेत्र के मदुरा गांव निवासी अनिल सिंह का पुत्र राकेश कुमार सिंह है। वो करीब डेढ़ वर्षों से रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के जमुआ गांव में अपना डेरा रखे हुआ था।

बताया जाता है कि वो करीब डेढ़ वर्षों से फर्जी दारोगा बनकर भोजपुर, रोहतास सहित अन्य जिलों में जाकर अपना धौंस दिखा लोगों को मूर्ख बनाता था। बिहिया थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि बीते 10 अक्टूबर को वो बिहिया थाने में फर्जी दारोगा बनकर पहुंचा था। थाना पहुंचने पर उसने कहा कि मैं केस के अनुसंधान में आया हूं, मुझे कुछ जानकारी चाहिए। जिसके बाद वहां से कुछ देर बाद निकल गया। तभी बिहिया थाना पुलिस को उसे पर शक हुआ। जिसके बाद जांच शुरू की गई। जांच में पता चला कि वो एक फर्जी दारोगा है। इसी बीच मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि वो फर्जी दारोगा बिहिया बाजार में आया हुआ है। जिसके बाद पुलिस फौरन वहां गई और उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि, गिरफ्तार फर्जी दारोगा राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जब वो पूर्व में बिहिया थाने में फर्जी दारोगा बनकर आया था। तभी एक महिला दरोगा से उसका संपर्क हुआ था। उसी समय दोनों ने एक-दूसरे का नंबर आदान-प्रदान किया था। इसके बाद दोनों बातचीत भी करने लगे थे और उनमें दोस्ती हो गई थी। फिर जब वो बिहिया बाजार में एक बहुभोज में शामिल होने के लिए आया था। तभी पुलिस पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं, इस मामले में कांड संख्या 403/24 के तहत प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के संदर्भ में जगदीशपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव चंद्र सिंह ने बताया कि फर्जी दारोगा थाने में पहुंचकर रौब दिख रहा था, शक के आधार पर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपनी गलती कबूल कर ली। उसके पास से दारोगा की वर्दी समेत कई चीज बरामद की गई। वो लोगों को दारोगा का धौंस दिखाकर गलत काम को अंजाम देता था। उसके परिवार वालों को भी इसकी भनक नहीं थी। उसने अपनी पत्नी से भी झूठ बोला था। इसको लेकर उसको गिरफ्तार कर लिया गया।●

# ड्यूटी के दौरान नहीं रखेंगे पुलिसकर्मी स्मार्ट फोन

● गुड्डू कुमार सिंह

लगातार शिकायत के बाद पटना क्ष्ठ सह SSP राजीव मिश्रा का आदेश दिया है अब कोई पुलिसकर्मी गस्ती के दौरान स्मार्ट फोन 27 दिसंबर से से यूज नहीं करेंगे। वही पटना के पूर्व SSP राजीव मिश्रा ने कहा की-पैड फोन यूज करेंगे। जारी पत्र में कहा गया है कि क्षेत्र भ्रमण के कम में प्राय: ऐसा देखा जा रहा है, कर्तव्य के समय थाने की गश्ती, यातायात एवं म्ै वाहनों के सिपाही संवर्ग के कर्मी स्मार्ट फोन से लगातार बातचीत करते, WhatsApp चलाते अथवा गेम खेलते रहते है। जबकि उनकी प्रतिनियुक्ति विधि-व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण अथवा यातायात प्रबंधन में रहती है। लगातार फोन पर व्यस्त रहने के कारण इसका प्रतिकूल प्रभाव यातायात प्रबंधन, अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था पर पड़ता है। यह उनके कर्त्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, कर्तव्यहीनता, अनुशासनहीनता के साथ-साथ पुलिस की छवि धुमिल करता है। यह अत्यंत ही गंभीर मामला है। अत: इस संदर्भ में आदेश दिया जाता है सिपाही संवर्ग के कर्मी कर्तव्य के अवधि में स्मार्ट फोन साथ में नहीं रखेंगे, विशेष परिस्थिति में सूचना का अदान-प्रदान करने हेतु की-पैड फोन रख सकते हैं। ये आदेश दिनांक 27.12.2024 से प्रभावकारी ढंग से लागू किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक, प्रशासन, नवीन पुलिस केन्द्र, पटना, पुलिस केन्द्र, के सभी पुलिसकर्मी (महिला/पुरुष) को इस संबंध में ब्रिफिंग करेंगे। थाना एवं पुलिस प्रतिष्ठानों में प्रतिनियुक्त सिपाही संवर्ग के कर्मी को संबंधित थानाध्यक्ष, पुलिस निरीक्षक, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी इस संदर्भ में ब्रिफिंग करेंगे। साथ ही अपने भ्रमण के कम में किसी पुलिसकर्मी को स्मार्ट फोन का प्रयोग करने पर उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। इसे



पुरी दृढ़ता से अनुपालन करेंगे।●

# 9 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या

● गुड्डू कुमार सिंह

भोजपुर में सोमवार की देर शाम 9 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या का मामला सामने आया है। पड़ोस के मुंहबोले चाचा ने बच्ची को बहाने से अपने घर बुलाया। रेप करने के बाद पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। पांचवी क्लास की छात्रा के चेहरे पर दांत से काटने का निशान है। वहीं, गाल दबाकर दीवार में मारने की वजह से उसके पूरे सिर में सूजन हो गया। आरोपी ने अपने घर के दस बाई दस अंडर ग्राउंड कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद बच्ची को दीवार में सिर लड़ाकर और पटक-पटककर उसकी हत्या कर दी। वो बच्ची को तब तक पीटता रहा जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन और पड़ोस के लोगों ने आरोपी को पीटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। आरोपी को पुलिस कस्टडी में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। बच्ची टाउन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला की रहने वाली थी। जो मोहल्ले के सरकारी स्कूल में पढ़ती थी। आरोपी भी उसी मोहल्ले का निवासी नारायण साव (40) है। जो कबाड़ी की गाड़ी चलाने का काम करता है। मृत बच्ची के पिता ने बताया कि 'देर शाम मोहल्ले



की दुकान से बच्ची को आटा लेने के लिए भेजा था। वो आटा लेकर घर पर आई तो कहा कि नारायण चाचा ने मुझे अपने घर पर बुलाया है। जिसके बाद वो आरोपी नारायण के घर चली गई। काफी समय बीत जाने के बाद जब घर नहीं आई तो हम लोग उसके घर गए। बच्ची के बारे में पूछने पर उसने कहा कि वो नहीं है और जल्दी से गेट बंद कर लिया।' आस-पास के सभी लोगों के साथ जाकर दोबारा पूछा तो वह मेरे घर से जा चुकी है, यहां नहीं है। जिसके बाद शक के आधार पर जबरदस्ती उसके घर में घुसकर उसके अंदर ग्राउंड कमरे में जाकर देखा तो बच्ची मृत अवस्था में चौकी के नीचे पड़ी हुई है।' बताया गया है कि बच्ची की मां दो से तीन महीने पहले अपने देवर के साथ मायके गई हुई थी। लोगों ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसपी राज, एसपी परिचय कुमार, टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय अपनी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाकर साक्ष्य इकट्ठा किया गया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया। मृत बच्ची के पिता ने आरोपी नारायण साव पर अपनी बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसे दीवार में लड़ाकर पीट-पीटकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। बच्ची को न्याय दिलवाने और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने की मांग की है। एसपी राज ने बताया कि बच्ची के घर के बगल में रहने वाले नारायण साव ने बहला फुसलाकर उसे अपने घर में बुलाया। गेट से करीब दस फीट अंदर एक अंडर ग्राउंड कमरे में ले जाकर उसके साथ रेप करने के बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने आरोपी की पिटाई कर दी। थानाध्यक्ष देवराज ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पुलिस कस्टडी में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जल्द ही अनुसंधान कर आरोपी की चार्जशीट दाखिल कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम करेंगे। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद की जाएगी।●

# साइड नहीं देने पर बदमाशों ने पिकअप ड्राइवर को मारी गोली

● गुड्डू कुमार सिंह

भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर मोड़ पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की शाम पास नहीं देने पर बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने पिकअप चालक को गोली मार दी। जख्मी चालक को गोली गर्दन पर मारी गई है, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए बिक्रमगंज स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, जख्मी ड्राइवर रोहतास जिला के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के मठिया गांव निवासी रामबचन कुमार सिंह का पुत्र कमलेश कुमार है। घटना को लेकर आसपास की इलाके में सनसनी फैल गई। उधर, घटना की सूचना मिलती ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी ली। इसके पश्चात पुलिस घटनास्थल के आसपास के इलाके में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे को खंगाल आरोपियों की पहचान



करने में जुट गई है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की शाम वह पिकअप लेकर बिक्रमगंज की ओर से आने के पीरो के तरफ आ रहा था और एक बाइक पर सवार दो हथियारबंद बदमाश भी बिक्रमगंज के तरफ से ही आ रहे थे। इस दौरान बाइक सवार हॉर्न बजाकर पिकअप चालक से पास मांग रहा था। जाम रहने के कारण पिकअप चालक की ओर से पास नहीं दे दिया गया, जिसके बाद गुस्से में आकर बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने पिकअप ओवर टेक कर उसे रुकवाया और गर्दन में गोली मार दी। वारदात के बाद दोनों हथियारबंद बदमाश बाइक से फरार हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों की ओर से उसे इलाज के लिए बिक्रमगंज स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। हालांकि उक्त बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने पिकअप चालक को गोली क्यों मारी, इसका कारण अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।●

# अपराध की योजना बनाते तीन शातिर अपराधी गिरफ्तार

● गुड्डू कुमार सिंह

चांदी-सकड्डी रोड में धनडीहा मोड के पास अपराध की योजना बनाते तीन शातिर अपराध कर्मी एक देशी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस तथा तीन मोबाईल के साथ गिरफ्तार, जिनके द्वारा पूर्व के कई कांडों में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की गई है।



घटना/कार्रवाई का विवरण पुलिस अधीक्षक, भोजपुर के निर्देशुनसार दिनांक-15/12/24 को गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्ध अवस्था में किसी बडी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे 01. अनुज कुमार उर्फ अर्णव पे० ओम प्रकाश गुप्ता, सा०-पीरो, वार्ड नं0-10, थाना-पीरो 02 प्रेम कुमार पे०- संतोष राय 03. सरोज कुमार पे० गोबिंद दयाल राय दोनों सा०-सकड्डी, थाना-कोईलवर सभी जिला-भोजपुर को एक देशी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस तथा तीन एंड्रॉयड मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया है तथा इस संबंध में कोईलवर थाना कांड सं0-481/24 दिनांक-15.12.24 धारा -310(4), 310(5) बी०एन०एस० तथा 25 (1-बी) ए. 26. 35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा मिथिलेश पासवान, सा०-धनडीहा की हत्या का बदला लेने की नियत से एकत्रित होने की बात बतायी गयी है। साथ ही दिनांक-05.12.24 को ग्राम सकड्डी स्थित शर्मा जी के यहीं शादी समारोह में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर नर्तकियों के साथ छेडखानी एवं नाच-गाना करने के क्रम में फायरिंग करने जिसमें लडकी के चचेरे भाई के हाथ में गोली लगने की बात स्वीकार की गई है। इसके साथ ही इनलोगों द्वारा दिनांक-24.10.24 को गांगी पुल के पास प्रोपर्टी डीलर शाहिद आलम को एवं दिनांक-13.03.24 को अहिरपुरवा में जहूर आई०टी०आई० के पास दीप नारायण सिंह को भी जान मारने की नियत से गोली मारकर जख्मी करने, सड़क दुर्घटना के विरोध में सडक जाम एवं कुल्हडिया टोल प्लाजा पर तोड़-फोड करने सहित अन्य अपराध को स्वीकार करने की बात बतायी गई है।●

**फलाफल की विवरणी इस प्रकार हैं :-**

☞ अनुज कुमार उर्फ अर्णव पे० ओम प्रकाश गुप्ता, सा० पीरो, वार्ड नं0-10, थाना-पीरा, जिला-भोजपुर।

☞ प्रेम कुनार पे०-संतोष राय, सा०-सकडी, थाना-कोईलवर, जिला-भोजपुर।

☞ सरोज कुमार पे०-गोबिंद दयाल राय, सा०-सकड्डी, थाना-कोईलवर, जिला-भोजपुर।

✯ **बरामदगी :-**

☞ एक देशी पिस्तौल ।

☞ दो जिंदा कारतूस।

☞ तीन एंड्रॉयड मोबाईल।

✯ **सरोज कुमार पे० गोबिंद दयाल राय, सा० सकड्डी, थाना-कोईलवर सभी जिला-भोजपुर का अपराधिक इतिहास :-**

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-316/20 दिनांक 09.08.20 धारा 302, 201, 34 भा०द०वि०।

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-345/24 दिनांक-29.08.24 धारा-191(2), 191(3), 190, 126(2), 115(2), 132, 121(1), 121(2), 221 बी०एन०एस०।

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-470/24 दिनांक-05.12.24 धारा-191(2), 191(3), 74, 190, 352, 351(2), 351(3) बी०एन०एस० तथा 27 आर्म्स एक्ट।

☞ राजगीर (नालंदा) थाना कांड सं0-356/24 दिनांक 17.08.24 धारा-103(1), 61(2), 112(2)(4) बी०एन० एस० तथा 27 आर्म्स एक्ट।

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-237/24 दिनांक-22.05.24 धारा 147, 148, 149, 341, 342, 323, 385, 504, 506 भा०द० वि० तथा 27 आर्म्स एक्ट।

✯ **प्रेम कुमार पे०-संतोष राय, सा०-सकड्डी, थाना-कोईलवर सभी जिला-भोजपुर का अपराधिक इतिहास :-**

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-316/20 दिनांक 09.08.20 धारा 302, 201, 34 भा०द०वि० ।

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-134/24 दिनांक-08.03.24 धारा-341, 342, 323, 386, 504, 506, 34 भा०द०वि० ।

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-237/24 दिनांक-22.05.24 धारा-147, 148, 149, 341, 342, 323, 385, 504, 506 भा०द०वि० तथा 27 आर्म्स एक्ट।

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-345/24 दिनांक-29.08.24 धारा-191(2). 191 (3). 190, 126(2),115(2), 132, 121(1), 121(2), 221 बी०एन०एस० । 05. कोईलवर थाना कांड सं0-470/24 दिनांक-05.12.24 धारा-191(2), 191(3), 74, 190, 352ए 351(2). 351 (3) बी०एन०एस० तथा 27 आर्म्स एक्ट।

✯ **अनुज कुमार उर्फ अर्णव पे० ओम प्रकाश गुप्ता, सा०-पीरो, वार्ड नं0-10, थाना-पीरा, जिला-भोजपुर का अपराधिक इतिहास :-**

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-470/24 दिनांक-05.12.24 धारा-191(2), 191(3), 74, 190, 352, 351(2), 351(3) बी०एन० एस० तथा 27 आर्म्स एक्ट ।

☞ आरा नगर थाना कांड सं0-221/21 दिनांक-14.03.21 धारा-326, 307, 506, 34 भा०द०वि० तथा 27 आर्म्स एक्ट।

☞ आरा नगर थाना कांड सं0-257/21 दिनांक-27.03.21 धारा-386, 385, 387, 504, 34 भाद०वि०।



# गोकुल मिठाई दुकान में लगी भीषण आग में लाखों की संपत्ति हुई राख

● गुड्डू कुमार सिंह

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की अहले सुबह ब्रह्म मुहूर्त वेला की घटना बताई जा रही है। वहीं स्थानीय लोगो के द्वारा घटना की सूचना दुकान मालिक अनीश कुमार, गडहनी थाना एवं फायर ब्रिगेड को दी गई।घटना से अफरातफरी का माहौल बना रहा। हालांकि, फायर ब्रिगेड की टीम को समय पर नहीं पहुंचने के कारण देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप ले लिया। आगलगी के बाद स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की काफी प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद फायर ब्रिगेड की एक बड़ी गाड़ी एवं चार छोटी गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, आग पर जब तक काबू पाया जाता, दुकान में रखा मिठाई काउंटर, डीप फ्रीजर, वाटर कूलर समेत करीब 25 लाख से ज्यादा की संपत्ति जल का राख हो गई। दुकान मालिक अनीश कुमार सिंह ने बताया कि हर रोज की तरह अच्छे से दुकान को देखकर और सभी बिजली कनेक्शन को ऑफ कर दुकान के सभी स्टाफों के साथ दुकान बंद कर अपने-अपने घर चले गए थे। अनीश ने बताया कि मंगलवार की सुबह स्थानीय लोगों की ओर से सूचना दी गई कि आपके दुकान में भीषण आग लग गई है। घटना का सूचना मिलने के बाद ही हम अपने दुकान पर पहुंचे तो देखा की दुकान धू-धू कर जल रही है। इसके बाद हम लोगों ने फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी लेकिन टीम को आने में करीब 2 घंटे लग गए हैं। काफी देर के बाद आग पर काबू पाया गया।दुकानदार अनीश ने आशंका जताई है कि पूर्व में हुए झगड़े के बाद कुछ सामाजिक तत्वों ने उनके दुकान में आग लगाई है। इसके बाद दुकानदार अनीश ने गड़हनी थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि 6 बाई 6 के 2 एसी काउंटर, 100 लीटर का एक वाटर कूलर, 600 लीटर का एक डिप फ्रीजर, दो माइक्रो ओवन, बैट्री समेत दो इनवर्टर, एक पीज्जा मशीन, छह सीलिंग फैन, तीन वाल फैन, दो वाटर आरओ मशीन, 600 लीटर का एक कोल्ड्रिंग्स फ्रिज, 32 इंच का दो एलईडी टीवी, दो डीभीआर मशीन, 8 सीसीटीवी कैमरा, एक मिक्सर, एक कैश काउंटर, 50 कुर्सी, 10 टेबल समेत मकान का 4 कमरे जलने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है।इस तरह 25 लाल से अधिक की संपति जलकर राख हो गई। वहीं थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक रणवीर कुमार ने बताया कि सिलेंडर फटने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।●

# सेतु योजना एवं मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना की संचालन समिति की बैठक आयोजित

● गुड्डू कुमार सिंह

विजय कुमार सिन्हा, माननीय उपमुख्यमंत्री, बिहार-सह-प्रभारी मंत्री, भोजपुर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना एवं मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना की संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में माननीय सदस्य बिहार विधान परिषद श्री राधा चरण शाह, माननीय विधायक बड़हरा श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, माननीय विधायक आरा श्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, माननीय विधायक जगदीशपुर श्री राम विष्णु सिंह, माननीय विधायक तरारी श्री विशाल प्रशांत, माननीय विधायक अगीगांव श्री शिव प्रकाश रंजन, श्रीमती किरण देवी, जिला परिषद अध्यक्ष, जिलाधिकारी



भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया, पुलिस अधीक्षक भोजपुर श्री मिस्टर राज, उप विकास आयुक्त डॉ. अनुपमा सिंह, नगर आयुक्त, नगर निगम और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, सभी माननीय सदस्यों, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और उप विकास आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया गया। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना और मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं और प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य नगर निकायों के उन पथों को राष्ट्रीय राजमार्ग या पथ निर्माण विभाग के प्रमुख सड़कों से लिंक सड़कों के रूप में जोड़ना है, जो जन उपयोगी हों और अधिक आबादी को लाभान्वित करने वाली सड़कों को प्राथमिकता देना है। सड़कों का चयन करते समय पर्यटन स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों आदि का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा, सड़क जाम की समस्या का समाधान करते हुए यातायात के बढ़ते दबाव को कम करना और यातायात संचालन को सुगम बनाना भी इस योजना का उद्देश्य है। सड़कों के बीच डिवाइडर के साथ अंडरग्राउंड केबलिंग, स्ट्रीट लाइटिंग, मास्क लाइट का प्रावधान और जल निकासी के लिए नालियों का निर्माण भी किया जाएगा। समीक्षा के दौरान संचालन समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में आने वाली समस्याओं को साझा किया। माननीय उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक प्राप्त योजनाओं में उपयोगिता के आधार पर प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने जिला पदाधिकारी और नगर निगम से कहा कि योजनाओं के चयन के समय नालों की सफाई और शहर में व्याप्त गंदगी के निपटारे को ध्यान में रखा जाए। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना में प्राथमिकता निर्धारण में छोटी योजनाओं और उनकी उपयोगिता दोनों को महत्व दिया जाए। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के अंतर्गत योजना स्थल का निरीक्षण करके रिपोर्ट तैयार की जाए। योजनाओं का चयन करते समय मापदंडों को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकताओं के आधार पर योजनाओं का निर्धारण किया जाए। बैठक के बाद एक सप्ताह के भीतर सभी सदस्यों को प्रोसिडिंग उपलब्ध कराई जाए।●


# आलू पराठा बनवाकर खाया फिर 12 गोलियां मारी

● गुड्डू कुमार सिंह



भोजपुर में हथियारबंद अपराधियों ने एक शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। 32 साल के प्राइवेट टीचर को 12 गोलियां मारी गई हैं। मौके पर ही मौत हो गई। बड़े भाई ने बताया कि भाई का गांव के कुछ लोगों से 2021 में डांस प्रोग्राम में विवाद हुआ था। उस वक्त भी उसे 5 गोली मारी गई थी, लेकिन वो बच गया। फायरिंग मामले में परिवार ने गांव के कुछ लोगों पर केस किया था। जिसे वो वापस लेने का दबाव बना रहे थे। टीचर को सिर में तीन, गर्दन पर एक, एक गोली पेट में, दो गोली बाएं हाथ और एक सीने समेत अन्य जगहों पर लगी है। मृतक की पहचान कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के उदयभानपुर गांव निवासी विजय शंकर सिंह के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि रविवार की रात में हथियारबंद दो बदमाश विजय शंकर के घर आए और भूख लगने की बात कही। विजय शंकर ने अपने घर पर आलू का पराठा बनवाया। खाना खाने के बाद दोनों बदमाश समेत 5 लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिससे विजय शंकर की मौके पर मौत हो गई। फायरिंग करने वाले सभी आरोपी गांव के ही हैं। मृतक के बड़े भाई अशोक सिंह ने बताया कि 'साल 2021 में गांव में एक डांस प्रोग्राम में वर्चस्व को लेकर विवाद हुआ था। उसी विवाद को लेकर 27 दिसंबर 2021 को विजय शंकर सिंह को



इटहाना मोड़ के पास सिगरेट पीने के बहाने चाय की दुकान पर बुलाकर हथियारबंद अपराधियों ताबड़तोड़ फायरिंग कर पांच गोली मारी थी। जिसके बाद आरा शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।' भाई के बयान पर पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसके बाद अपराधी कभी सोशल मीडिया के जरिए तो कभी सामने से आकर केस खत्म करने की बात कहते थे। बयान वापस नहीं लेने पर उन लोगों ने साल 2022 में भी हमला किया था। वहीं, केस मैनेज करने के लिए पिछले कई महीनों से वे लोग दबाव बना रहे थे। सोशल मीडिया पर आकर गाली-गलौज भी की थी। रविवार की रात हम अपने दालान में सो रहे थे। तभी बलवंत सिंह, शंकर, गणेश सिंह, रोहित घर के पास आया। इस दौरान चंदन पहले से कमरे में बैठा था। जैसे ही गोली की आवाज सुने उसके बाद हम भगाकर मौके पर पहुंचे सभी आरोपी भागकर रहे थे। मेरे पहुंचते ही उन लोगों ने मुझ पर भी तीन बार फायरिंग की और हथियार लहराते मौके से फरार हो गए।श घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद मौके पर एसपी राज पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन में जुट गए हैं। उन्होंने बताया कि विजय को उनके चाचा के घर पर गोली मारी गई है। कमरे से एक पिस्टल, एक खोखा और अन्य कुछ सामान बरामद किया गया है। अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है। जल्द ही सभी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।●



# पाल के जाल से अंचलाधिकारी व पाठक मालेमाल और दलित बेहाल



● **बिन्ध्याचल सिंह**

‘समरथ के कुछ दोष ना गोसाई’‘ उर्पयुक्त चौपाई पवित्र ग्रंथ रामायण में पढने को मिलता है। जो बक्सर जिला के अंचलाधिकारी इटाढी व दबंग भू-माफियाओ पर सटीक बैठता है। बिहार सरकार, जिला प्रशासन के आदेश को अगुठा दिखाने वाले अंचलाधिकारी इटाढी जो अपने आप में बिहार सरकार है साथ ही अधिकारी को ये भी जानकारी नही है कि अनावाद बिहार सरकार, बिहार सरकार, आम जरमजरूआ जमीन में क्या अन्तर है। जिले का इकलौता अंचल इटाढी है जहॉ सरकारी जमीन को दबंगो के द्वारा आम जनता को लीज पर दिया जाता है, जिसका उदाहरण ओमप्रकाश पाल जी है जिनका स्वयं का प्राइवेट कॉलेज बिना खाता-खेसरा में संचालित होता है। इस बात की जानकारी पाल व पाठक की नैतिकता के मार से पीडित खतिबा निवासी श्री कन्हैया राजभर सहित ग्रमीणो ने केवल सच प्रतिनिधि को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय इटाढी में दी।

☞ **क्या है मामला :-** बिहार सरकार के द्वारा वर्ष-1993-94 में 40 गरीबो का पर्चा बॉटा गया था। जबकि वर्ष-2003-2004 में 20 गरीबो का पर्चा बॉटा गया था। उसी पर्चा के जमीन को सिकठौना के ललित पाठक व अनुग्रह पाठक अपनी रैयती जमीन बताकर दबंगई से दखल कब्जा करना चाहते है। इतना ही नही उसी जमीन को पाठक ने ओमप्रकाश पाल को लीज पर जमीन दे रखा है जबकि स्वयं ओमप्रकाश अपना कॉलेज बिना खाता-खेसरा अर्थात सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर प्राइवेंट कॉलेज विगत कई वर्षो से संचालित कर रहा है। एक सवाल के जबाव में श्री कन्हैया राजभर ने जानकारी दी कि पाठक ने जिलाधिकारी महोदय को फर्जी काजगात दिखाकर हमलोगो का पर्चा निरस्त करा चुके जबकि उस वाद का संम्बन्ध मौजा-खतिबा से कोई वास्ता नही है। उस वाद का सम्बन्ध मुनिम चौक बक्सर सें है। जिसका वाद संख्या-175/1975 है जिसका वादी-रामाश्रय सिंह बनाम बिहार सरकार है। जानकारी के लिये बता दूॅ कि वर्ष-1975 तक न्यायालय में 600सौ वाद नही था। परन्तु पाठक ने गलत कागजात पर हमलोग का पर्चा निरस्त करवा चुके है। वही अंचलाधिकारी बिना उच्च पदाधिकारी के आदेश के आलोक में कार्य करता रहता है, अपर समाहर्ता बक्सर के द्वारा बार-बार डांट लगाने के बाद भी बेशर्म अंचालाधिकारी इटाढी पर कोई असर नही पडता है। श्री श्रवण कुमार, माननीय, सदस्य बिहार विधान सभा से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-रा0-22 का उतर के दौरान जबाव में श्री रमई राम, मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने कहा कि समाहर्ता, बक्सर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष-1993-94 में बक्सर के इटाढी अंचल अन्तर्गत ग्राम-खातिबा में अनावाद बिहार सरकार की जमीन का पर्चा श्री सिपाही राजभर, कन्हैया राजभर,रामबचन राजभर वगैरह को 20 भूमिहिनो के बीच बन्दोवस्ती करने संबंधितो को दखल दिया गया था। दुसरे सवाल के जबाव में मंत्री जी कहा कि समाहर्ता बक्सर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार उपयुक्त खण्ड-01 वर्णित बन्दोवस्ती को समाहर्ता बक्सर के द्वारा टीएस-वाद संख्या-677/74 एवं 170/75 के आधार पर वाद संख्या-94/96 में पारित आदेश दिनांक-30-04-2002 के द्वारा रद्द कर दिया गया। तत्पश्चात मूल बन्दोबस्तधारी के द्वारा आयुक्त पटना प्रमण्डल पटना के न्यायालय में पुनरीक्षण वाद संख्या-77/02 दाखिल किया गया जो प्रक्रियाधीन है। इसके पश्चात उसी खाता में वाद संख्या-01/2003-04 के द्वारा 22 भूमिहीन व्यक्तियो को वाद संख्या-05/2003-04 के द्वारा 03 भूमिहीन व्यक्तियों को तथा वाद संख्या-06/2003-04 के द्वारा 16 व्यक्तियो अर्थात कुल 41 भूमिहीन व्यक्तियो को भूमि बन्दोबस्त की गई पुन: समाहर्ता बक्सर के पत्रांक-122302/ज0सी0को0 दिनांक 25/06/2010 के द्वारा इनमें से 14 व्यक्तियो को बन्दोबस्ती रद्द करने का निदेश दिया गया तथा 27 व्यक्तियो को अंचालाधिकारी इटाढी के द्वारा दखल दहानी दिलाने का निदेश दिया गया। श्री कुमार के एक दुसरे सवाल के जबाव में कहा कि आयुक्त महोदय पटना प्रमण्डल पटना के न्यायालय में पुनरीक्षण वाद सख्या-77/02 में आदेश पारित होने के पश्चात अनुपालन की कारवाई की जायेगी। मंत्री के जबाव में श्री कन्हैया राजभर ने केवल सच प्रतिनिधि को जानकारी दी कि तत्कालीन जिलाधिकारी बक्सर ने अंचलाधिकारी इटाढी के दी गई प्रतिवेदन पर घ्यान नही दिये वरना भ्रष्ट अंचलाधिकारी की दाल नही गलती जो पाठक से मोटी रकम लेकर इस तरह का बेबुयादी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है।●

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी
की हार्दिक शुभकामनाएँ।
-: निवेदक :-
डॉ. संजय कुमार
नरोमा हॉस्पिटल, शेरघाटी, गया



# नगर पंचायत इटाढ़ी बनाम ब्रह्मपुर

● बिन्ध्याचल सिंह

बक्सर जिला में कुल दो नगर परिषद् बक्सर व डुमराँव है जबकि तीन नगर पंचायत ब्रहम्मपुर, इटाढी, चौसा है। जो वर्ष-2022 में अस्तित्व में आये। नगर पंचायत इटाढी, जिला में विकास की रफतार के लिये चर्चा में रहता है वही नगर पंचायत ब्रहम्मपुर, भ्रष्टाचार की जननी है के लिये चर्चा में रहता है। वर्षो से बक्सर-दिनारा रोड का विकास जिला प्रशासन चाह कर भी नही कर सकता था, वो कार्य इटाढी नगर पंचायत के नगर अध्यक्ष ने कर दिखाया। बक्सर-दिनारा रोड के विकास पर खतिबा के कन्हैया राजभर ने कहा कि हम सभी क्षेत्रवासी आशा छोड दिये थे कि सुशासन की सरकार में रोड का विकास होने वाला नही है, लेकिन नगर अध्यक्ष न केवल रोड का विकास किये बल्कि इटाढी नगर का अपनी विकास से सुरत ही बदल डाली। जानकारो की माने तो श्री संजय पाठक नगर अध्यक्ष इटाढी अगर इसी तरह विकास को गति देते रहे तो वो दिन दूर नही जो बक्सर जिला ही नही अपितु बिहार में विकास में अहम स्थान रखेगा। हालाकि श्री संजय पाठक को केन्द्र सरकार से वर्ष-2024 में नगर विकास विभाग द्वारा पुरस्कृत भी कर चुकी है। अतः आप अंदाज लगा सकते है कि नगर पंचायत इटाढी का विकास किस गति से चल रहा है कि महज दो वर्ष के दौरान ही केन्द्र सरकार नगर विकास विभाग के माध्यम से पुरस्कृत किया। वही अपने भाग्य पर रोता नगर पंचायत ब्रहम्मपुर, शायद आहे भरता होगा कि मुझे अस्तित्व में आते ही ऐसे नगर अध्यक्षा मिली जो पति की प्रताडना से हमारी सभी सरकारी योजनाएँ को पतित होती देख रही है। वही वार्ड नम्बर-05 के एक नगरवासी ने जानकारी दी कि नगर पंचायत ब्रहम्मपुर का विकास केवल काजगी घोडा है। चाहे नाली, गली का निर्माण कार्य हो या नगर कि साफ-सफाई का। लेकिन हाँ नगर कि सफाई हो या न हो सरकारी खजाना का सफाई खुब अच्छी तरह से हो रही है, वही एक नगरवासी ने कहा कि जिस प्रकार ''माँ काली'' चोरो को एक रात ज्यादा उनकी कार्य करने के लिये बनाई है ठीक उसी प्रकार ''बाबा भोलेनाथ'' भी भस्मासुर जैसे असुरो को वरदान देते है।●



# राजू दानवीर द्वारा चूड़ा-दही भोज का आयोजन

● सोनू यादव



युवा नेता और हिलसा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राजू दानवीर ने आज हिलसा के सिटी उत्सव हॉल में पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों के साथ एकदिवसीय बैठक का आयोजन किया। इस मौके पर चूड़ा-दही भोज भी आयोजित किया गया, जिसमें हिलसा विधानसभा के हजारों गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। यह तय किया गया कि आने वाले दिनों में 20 सदस्यीय टीम की तैनाती की जाएगी और बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती के लिए कदम उठाए जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजू दानवीर ने कहा, "आप सभी के सहयोग और समर्थन से यह आयोजन सफल रहा। आइए, मिलकर हिलसा को नई ऊंचाइयों तक ले चलें। उन्होंने हिलसा के विकास की प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए कहा कि हिलसा को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए हम सब मिलकर काम करेंगे। मेरे लिए हिलसा की प्रगति सबसे महत्वपूर्ण है। और इसके लिए मैं पूरी तरह से समर्पित हूं। हम शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क सुविधाओं और अन्य बुनियादी ढांचे के सुधार के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। आप सभी का सहयोग मुझे और मेरे टीम को हिलसा के विकास के इस सफर में मजबूत बनाएगा। इस मौके पर मनीष यादव, गुलशन कुमार, राजेश कुमार , राकेश कुमार , बबलू यादव, मुखिया मुकेश पासवान, राजनीतीश कुमार, इंद्रजीत चक्रवर्ती सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।●



# पहाड़ गैंग का पुलिस ने किया पर्दाफाश

● **ओम प्रकाश**

राजधानी रांची में पुलिस ने मासूम बच्चों से चोरी और भीख मंगवाने का काम करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करने में सफलता हासिल की है। रांची के सिटी डीएसपी केवी रमन के नेतृत्व में गठित की गई टीम ने ये सफलता हासिल की है। इस गिरोह के द्वारा राजधानी में मासूम बच्चों से मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम दिलवाया जा रहा था। यही नहीं जो बच्चे मोबाइल चोरी करते थे, उनसे भीख भी मंगवाया जाता था। इस मामले में रांची पुलिस की ये एक बड़ी कार्रवाई है।

☞ **क्या है मामला :-** बता दे कि लालपुर थाना क्षेत्र के मोरहाबादी मैदान स्थित चल रहे राष्ट्रीय सरस मेले में कई मोबाइल फोन चोरी होने की सूचना पुलिस को मिल रही थी। इसी बीच मोबाइल चोरी के आरोप में एक नाबालिग (14 वर्ष) को कुछ लोगों ने पकड़ा। जब पुलिस पहुंची और उस बच्चे से पूछताछ हुई, तब उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। फिर बच्चे की निशानदेही पर चोरी के काम में लगे दो और अन्य बच्चों को भी पुलिस ने पकड़ा। बच्चे की निशानदेही पर उस शख्स को भी गिरफ्तार किया गया जो बच्चों से मोबाइल की चोरी और भीख मंगवाने का काम करवाता था।

☞ **सिटी एसपी ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी :-** इस मामले में राँची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने प्रेसवार्ता में बताया कि बच्चों ने पूछताछ में बताया कि उसके जैसे कई अन्य बच्चे और भी हैं जो राँची में किराए के मकान पर रहकर चोरी करने के साथ-साथ भीख मांगने का काम किया करते हैं। चोरी और भीख मंगवाने का काम उनसे साहिबगंज का रहने वाला शिवजी महतो और देव नाम का आदमी करवाता है। बच्चे से मिली सूचना के बाद रांची के सिटी डीएसपी केवी रमन के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के हेहल इलाके में शिवजी महतो के ठिकाने पर छापेमारी कर वहां से चोरी के 31 मोबाइल फोन बरामद किए, वहीं मौके से दो मासूम बच्चों (10 वर्ष) को रेस्क्यू किया गया। सिटी एसपी ने बताया कि दो बच्चों को सीडब्ल्यूसी के हवाले किया गया है। वहीं तीसरा नाबालिग 14 साल से ज्यादा का था इसलिए उसे निरूद्ध करते हुए बाल सुधार गृह भेजा गया है। इस मामले में शिवजी महतो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरा आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।



☞ **साहिबगंज का तीन पहाड़ी गैंग है सक्रिय :-** बता दें कि झारखण्ड के साहिबगंज जिला में तीन पहाड़ी नाम का एक कस्बा है, जहां के रहने वाले कुछ लोग चोरी के धंधे में लिप्त हैं। सभी पेशवर चोर हैं। राजधानी जैसे शहरों में जब भी कोई बड़ा मेला या फिर रैली का आयोजन होता है, तब यह ग्रुप पूरी तरह से एक्टिव हो जाता है। राजधानी के मोरहाबादी मैदान में खादी मेले का आयोजन किया गया था,इस मेले में गिरोह के द्वारा बच्चों के जरिए दर्जनों मोबाइल फोन चोरी करवाए गए थे।

☞ **ऐसे चोरी करते हैं स्मार्ट फोन :-** तीन पहाड़ी गैंग में छोटे-छोटे बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। महिलाएं और बच्चे मॉल में खरीदारी करने वाले लोगों के आसपास घूमकर उनके पर्स और पॉकेट से मोबाइल गायब कर तुरंत उसे बाहर खड़े पुरुष सदस्यों को दे देते हैं। इस दौरान अगर किसी बच्चे को शक के आधार पर पकड़ा भी जाता था तब भी उनके पास से मोबाइल बरामद नहीं हो पाता था।

☞ **देश के अलग-अलग हिस्सों में देते हैं, मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम :-** साहिबगंज के तीन पहाड़ी कस्बे से चोरों का एक बड़ा गिरोह झारखण्ड में ही नहीं बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों में मोबाइल चोरी का काम करता है।यह लोग एक साथ चोरी की वारदातों को अंजाम देने के लिए नहीं निकलते हैं, बल्कि अलग-अलग शहरों में तीन से चार लोग जाते हैं। बहुत ज्यादा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के बाद यह लोग शहर बदल लेते हैं।

☞ **बच्चों को मोबाइल चोरी करने के लिए दी जाती है ट्रेनिंग :-** सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने यह भी बताया कि साहिबगंज के तीन पहाड़ में, मासूम बच्चों को चोरी करने के लिए ट्रेनिंग दी जाती है, उनके ट्रेंड होने के बाद, उन्हें राँची लाकर उनसे चोरी करवाया जाता है। बच्चों के मां-बाप को भी चोरी में से हिस्सा मिलता है। तीन पहाड़ी गिरोह के सदस्य राजधानी राँची सहित दूसरे शहरों में भी घूम-घूमकर मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। चोरी के 100 से अधिक मोबाइल जमा हो जाने के बाद उसे साहिबगंज से आए एजेंट के हवाले कर दिया जाता था। गिरफ्तार अपराधी शिवजी महतो ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि उसे 10 हजार के एक मोबाइल का तीन हजार और 20 हजार के एक मोबाइल के बदले 7 हजार रुपए मिलते है। वहीं 50 हजार रुपए से ज्यादा के मोबाइल चोरी करने पर उन्हें इसके एवज में गिफ्ट के साथ 20 हजार रुपये भी मिलते थे।●

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएँ।
-: निवेदक :-
डॉ. उदय कुमार
उपाधीक्षक, शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल, शेरघाटी, गया




# एसीबी के हत्थे चढ़ा घूसखोर सीओ

● ओम प्रकाश

झारखण्ड की राजधानी राँची में नए साल के दूसरे ही दिन एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने राँची के सदर सीओ मुंशी राम को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मुंशी राम को रांची के कचहरी चौक स्थित उसके अंचल कार्यालय से गिरफ्तार किया गया है। बता दे कि मुंशी राम राँची में रहने वाले एक व्यक्ति से उसकी जमीन नापी के लिए 37 हजार की रिश्वत मांग रहे थे। पीड़ित ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से की थी। जिसके बाद एसीबी की टीम हरकत में आई। मामले की जांच के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने गुरुवार को मुंशी राम के कार्यालय में छापेमारी की और उन्हें 37 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सीओ को गिरफ्तार करने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम पुष्पांजलि अपार्टमेंट स्थित उसके घर पहुंची और वहां भी छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा सीओ मुंशी राम के घर से 11 लाख 42 रुपए की नकदी बरामद की गई। इस पूरे मामले पर, झारखण्ड एसीबी डीजी, सह प्रभारी डीजीपी, अनुराग गुप्ता ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित व्यक्ति से मुंशी राम ने जमीन के सीमांकन के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। पैसा कम करवाने के बाद यह राशि 37 हजार हो गई थी। जिसके बाद पीड़ित ने एंटी करप्शन ब्यूरो को पूरे मामले की सूचना दी। जिसके बाद डीएसपी स्तर के अधिकारियों के द्वारा मामले की पड़ताल की गई। जांच में पूरा मामला सच पाया गया। मामले की पुष्टि होने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम, रांची के कचहरी चौक स्थित अंचल कार्यालय में पीड़ित व्यक्ति के साथ पहुंची और जब पीड़ित व्यक्ति मुंशी राम को पैसे देने लगा, तब पहले से मौजूद टीम ने सीओ मुंशी राम को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मुंशी राम के घर पर भी छापेमारी की जहां से 11 लाख 42 हजार रुपये की नकदी बरामद की गई।

☞ **जानिए पूरा ममला :-** बताते चले कि पीड़ित व्यक्ति के पत्नी के नाम पर तीन कट्ठा आठ छटांक जमीन चुटिया के सिरमटोली मौजा स्थित सरदार गली भट्ठी टोली में है। शिकायतकर्ता की ओर से जमीन की मापी के लिए वर्ष 2023 में शिकायतवाद दायर किया गया था। इसमें एसडीओ ने 31 मार्च को शहर अंचल अधिकारी को उक्त जमीन का सीमांकन कराकर समस्या समाधान करने का आदेश दिया था. अंचल अधिकारी ने



जमीन के कागजात देखने के बाद सीमांकन फीस जमा करने का आदेश दिया था। इसके बाद शिकायतकर्ता ने पहली बार 12 दिसंबर 2023 को सरकारी फीस जमा की थी। लेकिन अंचल अधिकारी द्वारा सीमांकन नहीं किया गया। इस पर शिकायतकर्ता ने दोबारा उसी जमीन के सीमांकन के लिए 11 जून 2024 को फीस जमा की। इस तरह एक ही जमीन का सीमांकन कराने के लिए शिकायतकर्ता ने दो बार सरकारी फीस जमा की। इसके बाद शहर अंचल अधिकारी मुंशी राम ने शिकायतकर्ता को फोन कर 27 दिसंबर को सिरमटोली चौक बुलाया और जमीन का सीमांकन करने के एवज में 50 हजार रुपये की मांग की। हालांकि, बाद में वह 37 हजार लेकर काम करने को तैयार हो गये। शिकायतकर्ता रिश्वत देकर काम नहीं कराना चाहते थे। इस कारण उन्होंने इसकी शिकायत एसीबी से की। शिकायत के आधार पर एसीबी ने एक टीम गठित कर मामले का सत्यापन कराया, जिसमें आरोप सही पाया गया। इसके आधार पर आरोपी के खिलाफ एसीबी में केस दर्ज किया गया। इसी केस के तहत गुरुवार को एसीबी की टीम ने शहर अंचल कार्यालय में छापेमारी कर मुंशी राम को 37 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। डीजीपी ने बताया कि हाल में मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसी के तहत एसीबी ने कार्रवाई शुरू की है।

☞ **मुंशी राम की संपत्ति की होगी पूरी जांच :-** डीजीपी ने बताया कि मुंशी राम और उनके परिवार द्वारा अर्जित की गई पूरी संपत्ति की जांच होगी। अगर यह पाया जाता है कि उन्होंने अपने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है, तो उनके

खिलाफ सरकार से अनुमति लेकर अलग से आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में केस दर्ज किया। दर्ज केस के आधार पर आगे अनुसंधान कर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

☞ **सभी अंचल कार्यालयों में लगेगा एसीबी का नंबर :-** डीजीपी ने बताया कि राज्य के सभी अंचल कार्यालयों के बाहर अब एसीबी के मोबाइल नंबर बोर्ड पर लगाये जायेंगे। अगर आमलोगों से किसी कर्मी या अधिकारी द्वारा किसी काम के एवज में रिश्वत की मांग की जाती है, तो आमलोग उक्त नंबर पर इसकी शिकायत एसीबी से कर सकेंगे।

☞ **सीएम ने अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई का दिया है निर्देश :-** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 23 दिसंबर को हुई बैठक में आला अधिकारियों से कहा था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति है। उन्होंने कहा था कि भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा था कि अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। जमीन की दाखिल-खारिज व डिजिटाइजेशन के नाम पर भी पैसे लेने की शिकायत मिली है। इसमें शामिल अधिकारियों, कर्मियों के साथ जमीन दलालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया था। श्री सोरेन ने डीजीपी समेत अन्य वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया था कि एसीबी उड़नदस्ते का गठन कर लगातार अंचल व प्रखंड कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर छापामारी करें। उन्होंने कहा था कि जमीन दलालों द्वारा बड़े स्तर पर फर्जी दस्तावेजों के जरिये जमीनों की हेरा-फेरी की जा रही है। इससे जमीन से जुड़े विवाद तेजी से बढ़ रहे हैं। अगर समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह भविष्य में बड़ा खतरा बन सकता है। इसे रोकने की दिशा में सभी संभावित कदम उठाये जायें एवं कठोर कार्रवाई करें।●

# पिकअप वाहन लूट में तीन अपराधी गिरफ्तार

● **ओम प्रकाश**



राजधानी रांची के तुपुदाना इलाके से पिकअप वैन लूटने वाले तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में बलवंत सिह, रौशन कुमार सिंह, और राहुल कुमार शामिल हैं। तीनों अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, एक राउंड जिंदा गोली और कोतवाली थाना क्षेत्र से चोरी की हुई स्कूटी बरामद किया है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि एक जनवरी को चोरी की पिकअप वैन के साथ तीन लड़कों को पकड़कर तुपुदाना थाना लाया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वो टोटो चलाते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि तीनों ने बीते 29 दिसंबर की रात को तुपुदाना इंड्रस्टियल एरिया से पिकअप वाहन चोरी की थी। 29 तारीख की रात यह लोग देसी कट्टा और एक जिंदा गोली के साथ मास्टर चाबी साथ लेकर



गाड़ी चोरी करने के लिए इंडस्ट्रियल एरिया पहुंचे एवं पिकअप वाहन को चोरी कर ले गए। सिटी एसपी ने आगे यह भी बताया कि इन लोगों के द्वारा हथियार के बल पर लालगुटुआ पुल के पास से एक बाइक की भी छिनतई की गई थी। इसके अलावा लालपुर इलाके से स्कूटी की भी चोरी की गई थी। गिरफ्तार तीनों अपराधियों की निशानदेही पर दो अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि तीनों के पास से एक स्कूटी, एक पिकअप वैन, एक हथियार और एक मास्टर चाबी बरामद की गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।●

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएँ।

-: निवेदक :-

शैलेश कुमार

थानाध्यक्ष

आमस, गया



गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएँ।

-: निवेदक :-

अजित कुमार

थानाध्यक्ष

शेरघाटी, गया





# पीएलएफआई का कुख्यात एरिया कमांडर सुल्तान चढ़ा पुलिस के हत्थे

## झारखण्ड पुलिस के लिए बना हुआ था सरदर्द

● ओम प्रकाश

खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी के नेतृत्व में रांची पुलिस को मिली बड़ी सफलता हाथ लगी है। झारखण्ड के कई जिलों में पुलिस के लिए सर दर्द बना पीएलएफआई के कुख्यात एरिया कमांडर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान को राँची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दे कि सुल्तान के काम से खुश होकर पीएलएफआई ने उसको प्रमोशन देते हुए पीएलएफआई का झारखंड स्टेट हेड नियुक्त किया था, पुलिस ने उसके पास से एक पिस्तौल एक कार्बाइन और जिंदा गोली के अलावा कई अन्य सामग्री बरामद किया है। लंबे समय से पुलिस को कृष्णा यादव की तलाश थी। यह जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने दी। इस दौरान खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी, खलारी थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कमार, थाना प्रभारी चान्हों चंदन कुमार एवं थाना प्रभारी बुढ़मू रितेश कुमार महतो उपस्थित रहे। पीएलएफआई उग्रवादी संगठन का एरिया कमांडर कृष्णा यादव कई जिलों के लिए सिर दर्द बना हुआ था। राँची के साथ साथ लोहरदगा,खूंटी, लातेहार आदि जिलों में भी उसने कई घटनाओं का अंजाम दिया था। क्रेशर और वाहनों में आगजनी,गोलीबारी, हत्या सहित कई मामलों में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। कृष्णा यादव लगातार पुलिस से बचता फिर रहा था। इसी बीच राँची के एसएसपी को गुप्त सूचना मिली कि नक्सली कृष्णा यादव मैकलुस्कीगंज इलाके में आया है। जिसके बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में खलारी थाना, मैकलुस्कीगंज थाना की पुलिस और एसएसपी की क्यूआरटी टीम ने घेराबंदी कर छापेमारी की और नक्लसी को गिरफ्तार कर लिया।इस मामले में पुलिस का कहना है कि एरिया कमांडर कृष्णा यादव पकड़ा गया है। फिलहाल इससे ज्यादा वह कुछ जानकारी नहीं दे सकते हैं। कृष्ण यादव की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है।वह क्षेत्र में दहशत बना हुआ था। लोग सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे थे। इससे पहले भी पुलिस ने इस नक्सली एरिया कमांडर को बालूमाथ से गिरफ्तार किया था लेकिन पुलिस को चकमा देकर वह फरार होने में कामयाब हो गया था।



☞ वर्ष 2015 में बुढमू थाना क्षेत्र के ग्राम साड़म में रोड निर्माण में लेवी नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य में लगे जे०सी०बी० मशीन में दस्ता सदस्यों के साथ मिलकर आग लगा दिये थे। इसी वर्ष बुढ़मू थाना क्षेत्र के ग्राम मक्का में पुल का निर्माण में रंगदारी का पैसा नहीं मिलने के कारण दस्ता सदस्यों के साथ जाकर हथियार का भय दिखाकर निर्माण कार्य को रोकवा दिया था।

☞ वर्ष 2015 में बुरमू थाना क्षेत्र के पाहन टोली में स्कुल निर्माण में रंगदारी नहीं मिलने के कारण दस्ता सदस्यों के साथ जाकर निर्माण स्थल पर खड़े मिक्सर मशीन में आग लगाकर जला दिये थे। वर्ष 2016 में लातेहार जिला के चंदवा

थाना क्षेत्र से हथियार के साथ पकड़े गये थे तथा जेल गये थे।

☞ वर्ष 2016 में जेल से निकलने के बाद पुनः पी०एल०एफ०आई० संगठन में शामिल हो गये तथा दस्ता सदस्यों के साथ मिलकर बुढ़मू थाना क्षेत्र के मुरगी गाँव में रोड निर्माण हेतु खड़ा जे०सी०बी० एवं ट्रैक्टर में लेवी का पैसा नहीं मिलने के कारण आग के हवाले कर दिये थे।

☞ वर्ष 2017 में चान्हों थाना क्षेत्र के लुकैयाढोड़ा में दस्ता सदस्यों के साथ हथियार का भय दिखाकर करीब 20-25 गाड़ियों से लूटपाट किये थे।

☞ वर्ष 2017 में चान्हो थाना क्षेत्र के पतरातू गाँव में भानू महतो के घर पर हमला कर पैतालीस हजार रूपये नगद एवं सामानों की लूटपाट किये थे।

☞ वर्ष 2017 में बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा से गम्हरिया तक रोड निर्माण कर रहे कंपनी से लेवी की मांग किये थे कंपनी द्वारा लेवी नहीं देने के कारण साईड पर खड़ा रोलर में आग लगा दिये थे तथा मजदूरों के साथ मारपीट कर भगा दिये थे।

☞ वर्ष 2017 में चान्हो थाना क्षेत्र के आनन्द शीला आश्रम में दस्ता सदस्यों के साथ हथियार के बल पर घुसकर सन्यासियों के साथ मारपीट एवं लूटपाट किये थे।

☞ वर्ष 2017 में चान्हो थाना क्षेत्र के चौड़ा जंगल के पास रोड के ठेकेदार के साईट पर लूटपाट के नियत से दस्ता सदस्यों के साथ पहुँचे थे कि इसी बीच चान्हो थाना की पुलिस आ गयी और मैं अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया।

☞ वर्ष 2018 में बालूमाथ थाना अंतर्गत बालूमाथ रेलवे साईडिंग प्लेटफॉर्म नं0. 2 के पास खड़ी जे०सी०बी० पे लोडर में रंगदारी नहीं मिलने के कारण आग के हवाले कर दिये थे।

☞ वर्ष 2019 में बुढ़मू थाना क्षेत्र के पाही के पास सड़क निर्माण में रंगदारी नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य में लगे पोकलेन मशीन में आग लगाकर जला दिये थे। साथ हीं राय स्टेशन स्थित आर०सी०एम० साईडिंग में फायरिंग किये थे।

☞ वर्ष 2020 में पी0एल0एफ0आई0 के दस्ता सदस्यों के साथ पिपरवार थाना क्षेत्र के अशोका प्रोजेक्ट के कांटा नं0-5 पर लेवी की मांग को लेकर पहुँचे तथा वहाँ तैनात दो सिक्युरिटी गार्ड को कब्जा में लेकर सी०सी०टी०वी० बंद करा दिये तथा गार्ड को पर्चा दिये कि जब तक पी०एल०एफ०आई० से बात नहीं होगा तब तक काम नहीं होगा तथा कांटा घर के गेट पर तीन बम फेंक क्षतिग्रस्त कर दिये थे।

☞ वर्ष 2020 में बचरा साईडिंग में काम करने वाले ट्रांसपोर्टरों से लेवी की मांग किये थे परन्तु ट्रांसपोटरों द्वारा लेवी नहीं दिया गया तब मैं दस्ता सदस्यों के साथ बचरा साईडिंग पहुँच कर दो हाईवा एवं एक पी लेडर में पेट्रोल डाल कर आग लगा दिये थे।

☞ वर्ष 2020 में चान्हो थाना क्षेत्र के चारा गाँव निवासी जगरन्नाथ मुण्डा को पुलिस का गुप्तचर होने के कारण दस्ता सदस्यों के साथ मिलकर हत्या कर दिये थे।

☞ वर्ष 2020 में चान्हो थाना क्षेत्र के बलसोकरा पंचायत के मुखिया झामको मुण्डा से लेवी की मांग किये थे नहीं देने के कारण उनके घर पर हमला कर मारपीट कर जख्मी कर दिये थे।

☞ वर्ष 2020 एवं 2021 में खलारी थाना क्षेत्र के कई कोयला कारोबारियों से लाखों रूपये का लेवी की मांग किये थे तथा नहीं देने पर जान मारने की धमकी दिये थे।

☞ वर्ष 2020 में चान्हो थाना क्षेत्र से अवैध हथियार के साथ पकड़े गये थे। मार्च 2021 में लातेहार जिला के बालूमाथ थाना द्वारा कोयला कारोवारी के घर फायरिंग के मामले में पूछताछ हेतु राँची जेल से रिमांड पर लाया गया था। मैं शौच करने का बहाना कर हाजत से भागने का योजना बनाया तथा मुझे शौच में बैठाकर जैसे ही पुलिसकर्मी पानी लेने गया कि मैं शौचालय से निकल कर भाग गया था।

☞ वर्ष 2022 में ग्राम सांगा पिठौरिया स्थित हकीम अंसारी के कशर पर जाकर हथियार का भय दिखाकर कर्मचारियों के साथ मारपीट किये थे तथा संगठन का पर्चा लेवी लेने के लिए चिपकाये थे।

☞ वर्ष 2022 में चान्हो थाना क्षेत्र के रामदगा में मेला लगा हुआ था तथा रात्रि में आरकेस्ट्रा का प्रोग्राम हो रहा था। मैं दस्ता सदस्यों के साथ आरकेस्ट्रा देखने गया था, जहाँ सागर गुप्ता के साथ बकझक हो गया तो मैं आवेश में आकर उसे गोली मार कर हत्या कर दिया तथा अभय साहू जो हमलोग को पकड़ने का प्रयास किया उसे भी पैर में गोली मारकर जख्मी कर दिया था।

☞ वर्ष 2022 में मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धमधमियाँ रेलवे केबिन के पास सड़क का निर्माण कार्य हो रहा था उक्त निर्माण को लेकर मेरे द्वारा कार्य कर रहे मुंशी एवं मालिक को लेवी एवं पैसा मांगा गया परन्तु मुंशी एवं मालिक के द्वारा लेवी का पैसा नही देने पर दस्ता सदस्यों के साथ काम करा रहे मुंशी मानिक प्रसाद साहु को पैर में गोली मारकर वहाँ से भाग गया था।

☞ वर्ष 2022 में कुडू थाना अंतगर्त लक्ष्मी नगर के रहने वाले विकास कु० साहु की हत्या दस्ता सदस्यों के साथ मेरे द्वारा की गयी थी।

☞ वर्ष 2023 में लोहरदगा थाना क्षेत्र के ग्राम बंडा पथराटोली स्कूल के पास नहर निर्माण करा रहे मुंशी को मैं दस्ता सदस्यों के साथ लेवी हेतु धमकी दे रहे थे इसी बीच पुलिस आ गयी और दस्ता सदस्य प्रकाश यादव को पकड़ लिया, परन्तु मैं भागने में सफल हो गया।

☞ वर्ष 2023 में लाल पुन्डरीक नाथ सहदेव द्वारा लेवी नहीं देने के कारण कुडू थाना क्षेत्र के पंडरा में लगा केशर एवं पोकलेन में आग लगाकर मैं दस्ता सदस्यों के साथ जला दिया था।

☞ वर्ष 2023 में खलारी थाना क्षेत्र के पुरनी राय रेलवे पुल निर्माण क्षेत्र में दस्ता सदस्य पहुँच कर मजदूरों एवं मुंशी को बिना मुझसे बात किये काम नहीं करने एवं चालू करने पर जान से मार देने धमकी दिया।

☞ वर्ष 2024 खलारी थाना क्षेत्र के करकटा के कशर मालिक हकिम अंसारी के भाई वारिस अंसारी को फोन कर धमकी दिये तथा दस्ता सदस्यों के साथ लेवी का मांग किये थे और संगठन का पर्चा चिपकाये थे तथा हकीम अंसारी के बगल में जो कशर हैं उसका मालिक
घटना के बाद 2 लाख रूपया लेवी दिया था।

☞ वर्ष 2024 में पिठोरिया थाना क्षेत्र में मैं दस्ता सदस्यों के साथ हकीम अंसारी को अगवा कर. हत्या का योजना बनाने के क्रम में पुलिस आकर घेराबंदी करने लगा जिससे भागने के क्रम में दस्ता के सूरज गोप पिस्टल एवं गोली के साथ पकड़ा गया।

☞ वर्ष 2024 में मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हरहू बसरिया जाने वाली सड़क पर पूल निर्माण कार्य में मैं दस्ता सदस्यों के साथ वहाँ काम करने वाले मजदूरों के साथ मारपीट कर धमकी देते हुए काम बंद करवा दिया था।

☞ वर्ष 2024 में मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हरहू, बसरिया जाने वाली सड़क पर पुल निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा था उसमें में लेवी का मांग किया था।ठेकेदार द्वारा लेवी नहीं देने के कारण जुलाई महीना में पुल निर्माण कार्य स्थल पर दस्ता सदस्यों के साथ धावा बोलकर निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के साथ मारपीट कर काम बंद करा दिये थे। परन्तु ठिकेदार अपना मुंशी भूपेन्द्र यादव को भेजकर फिर से काम शुरू करा दिया तो मैं पुनः अगले दिन दस्ता सदस्यों के साथ वहाँ काम करा रहे गुंशी भूपेन्द्र यादव ग्राम मानसिंघा को साईड पर हीं जाकर गोली मारकर हत्या कर दिया था।

☞ वर्ष 2024 में मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के महुआटांड़ में सड़क निर्माण का कार्य में काम करा रहे मुंशी अनिल यादव को वाट्सएप नंबर पर पर्चा भेजकर धमकी दिया।

☞ वर्ष 2024 में लातेहार थाना क्षेत्र अंतर्गत रेल विकास निगम लिमिटेड ट्रैक्स एवं लिमिटेड द्वारा संचालित तिसरी रेल निर्माण कार्य में पुल नं0-218 के कार्य के निर्माण को लेकर लेवी का पैसा मुंशी द्वारा नहीं दिये जाने पर दस्ता सदस्यों के साथ हथियार एवं लोहे के रड से सिविल इंजीनियर को मारपीट किया था एवं गोली भी चलाया था।

☞ वर्ष 2024 में लातेहार थाना क्षेत्र के विकास तिवारी के द्वारा वर्ष 2021 में टोरी बरवाडीह रेल

लाईन का काम करवा रहे थे जिसमें मैं अपने वाट्सएप नं0 से विकास तिवारी को आडियो और विडियो कॉल करके हथियार दिखाकर कई बार लेवी का मांग किये थे एवं जान मारने का धमकी दिये थे।

☞ वर्ष 2025 में लातेहार जिला में रॉची डाल्टनगंज फोर लेन सड़क निर्माण में लगे कंपनी से लेवी की मांग किया हूँ।

☞ वर्ष 2025 में बेड़ो थानान्तर्गत बेड़ो बाजार में अपने पी0एल0एफ0आई0 संगठन के सदस्यों के द्वारा पोस्टरबाजी किया गया एवं कंटस्ट्रशन साईट में गोलीबारी करने हेतु अपने सदस्यों को भेजा था। इसके अतिरिक्त रॉची लोहरदगा, लातेहार, चतरा आदि जिले के कई क्षेत्रों में पी०एल०एफ०आई संगठन के लिए रंगदारी का मांग किया है तथा नहीं देने पर हत्या,फायरिंग, तोड़फोड़ तथा आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। इनके द्वारा वसूले गये रंगदारी के पैसा का उपयोग करने वाले, पुलिस की गतिविधि का सूचना देने वाले तथा संगठन को अन्य तरह का सहयोग पहुँचाने वाले लोगों का नाम बताया गया है जिनके विरूद्ध पुलिस जांचोपरांत कार्रवाई करेगी।

**आपराधिक इतिहास :-**

☞ चान्हों थाना काड स० 16/2014, धारा -302 भा० द०वि० में बलसोकरा के मुखिया भोला उरावं के हत्याकांड में जेल गये थे।

☞ बुड्मू थाना काढ सं० 05/2015 दिनाक 24.01.2017, घारा-435/427/34 भा० द०वि० में साडम में जे०सीबी० गाडी जलाये थे। जिसमें जेल गये थे।

☞ बुढमू थाना कांड सं0 63/2015, दि० 24. 07 2017. धारा-24.07.2017. धारा 387/3071407/504/34 भा०द०वि० एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट में पी०एल०एफ०आई० सगठन के नाम पर धमकी देकर बुढमू राय रोड के ठीकेदार से लेवी मागे थे। जिसमें जेल गये थे।

☞ गुढगू थाना कांड सं0 66/2015, दि० 12.08. 2017, धारा 387/3071407/504/34 मा०८० नि० एवं 17 सी० एल०ए० एक्ट में लेवी नहीं देने पर परहन टोली स्कूल में जेनेरेटर एवं मिक्सर मशीन को जला दिये थे। जिसमें जेल गये थे।

☞ चंदवा थाना से आस के साथ गिरफ्तार हो कर सितंबर 2015 में शरद अधिनियम से जेल गये थे।

☞ बुह थाना कांड सं0 21/2017 दि० 04.05. 2017. धारा 435/427/379/506/34 भा०द०वि० में बुदयू में जे०सी०बी० और जलाये थे। जिसमें जेल गये थे।

☞ सुग्पू थाना कांड सं0 24/2017 दि० 13.06. 2017,धारा-323/379/435/427/506/387 भा०द०वि० एवं 17 सी०एल०९० एक्ट में बुक्मू में रोलर गाड़ी जलाये थे जिसमें जेल गये थे।

☞ चान्हो थाना 50/2017, दिनांक 24.05.2017, धारा 395/427 भा०द०वि० लुऊँयाधीवा में गाड़ियों से लूटपाट किये थे जिसमें जेल गये थे।

☞ चान्हो थाना 61/2017 दिनाक 03.07.2017 धारा-395 भा०द०वि० में पतरातु में दुध के कारोबार करने वाले मानु महतो के घर में घुस कर लूटपाट किये थे जिसमें जेल गये थे।

☞ चान्हो थाना 69/2017, दिनाक 07.07.2017 धारा-395/397/427/412 भा०द०वि० में आनदशीला में सन्यासियों से मारपिट कर लूटपाट किये थे। जिसमें जेल गये थे।

☞ चान्हो थाना 83/2017 दिनाक 03.09.2017. धारा-399/402 भा०द०वि० एवं 25 (1-B)a/26/36 Arms act एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट जिसमें जेल गये।

☞ चान्हो थाना कांड सं0 161/2019 दि० 17. 11.2019 धारा-385/386/387 मा० द०वि० एव 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 17 सी०एल०९० एक्ट।

☞ चान्हो थाना काड सं० 27/2020, दि० 13. 02.2020, धारा-302/34 भा० द०वि०।

☞ चान्हो थाना काढ सं० 130/2020. दि० 29. 07.2020, धारा-386/387/388/455/34 भा०द० वि० 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी० सल०ए० एक्ट

☞ चान्हो थाना कांड सं० 133/2020, दि० 02. 08.2020,धारा-323/386/387/504/34 एवं 17 सी० एल०ए० एक्ट।

☞ पीपरवार थाना कांड सं0 40/2020, दि० 16. 10.2020, धारा 147/148/149/341/342/435 मा० द०वि० एवं 17 सी०सल०ए० एक्ट

☞ काके थाना काड स० 101/2020, दि० 10. 06.2020, धारा-392 भा०द०वि०।

☞ कुडू थाना कांड संख्यां 196/2019, दिनाक 18.11.2019, धारा 147/148/149/323/325/ 307/1506/386 मा०८०वि०, 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 27/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट।

☞ कैरो थाना कांड सं0 16/2015, दि० 22.05. 2015.धारा-147/148/149/353/385/435/506 भा० द०वि०, 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी० एल०ए० एक्ट।

☞ कुडू थाना काड् सं० 124/2018, दि० 25. 09.2018, धारा-427/435 भार०द०वि० एवं 17 सी० एल०ए० एक्ट)।

☞ कुडू थाना कांड सं0 207/2019, दि० 22. 12.2019, धारा-353/307 भा०द०वि०, एवं 25 (1-B)a/26/36 Arms act 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट।

☞ पतरातु धाना का सं० 158/2020, दि० 10. 08.2020,धारा-385/300/367/506/379 भा०द० वि० एवं 17 सी० एल० ९० एक्ट 23 पंदवा थाना कांड सं0 40/2020, दि० 07.03.2020, धारा-341/342/323/307/386/34 भा०द०वि० एवं 17 सी० एल० ९० एक्ट।

☞ चंदवा थाना कांड स० 47/2020, दि० 18. 03.2020, धारा 147/148/149/353/307 भा०द०वि०, एवं 25(1-B)a/26/35 Arms act एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट 25 पीपरवार थाना कांड सं0 35/2020, दि० 24.08.2020, धारा-147/148/149/353/379/427/504/506 मा० द०वि०, 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 17 (1) (2) सी०एल०ए० एक्ट।

☞ खलारी थाना कांड स० 40/21, दि० 18.04. 2021. धारा-385/387 भा०द०वि० एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट।

☞ खलारी थाना कांड सं0 47/2019, दि002. 07.2019, धारा 147/148/1492353 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट।

☞ बालूमाथ थाना कांड सं0 165/18 धारा 147/148/149/384/385/427/435 भा०द०वि०. 17(1)(2) सी०एल०ए० एक्ट एवं 10/13 यू०ए०पी० एक्ट।

☞ खलारी थाना काड सं० 88/20, दि० 30.11. 2020, धारा-387 भा० द०वि०

☞ बालूमाथ थाना कांड सं० 170/18, दि0-19.09.20218, धारा-25 (1-ठ)/26/35।तडे बज. 3/4 विस्फोटक

पदार्थ अधिनियम एवं 17 सी० एल०ए० एक्ट

☞ चंदवा थाना कांड स० 127/18, दि० 31.12. 20218, धारा 147/148/149/323/307/353 भा० द०वि०, एवं 25(1-ए/26/27/35 Arms act एवं 17 (1) (2) सी०एल०ए० एक्ट।

☞ चंदवा थाना कांड स० 44/2020, दि० 15. 03.2020, धारा 147/148/149/307/353 भा० द०वि०, एवं 25 (1-B)a/26/27/35 Arms act

☞ लातेहार थाना कांड सं0-165/21, दि०- 18. 07.2021, धारा- 385/387 भा0द0वि0 एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट।

34. लातेहार थाना कांड सं0-260/21, दि०- 23. 10.2021, धारा 147/148/149/323/324/325/ 1307/379/337/506 भा0द0वि0 एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट।

☞ चंदवा थाना कांड स० 213/2024, दि० 24/12/2024, धारा 308 (1) /304 (4) 308 (6) 3 (5) भा०न्या०सं०, एवं 17 सी० एल०ए० एक्ट।

☞ मनिका थाना कांड सं0-03/2025, दि०-05.01.2025, धारा-308 (3) / 308 (5) भा०न्या०सं० एवं 17 सी० एल०ए० एक्ट

☞ पिठौरिया थाना कांड सं0-50/2022 दिनाक 14.03.2022 धारा-387/34 भा० द०वि० एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट।

☞ पिठौरिया थाना कांड सं0-51/2022 दिनांक-14.03.2022 धारा-341/323/367/506/34 भा०द०वि० एवं 17 सी० एल०ए० एक्ट।

☞ पिठौरिया थाना कांड सं0-24/2024 दिनांक

02.03.2024 धारा- 447/394/435/427/386/3871/286/504/506/120 (B) भा०द०वि० एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट।

☞ पिठौरिया थाना कांड सं0-41/2024 दिनांक 31.03.2024 धारा-25(1-ए)/25 (18)a/25 (6)/26 Arms act एवं 17 सी० एल०ए० एक्ट।

☞ खलारी थाना कांड स०80/2023, दि० 20. 12.2023. धारा-452/387/34 भा०द०वि० एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट।

☞ मैक्लुस्कीगंज थाना कांड सं0- 21/2022, दि०- 09.06.2022, धारा- 341/323/386/387/307/504/506/34 भा0द0वि0, 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट।

☞ मैक्लुस्कीगंज थाना कांड सं0- 29/2024, दि०- 17.07.2024, धारा- 126(2)/127 (2)/113(2)/117(2/303(2)/308(3)/308(5)/308(4)/352/351 (3) 3 (5) BNS एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट।

☞ मैक्लुस्कीगंज थाना कांड सं0-30/2024, दि०-18.07.2024, धारा 103(1)/61 (2) BNS, 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट।

☞ मैक्लुस्कीगंज थाना कांड सं0- 42/2024, दि0 21.12.2024, धारा- 308(3) / 308 (4) BNS एवं 17 सी० एल०ए० एक्ट।

☞ भण्डरा थाना कांड सं0- 21/2023, दि०-08.04.2023, धारा 147/148/149/341/323/379/386/387/506 भा0द0वि0 एवं 17 सी० एल०ए० एक्ट।

☞ चान्हो थाना काड सं0 85/2022, दि० 01. 06.2022, धारा-302/307/34 भा०द०वि०।

☞ कुडू थाना कांड सं0 20/2023, दि० 10/02/2023, धारा-384/385/387 भा० द०वि०, एवं 25 (1-B )a/26/35 Arms act एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट।

☞ कुडू थाना कांड सं0 16/2023, दि० 31/01/2023, धारा-387 भा० द०वि०, एवं 17 सी० एल०ए० एक्ट।

☞ कुडू थाना कांड सं0 17/2023, दि० 13/02/2023, धारा-385/387/435 भा० द०वि० एवं 17 सी० एल०ए० एक्ट।

☞ कुडू थाना कांड सं0 22/2023, दि० 13/02/2023, धारा-1208/414/34 भा० द०वि० ☞ विस्फोटक पदार्थ अधि0 एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट। ●

# लालू यादव और उसका भाई ब्राउन शुगर और हथियार के साथ गिरफ्तार

● **ओम प्रकाश**




डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश के बाद पुलिस ने नशे के सौदागरों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में राजधानी रांची की सुखदेव नगर थाना पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थ की खरीद बिक्री मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में लालू यादव उर्फ हिमांशु यादव उम्र 19 वर्ष और सुशांत यादव उर्फ विक्की यादव उम्र 21 वर्ष दोनों ही निवासी रातु रोड के शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से सिल्वर फॉइल में लपेटा हुआ बीस पुड़िया ब्राउन शुगर वजन करीब दो सौ ग्राम, एक स्मार्टफोन, एक लोहे का देसी लोडेड पिस्टल और नगद तेरह सौ रुपए बरामद किया है।

☞ **शाम ढलते ही नशेड़ियों का लगता था जमावड़ा :-** रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से लगातार सूचना मिल रही थी कि रातू रोड लाह कोठी स्थित अमरूद मैदान में शाम ढलते ही नशेड़ियों का जमावड़ा लगता है। बड़ी संख्या में नशेड़ी यहां पहुंचते हैं। साथ ही नशे का कारोबार भी करते हैं। इनके पास हथियार देखे जाने के भी सूचना पुलिस को मिली थी। जिसके बाद सिटी एसपी रांची के नियंत्रण में एवं कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए और सुखदेवनगर थानेदार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम जैसे ही रातू रोड स्थित लाह कोठी पहुंची, सभी नशेड़ी भागने लगे। जिसके बाद पुलिस के द्वारा खदेड़ कर एक अपराधी को दबोचा गया। तलाशी लेने के दौरान पुलिस ने 26 पुड़िया ब्राउन शुगर और कमर से अवैध लोडेड पिस्टल बरामद कर लिया। बता दें कि इस छापेमारी टीम को डीएसपी प्रकाश सोय खुद लीड कर रहे थे। सिटी एसपी ने आगे बताया कि गिरफ्तार लालू यादव का अपराधिक इतिहास रहा है,वह पहले भी जेल जा चुका है। ब्राउन शुगर और हथियार की तस्करी के आरोप में पुलिस ने लालू यादव को जेल भेजा था। जेल से निकलने के बाद लालू अपराधियों के संपर्क में था और साथ ही गैरकानूनी कामों में उसकी संलिप्तता बढ़ती जा रही थी। ●

**-: अपराधिक इतिहास :-**

**हिमांशु यादव उर्फ लालु यादव, का अपराधिक इतिहास :-**

1. सुखदेवनगर थाना कांड संख्या-467/24, दिनांक 06.09.2024 धारा 21 (इ) 22 NDPS Act
2. सुखदेवनगर थाना कांड संख्या-619/24, दिनांक- 22.12.2024 धारा-126(2)/115(2)/ 117 (2)/ 109 (1)/352/351(2)/3(5), 4101-100

**सुशान्त यादव उर्फ विक्की यादव का अपराधिक इतिहास :-**

1. सुखदेवनगर थाना कांड संख्या-619/24, दिनांक-22.12.2024, धारा-126(2)/115(2)/ 117(2)/ 109(1)/352/351(2)/3(5) बी०एन०एस०

**छापामारी में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों का नाम :-**

1. श्री प्रकाश सोय, पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली राँची ।
2. श्री मनोज कुमार, पु०नि० सह थाना प्रभारी सुखदेवनगर थाना, राँची।
3. बजरंग टोप्पो, पु०अ०नि०. सुखदेवनगर थाना, राँची ।
4. आरक्षी 1818 मुन्ना लाल गुप्ता, सशस्त्र बल, सुखेदेवनगर, राँची
5. आरक्षी 2863 दीपक गगराई, सुखदेवनगर थाना रिजर्व गार्ड, सुखदेवनगर थाना, राँची

# इश्क के चक्कर में रची अपहरण की झूठी कहानी

● **ओम प्रकाश**





राजधानी रांची से 11 जनवरी को रहस्यमय तरीके से लापता हुई हिंदपीढ़ी की रहने वाली दो लड़कियों के मामले का खुलासा रांची पुलिस ने कर लिया है। इन लड़कियों का अपहरण नहीं हुआ था। इश्क के चक्कर में लड़कियां अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थीं, लेकिन परिजनों और मोहल्ले वालों ने पांच दिनों तक पुलिस की नींद उड़ा दी थी। इस मामले में मुख्य्य आरोपी समेत कुल पांच लड़कों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त में मोहम्मद इस्माइल, जुनेद आलम मजहर आलम उर्फ गड़बड़, इमरान खान और काशिद फिरोज शामिल है। पुलिस ने इनके पास से एक ऑल्टो कार, एक स्कूटी, पांच मोबाइल फोन एवं जाली तथा ओरिजिनल आधार कार्ड बरामद किया है।

☞ **एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी :-** इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि घटना के बाद रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था जिसमें कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। टेक्निकल सेल और सीसीटीवी के माध्यम से रांची पुलिस को यह जानकारी मिली कि दोनों लड़कियां मंगल टावर के पास से एक लड़के के साथ ऑल्टो






कार में बूटी मोड़, ओरमांझी सिकिदरी होते हुए चितरपुर गई और वहां से कोडरमा वाराणसी होते हुए ट्रेन से कर्नाटक पहुंच गई। इन लड़कियों का कोई अपहरण नहीं हुआ था। यह सभी लोग पूर्व से परिचित हैं। इन्होंने मुख्य अभियुक्त के बहकावे में आकर अपने परिजनों को फोन कर ऑटो से दूसरे रास्ते पर ले जाने की झूठी बात कही और झूठे अपहरण होने का ऑडियो वायरल किया था।

☞ **पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद सदमे में लड़कियां :-** इस साजिश में दोनों लड़कियों की संलिप्तता को लेकर पुलिस की जांच अभी जारी है। दोनों लड़कियां अभी गहरे सदमे में हैं, इसलिये धीरे-धीरे उनकी काउंसलिंग की जा रही है, उनसे पूछताछ के बाद ही सारी चीजें स्पष्ट होंगी और फिर विस्तृत जानकारी दी जा सकेगी।

☞ **दोनों लड़कियां हैं बालिग :-** एसएसपी ने बताया की दोनों लड़कियां बालिग हैं। सभी लोग आपस में पूर्व से परीचित है और बड़ी बहन रहनुमा परवीन और बरामद लड़का मो० इस्माईल के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों आपस में शादी करना चाहते है। इसी कारण से घर से भाग गये थे और अपनी छोटी बहन को दोनों का सहयोग करने के लिए साथ में ले गए थे। घर से फरार होने से पहले कर्नाटक के युवक के साथ मिलकर दोनों बहनों ने पूरी तैयारी कर ली थी। दोनों लड़कियों ने अपना मोबाइल फोन 11 जनवरी शनिवार को ओरमांझी ब्लॉक चौक के पास स्वीच ऑफ कर दिया था।

☞ **टीम को मिला पूरा सहयोग :-** दोनों लड़किय्यों की बरामदगी के लिए रांची पुलिस

की टीम को गढ़वा SP दीपक कुमार पांडेय, नगर उटारी थाना प्रभारी, कर्नाटक के ADG, कर्नाटक के ओपल जिले के SP और RPF का पूरा सहयोग मिला। रांची एसएसपी के अनुरोध पर रांची पुलिस तथा आरपीएफ की टीम ने बनारस (उ०प्र०), नागपुर (महाराष्ट्र), पुणे, हुवली (कर्नाटक) के रेलवे स्टेशन तथा शक्तिपुंज एक्सप्रेस, पलामू एक्सप्रेस, हुबली एक्सप्रेस, कमायणी एक्सप्रेस, मण्डपम एक्सप्रेस और गंगावती ट्रेन को सर्च किया था।

☞ **कर्नाटक के रायचूर जिले का रहने वाला है मुख्य्य अभियुक्त :-** एसएसपी ने आगे बताया है कि इस कांड का मुख्य्य अभियुक्त कर्नाटक के रायचूर जिले का रहने वाला मो. इस्माइल है, जो कि हैदराबाद में काम करता है। उसका दोनों लड़कियों में से एक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और लड़कियों को भगाने की पूरी प्लानिंग उसी के द्वारा बनायी गयी थी।

☞ **मुख्य अभियुक्त के साथ मददगार भी गिरफ्तार :-** मो. इस्माइल पांच जनवरी को रांची आ गया था। इसके बाद सुनियोजित प्लानिंग के तहत वह अपने चार सहयोगियों की मदद से दोनों लड़कियों को भगा कर कर्नाटक ले गया। इस मामले में मोहम्मद इस्माइल की मदद करने वाले अन्य चार लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है, जिनमें रांची के हिंदपीढ़ी का रहने वाला जुनेद आलम, काशिद फिरोज, रामगढ़ का मजहर आलम,और गढ़वा जिले के नगर उटारी निवासी इमरान खान शामिल है।

☞ **पुलिस से बचने के लिए वाईफाई का किया इस्तेमाल :-** वही पुलिस द्वारा पांचों आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि ऑटो से अपहरण की बात झूठ थी। इन लोगों ने भागने के लिये अल्टो कार का उपयोग किया था। बता दे कि परिजनों को भ्रमित करने के लिये झूठे अपहरण का ऑडियो भी वायरल किया गया था। इन अभियुक्तों के द्वारा बड़े ही शातिराना अंदाज में पुलिस को चकमा देने की कोशिश की गयी ताकि इन्हें ट्रेस नहीं किया जा सके। इसके लिये इन लोगों ने कई बार मोबाइल व सिम को इस्तेमाल करके तोड़ा, वहीं बातचीत के लिये रेलवे का फ्री वाईफाई और दोस्तों को स्टेशन पर बुलाकर, उनके फोन से वाईफाई का उपयोग किया। पुलिस ने इनके पास एक तोड़ा हुआ मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

☞ **परिजनों ने किया था शादी से इनकार :-** इस पूरे मामले की जांच में यह बात सामने आई है कि पकड़े गए युवक मोहम्मद इस्माइल के साथ बड़ी बहन रहनुमा परवीन का प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों आपस में शादी करना चाहते थे। लेकिन लड़की के परिजनों ने युवक से अपनी पुत्री की शादी करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद ही दोनों बहनों ने मिलकर मो. इस्माइल के साथ फरार होने की पूरी योजना बनायी और अपहरण की झूठी कहानी रच प्रेमी के साथ फरार हो गई।●

# नकली नोट का धंधा करने वाले गिरोह चढ़े पुलिस के हत्थे

● **ओम प्रकाश**

राजधानी रांची की अरगोड़ा थाना पुलिस ने नकली नोटो का धंधा करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। मामले में पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में साहिल कुमार उर्फ करण, मोहम्मद साबिर उर्फ राजा और अबू हुजैफा उर्फ अफरीदी उर्फ आर्यन शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से चार लाख 99 हजार के नकली नोट और पांच सौ के दो असली नोट बरामद किए हैं। इसके साथ-साथ पुलिस ने उनके पास से एक बाइक और 6 स्मार्ट फोन भी जब्त किया है। इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को जानकारी मिली थी कि अरगोड़ा थाना क्षेत्र के कुलदीप स्कूल गली में कुछ संदेहास्पद लोग नकली नोटों का काला कारोबार करते हैं और किसी ग्राहक को नकली नोट सप्लाई करने वाले हैं। सूचना मिलने के बाद अरगोड़ा थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद टीम द्वारा बताये गये ठिकाने पर छापामारी की गई जिसमें तीन लोगों को पुलिस की ने धर दबोचा। पुलिस की पूछताछ




में इन लोगों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उनका गिरोह विगत एक साल से नकली नोटों के माध्यम से धोखाधड़ी का कार्य कर रहा है। सिटी एसपी ने आगे बताया कि गिरोह के सदस्य नकली नोटों की गड्डी के ऊपर वाली नोट और नीचे वाली नोट को असली रखते थे। जबकि अंदर के सारे नोट को नकली रखा जाता था। उसे खपाने वाले गिरोह को दे दिया जाता था। शातिर एक असली नोट के बदले में तीन नकली नोट थमाते थे। जिससे लोग उनके झांसे में भी आ जाते थे। इस गिरोह का पर्दाफाश करने में एसआई मुकेश कुमार उपाध्याय, अभिषेक कुमार, आनंद कुमार साह, आरक्षी सूरज खाड़िया और सुशील मिंज की अहम भूमिका रही।●

# आईपीएस अफसरों का हुआ प्रमोशन

## साल के पहले दिन डीजीपी ने बैच लगाकर किया सम्मानित









● ओम प्रकाश

झारखंड के आईपीएस अधिकारियों को प्रमोशन मिलने के बाद साल के पहले दिन झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के द्वारा बैच लगा कर उन्हें सम्मानित किया गया। 31दिसंबर 2024 को झारखंड पुलिस के 9 आईपीएस अधिकारियों को प्रमोशन मिला था। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के द्वारा नव प्रोन्नत पुलिस महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, पटेल मयूर कन्हैया लाल, पुलिस उप-महानिरीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, चंदन कुमार झा और पुलिस उप महानिरीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा को बैच लगाकर सम्मानित किया गया।

**31दिसंबर को मिला था प्रमोशन :-** आपको बता दे की मंगलवार को राज्य सरकार ने 9 आईपीएस में से तीन को आईजी रैंक जबकि छह को डीआईजी रैंक में प्रमोशन दिया था। रांची के डीआईजी अनूप बिरथरे को आईजी रैंक में प्रोन्नति के बाद झारखंड एसटीएफ में आईजी बनाया गया है। वहीं हजारीबाग के डीआइजी सुनील भास्कर को पलामू आईजी के पद पर पदस्थापित किया गया है। प्रोन्नति के बाद जैप के डीआइजी पटेल मयूर कन्हैयालाल को आईजी मानवाधिकार के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, राज्य सरकार के द्वारा डीआईजी



रैंक में छह अधिकारियों को प्रोन्नति दी गई है। जिसमें देवघर के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति मिली है, लेकिन उनकी तैनाती तक देवघर एसपी के पद को डीआईजी रैंक में उत्क्रमित किया गया है। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा भी डीआईजी रैंक में प्रोन्नत हुए हैं। उनकी प्रोन्नति के बाद रांची एसएसपी के पद को उत्क्रमित किया गया है। डीआईजी रैंक में प्रोन्नत होने वाले आईपीएस चंदन झा को डीआईजी एसआईबी, प्रियदर्शी आलोक को डीआईजी रेल, अनुरंजन किस्पोट्टा को डीआईजी स्पेशल ब्रांच और अम्बर लकड़ा को डीआईजी दुमका के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस अवसर पर श्री अनुराग गुप्ता महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड, श्रीमति सुमन गुप्ता अपर पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण), श्री अमोल विणुकांत होमकर पुलिस महानिरीक्षक (अभियान), श्री पंकोज कम्बोज पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), श्रीमति ए० विजयालक्ष्मी पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), श्री कार्तीक एस० पुलिस उप-महानिरीक्षक विशेष शाखा, श्री नौशाद आलम पुलिस उप महानिरीक्षक (कार्मिक), श्री शैलेन्द्र वर्णवाल पुलिस उप-महानिरीक्षक, ए०सी०बी०. श्री अमीत रेणु पुलिस अधीक्षक (अभियान) ऋषभ कुमार झा पुलिस अधीक्षक (ए०टी०एस०) तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।●

# मधुसूदन राय हत्याकाण्ड का हुआ खुलासा

● **ओम प्रकाश**




राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में 15 दिसंबर 2024 को हुए जमीन कारोबारी मधुसूधन राय की हत्या के मामले का रांची पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

✯ **हथियार के साथ चार गिरफ्तार :-** गिरफ्तार अपराधियों में मानवेल खलखो निवासी (बड़का टोली) थाना सुखदेवनगर (पण्डरा ओ०पी०), अशोक सिंह निवासी महिलाँग सरईटोली थाना टाटीसिलवे जिला रॉची, एवं राजकिशोर राय उर्फ गुड्डू और दीपक कुमार राय दोनों ही उनीडीह राजाउलातु थाना नामकुम जिला रॉची के शामिल है। पुलिस ने इनके पास से एक देसी कट्टा,7 जिंदा गोली, चार मोबाइल फोन और घटना में शामिल एक अपाची मोटरसाइकिल बरामद किया है।

✯ **एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने किया हत्याकांड का खुलासा :-** रांची के डीआईजी सह रांची एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने बताया कि हत्याकांड की साजिश रचने वाला तथा एक शूटर सहित कुल चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। 15 दिसम्बर 2024 को मधुसूधन राय की नामकुम इलाके में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने आगे बताया कि मधुसूदन राय की हत्या के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देशन और पुलिस



उपाधीक्षक प्रथम अमर कुमार पांडे के नेतृत्व में नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद को शामिल करते हुए एक एसआईटी का गठन किया गया। मामले का उद्भेदन के लिए, घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी किए जाने के फलस्वरुप अपराधियों के भागे फिरने के दौरान नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद और छापेमारी दल ने बरकवाली से 1 किलोमीटर दूर उत्तर दिशा में एक जंगल से खदेड़कर 4 आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों के द्वारा मुख्य आरोपी मधुसूदन राय के साथ मिलकर 8 एकड़ जमीन संबंधी पुराने विवाद के कारण मृतक मधुसूदन राय के गोतिया उमेश राय के साथ मिलकर मधुसूदन राय की हत्या की घटना को अंजाम दिया है।

✯ **रेकी कर दिया था घटना को अंजाम :-** अपराधियों के द्वारा दिए गए बयान के अनुसार दीपक कुमार, राज किशोर एवं अन्य के द्वारा मृतक की रेकी कर अशोक सिंह को सूचना देने एवं अशोक सिंह के द्वारा उमेश राय को अवगत कराए जाने के बाद, उमेश राय के द्वारा मनवेल खलखो के साथ मिलकर अपाची बाइक से रिंग रोड में 15 दिसंबर 2024 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

✯ **2008 से कर रहे थे हत्या की कोशिश, गलती से हो गई थी पत्नी की मौत :-** एसएसपी ने ये भी बताया कि गिरफ्तार उमेश राय, दीपक राय और राज किशोर राय उर्फ गुड्डू राय एवं अन्य अपराधियों के द्वारा मधुसूदन राय के ऊपर 2008 में भी फायरिंग की गई थी, परंतु उस दौरान मधुसूदन राय बाल बाल बच गए थे, पर उनकी पत्नी को गोली लग गई थी। जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी।फिर वर्ष 2016 में पुनः फायरिंग की गयी परन्तु उस दौरान भी मधुसूदन राय की जान बच गयी थी। इसके बाद योजनाबद तरीके से 15 जनवरी 2024 को फिर से इस घटना को प्लानिंग कर अंजाम दिया गया, जिसमें मधुसूदन राय की हत्या कर दी गई।इस हत्या में मानवेल खलखो एवं उमेश राय के द्वारा कुल 10 गोलियां मधुसूदन राय पर चलायी गयी थी।

✯ **गिरफ्तार अपराधियों पर अलग-अलग थाने में मामले हैं दर्ज :-** अंत में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी मनवेल खलखो के उपर सदर थाना में भी मामले दर्ज है। वहीं गिरफ्तार राज किशोर राय उर्फ गुड्डू पर नामकुम थाना में दो मामले दर्ज है, मधुसूदन राय हत्याकांड के खुलासे के बाद रांची पुलिस ने राहत की सांस ली है। वहीं घटना में फरार उमेश राय की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है।

✯ **छापामारी दल के सदस्य :-**

☞ श्री अमर कुमार पाण्डेय, पुलिस उपाधीक्षक (मु० ) प्रथम, रॉची।

☞ श्री ब्रह्मदेव प्रसाद, पु०नि० सह थाना प्रभारी नामकुम, रॉची।

☞ पु०अ०नि० रंजीत कुमार, नामकुम थाना, रॉची।

☞ स०अ०नि० प्रभुवन कुमार, नामकुम थाना, रॉची।

☞ स०अ०नि० तारकेश्वर प्रसाद केशरी, नामकुम थाना, रॉची।

☞ नामकुम थाना सशस्त्र बल।●

# बिहार की भाभी जी करवा रही हैं ब्राउन शुगर की तस्करी

● **ओम प्रकाश**



नशे के सौदागरों के खिलाफ रांची पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। सुखदेव नगर स्थित बड़ा मैदान के पास से रांची पुलिस ने तीन ब्राउन शुगर तस्करों को गिरफ्तार किया है। तीनों तस्कर बिहार के सासाराम से ब्राउन शुगर लाकर रांची में बेचा करते थे। गिरफ्तार तस्करों में ब्राउन शुगर के कारोबार का सरगना कन्हैया कुमार, हिमांशु ठाकुर और राकेश ठाकुर शामिल है। पुलिस ने इनके पास से ब्राउन शुगर समेत चार मोबाइल फोन, एक बाइक और 2300 रुपए नगद बरामद किया हैं। इनके द्वारा पुड़िया बनाकर ब्राउन शुगर की बिक्री राजधानी रांची के अलग-अलग स्थानों पर की जाती थी।

☞ **बिहार की भाभी जी से ब्राउन शुगर लेकर करते हैं रांची में तस्करी :-** ड्रग्स का कारोबार करने वाले तस्कर बिहार के सासाराम से ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थ की तस्करी करके रांची लाते हैं। बिहार के सासाराम की रहने वाली एक महिला जिसे तस्कर भाभी जी के नाम से जानते हैं, वह ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थों की सप्लाई करती है। पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब रांची के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के द्वारा सुखदेव नगर इलाके से 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन ड्रग्स पैडलर को गिरफ्तार किया गया।

☞ **सिटी एसपी ने दी जानकारी :-** रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने प्रेसवार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के बड़ा मैदान के पास कुछ ड्रग्स पैडलर ब्राउन शुगर बेच रहे हैं। सूचना मिलने के बाद रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सिटी एसपी राजकुमार मेहता को कार्रवाई करने के लिए टीम बनाने के निर्देश दिए। जिसके तहत कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।



जिसके बाद पुलिस की टिम ने विद्यानगर स्थित बड़ा मैदान के पास तीन ड्रग्स पैडलर को ब्राउन शुगर बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा। उनसे पूछताछ में ब्राउन शुगर के कारोबार का सरगना कन्हैया कुमार की पहचान हुई। कन्हैया कुमार की नशानदेही पर हिमांशु ठाकुर और राकेश कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

☞ **ब्राउन शुगर का मुख्य सरगना है कन्हैया :-** सिटी एसपी ने आगे बताया कि रांची में ब्राउन शुगर का मुख्य सरगना कन्हैया कुमार ही है। कन्हैया कुमार रांची के कई इलाकों में ब्राउन शुगर की सप्लाई किया करता था।सुखदेव नगर के विद्यानगर, करम चौक, हरमू मैदान, अरगोड़ा, हिनू और रांची रेलवे स्टेशन के पास ब्राउन शुगर की बिक्री की जाती थी। उन्होंने आगे बताया कि रांची पुलिस की एक टीम बिहार पुलिस के संपर्क में है ताकि भाभी जी को भी गिरफ्तार किया जा सके।

☞ **कन्हैया ने इस धंधे से किया तौबा :-** बताते चले की ब्राउन शुगर का तस्कर कन्हैया को जब रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया तब वह हाथ जोड़कर पुलिस से मिन्नत करने लगा कि आगे कभी वह ब्राउन शुगर के कारोबार में नहीं जाएगा। उसने ब्राउन शुगर बेचने वाले दूसरे तस्करों से भी अपील की है कि वे लोग इस धंधे को छोड़ दे। वही ब्राउन शुगर का सरगना कन्हैया कुमार की गिरफ्तारी के बाद सिटी एसपी राजकुमार मेहता की तरफ से पूरी टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। ●

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की
हार्दिक शुभकामनाएँ।
-: निवेदक :-
कृष्ण मुरारी प्रसाद
अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी, शेरघाटी, गया



# बलिदान दिये पुलिसकर्मी और पदाधिकारी के परिजनों का दर्द समझें : डीआईजी नौशाद आलम

● ओम प्रकाश


झारखंड पुलिस के सभी पदाधिकारी/पुलिसकर्मी ईमानदारी और पूरे जोश के साथ काम करते हुए नजर आते हैं, और जब बात नक्सलियों के खिलाफ चलने वाले ऑपरेशन की करें तो सभी पुलिस के जवान और अधिकारी भी अपनी जान निछावर करने से पीछे नहीं हटते, लेकिन जब वही पुलिस कर्मी और पदाधिकारी नक्सलियों के खिलाफ मैदान-ए-जंग में अपनी जान गवा कर शहीद हो जाते हैं तो उनके परिवार पर किया गुजरती है वह तो अनाथ बच्चा और बेबस पत्नी ही बता पाती है। वहीं युद्ध के मैदान में कोई पुलिसकर्मी और पदाधिकारी जब नक्सलियों की गोली का शिकार होकर अस्पताल में भर्ती हो जाता है और वहां अपनी जान गवा बैठता है, तो उसके परिवार पर किया गुजरती है यह शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, लेकिन नौकरी के लिए अपनी जान गंवाकर शहीद हुए पुलिसकर्मी और पदाधिकारी के परिवार वालों को उस समय और मुसीबत का सामना करना पड़ता है जब दो वक्त की रोटी भी उन्हें नसीब नहीं होती, शाहिद के परिवार वाले दर-दर की ठोकर खाने के लिए मजबूर होते हैं। यही हाल है झारखंड पुलिस का, पिछले पांच सालों से बलिदान देने वाले पुलिसकर्मी और पदाधिकारी के परिवार वाले नौकरी के लिए तरस रहे थे, गौरतलब है कि ऑन ड्यूटी बलिदान देने वाले पुलिसकर्मी और पदाधिकारी के परिवार वालों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का प्रावधान है लेकिन पिछले 5 सालों से झारखंड पुलिस मुख्यालय में अनुकंपा के आधार पर नौकरी पाने वालों की फाइल धूल फांक रही थी, झारखंड पुलिस मुख्यालय में शहीद हुए पुलिसकर्मी और पदाधिकारी के लिए प्रयास होने वाला कोई नहीं था। लेकिन उसके बाद हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड के तेज तर्रार और ईमानदार आईपीएस ऑफिसर





नौशाद आलम को झारखंड के डीआईजी कार्मिक के पद पर तैनात किया और आईपीएस नौशाद आलम ने इन सभी के दर्द को समझा।

1 जनवरी 2024 को आईपीएस नौशाद आलम ने डीआईजी कार्मिक के पद पर योगदान दिया, योगदान देते ही पूरे एक्शन में नजर आए आईपीएस नौशाद आलम। आईपीएस नौशाद आलम ने वह कर दिखाया जो आज तक किसी ने नहीं किया था, शाहिद पुलिसकर्मी और पदाधिकारी के परिवार वालों की अनुकंपा के आधार पर नौकरी वाली फाइल जो धूल फांक रही थी, उस फाइल को अपने गोपनीय शाखा के कर्मचारियों की मदद से उसे फाइल पर काम करना शुरू किया और अपने वरीय पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर शहीद हुए पुलिसकर्मी और पदाधिकारी के परिवार वालों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने की सूची में जुड़ गए, पिछले पांच सालों से अनुकंपा के आधार पर नौकरी पाने वाले शाहिद के परिजनों की आंखों में खुशियों के आंसू छलक पड़े, आईपीएस नौशाद आलम ने दिन-रात कड़ी मेहनत कर जनवरी 2024 से 13 दिसंबर तक शाहिद पुलिसकर्मी और पदाधिकारी के 250 परिवार वालों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी। इनमें 19 को बाल आरक्षी, नौ को महिला आरक्षी व शेष को पुरुष आरक्षी के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्हें नियुक्ति के साथ ही विभिन्न जिला-इकाइयों में पदस्थापित किया गया है। बाल आरक्षी बालिग होने के बाद आरक्षी के रूप में अपना कार्यभार संभालेंगे। जब तक वो बालिग रहेंगे उन्हें आधी सैलरी ही दी जाती है।●



# 13 लाख की लूट और फायरिंग मामले में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

● ओम प्रकाश



राजधानी रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र में हुए लूटकांड और फायरिंग मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने तीन महिला सहित आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में राजेश श्रीवास्तव उर्फ राजेश सिंह, चन्द्रशेखर प्रसाद सिन्हा, संतोष कुमार सिंह, कारू सिंह, प्रकाश साव, पूनम देवी, नीलम देवी उर्फ नीलम कुमारी और साधना सिंह उर्फ प्रीति सिन्हा शामिल है। तलाशी लेने पर पुलिस ने चंद्रशेखर के पास से पांच जिंदा गोली के साथ एक लोडेड देशी पिस्टल और राजेश श्रीवास्तव के पास से 12 बोर का देशी कट्टा एवं चार जिंदा गोली बरामद किया है। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता में बताया कि 30 दिसंबर 2024 को पंडरा ओपी क्षेत्र में ओटीसी मैदान के पास, पबपबप बैंक के नजदीक इस घटना को अंजाम दिया गया था। अपराधियों ने आशीर्वाद आटा कंपनी के कैशियर सुमित कुमार गुप्ता से 13 लाख रुपये लूटे थे।इस दौरान बचाने आए सुमित नाम के युवक को अपराधियों ने गोली मार दी थी और फरार हो गए थे। मामले का खुलासा करने के लिये कोतवाली DSP प्रकाश सोय की देखरेख में SIT टिम गठित की गयी थी। CCTV फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने एक अपराधी की तस्वीर भी जारी की थी। एसएसपी ने आगे बताया कि उनकी दुकान का ही पूर्व स्टाफ चंद्रशेखर कुमार सिन्हा पूरे कांड का मास्टरमाइंड निकला। इस पूरे घटना को अंजाम देने की प्लानिंग वृंदावन होटल में रची गई थी। जिसमें होटल का संचालक भी शामिल था। वहीं, इस घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति आशीर्वाद आटा का पूर्व कर्मचारी था। उसे पैसों के लेन-देन की सारी जानकारी थी। जिसके बाद ही इस घटना को अंजाम दिया गया। एसएसपी ने बताया कि इस घटना को इतनी चालाकी से अंजाम दिया गया कि लूटपाट के लिए जिस गाड़ी का इस्तेमाल किया गया उस गाड़ी को छिपाने के लिए उस पर पुलिस का बोर्ड लगाकर अपराधी घूम रहे थे ताकि किसी को उन पर शक न हो। बताते चले कि जब पुलिस चेकिंग कर रही थी तब वही काला स्कॉर्पियो, जिसपर पुलिस लिखा स्टीकर चिपका हुआ था, चेकिंग के दौरान पुलिस के सामने से गुजर गया। पुलिस लिखा स्टीकर देखकर चेकिंग अभियान में लगे पुलिस अफसर भ्रमित हो गए और उस गाड़ी को नहीं रोक पाए। जिसके बाद अपराधी इसका फायदा उठाकर आराम से भागने में सफल हो गए थे।●






# शराब बेचने ट्रेन से जा रहा था बिहार, आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

● ओम प्रकाश

रांची में एक युवक को आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। उसके पास से 12 बोतल शराब बरामद की गई है। बता दे कि आरोपी युवक ऊंची कीमत पर शराब बेचने के लिए ट्रेन से बिहार शराब ले कर जा रहा था। इसके बाद उसे आरपीएफ ने रांची रेलवे स्टेशन से शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। सब-इंस्पेक्टर सूरज पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक भारी मात्रा में शराब लेकर बिहार जा रहा है। इसके बाद चेकिंग की गई और इसकी गिरफ्तारी संभव हो पाई। उन्होंने आगे बताया कि आरपीएफ के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर रांची रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन (संख्या-18624) से संदिग्ध स्थिति में एक व्यक्ति को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 12 बोतल शराब बरामद की गई। जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 12 हजार रुपये है। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम संजीत कुमार बताया। वह बिहार के जहानाबाद का रहने वाला है। उसने आगे बताया कि यह शराब की बोतलें उसने रांची से खरीदी थीं। ज्यादा पैसा कमाने के लिए वह इस शराब को वह बिहार ले जाना चाहता था ताकि ऊंचे दामों पर बेचकर मोटी कमाई कर सके।●



# मोस्ट वांटेड उग्रवादी एरिया कमांडर विक्रांत हुआ गिरफ्तार

● ओम प्रकाश




राजधानी रांची की पुलिस ने TSPC संगठन के मोस्ट वांटेड उग्रवादी एरिया कमांडर विक्रांत को गिरफ्तार किया है। विक्रांत का असली नाम संजीत गिरी उर्फ सजीत दास है। उसके साथ ही संगठन के लिये अन्य काम करने वाला मनी कुमार भी धरा गया। पुलिस ने गिरफ्तार विक्रांत के पास से एक देशी पिस्टल, चार जिंदा गोलियां, एक स्कूटी, मोबाइल और अन्य सामान जब्त किया है। वहीं, मनी कुमार के पास से एक लैपटॉप, मोबाइल और राउटर सहित कई सामान बरामद किये गये हैं। इस बात का खुलासा आज क्ळ सह रांची के पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने किया। पुलिस कप्तान ने मीडिया को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ओरमांझी थाना क्षेत्र के गुंजा स्थित एक क्रशर प्लांट के आसपास 3-4 उग्रवादी बाइक-स्कूटी से घूम रहे हैं। किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। मिली इंफॉर्मेशन पर रुरल SP सुमित कुमार के नेतृत्व और सिल्ली DSP अनुज उरांव की देखरेख में टीम गठित की गयी। गठित टीम ने बताये गये ठिकाने पर धावा बोला और मोस्ट वांटेड उग्रवादी एरिया कमांडर विक्रांत को धर दबोचा। विक्रांत वहां कांड करने से पहले रेकी करने पहुंचा था। पुलिस को दिये अपने बयान में विक्रांत ने कई खुलासे किये। उसने बताया कि रांची-रामगढ़ के व्यवसायी, जमीन कारोबारी, ईंट्टा भट्टा कारोबारी और क्रशर संचालकों से वाट्सएप के जरिये कई दफा रंगदारी मांग चुका है। वहीं, अगला टारगेट गुंजा का क्रशर प्लांट था। उसने कबूल किया कि बीते आठ जनवरी को ओरमांझी के गुंजा गांव स्थित छम्न्स क्रशर प्लांट में एक पोकलेन और एक हाईवा को फूंकने और वहां मौजूद कर्मचारियों के साथ मारधाड़ एवं फायरिंग करने के पीछे भी इसका ही हाथ था। उसने यह भी बताया कि संगठन के लोग रंगदारी मांगने के वास्ते राउटर, जंगी एप, वाट्सएप एवं अन्य सोशल साईट का इस्तेमाल करते हैं। गिरफ्तार संजीत कुमार उर्फ संजीत गिरी उर्फ संजीत दास उर्फ विक्रान्त जी के बयान के आधार पर मनी कुमार को अरेस्ट किया गया। हजारबाग के विष्णुगढ़ का रहनेवाला मनी कुमार TSPC के लिए पर्चा बनाने का काम करता है। गिरफ्तार विक्रांत के खिलाफ हजारीबाग के केरेडारी थाना में दो संगीन मामले दर्ज हैं। इन दोनों को धर दबोचने में सिल्ली DSP अनुज उरांव, ओरमांझी थानेदार इंस्पेक्टर अनिल कुमार तिवारी, एसआई नितिश कुमार, सतीश कुमार, सिपाही रघुवंश यादव और हरि साव की सराहनीय भूमिका रही●

# इश्क के चक्कर में मोहित ने गवां दी जान

● ओम प्रकाश



जवानी की दहलीज पर कदम रखते ही 18 साल के मोहित कुमार की मौत हो गयी। उसकी डेड बॉडी उसके ही घर के कमरे में फंदे पर लटकती हालत में मिली। मोहित कुमार BA का स्टूडेंट था। घटना के वक्त घर पर मोहित के पापा राजेन्द्र प्रसाद बर्णवाल, चाचा और एक भाई मौजूद थे। मां और बड़ा भाई राजस्थान गए हुए थे। मोहित की मौत की फैली खबर के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मोहित की डेड बॉडी को फंदे से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। घरवालों के अनुसार डवीपज बीती रात करीब 10 बजे राशन लेकर घर लौटा था। घरवालों ने उसे खाना खाने के लिए कहा, पर वह बिना खाये सीधे अपने कमरे में चला गया। जब काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आया, तो घरवालों ने दरवाजा खटखटाया। काफी देर तक कोई रिस्पॉन्स नहीं मिलने पर खिड़की से झांककर देखा तो मोहित को फंदे पर लटका पाया। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गयी। तफ्तीश मे यह खुलासा हुआ कि मोहित को उसकी गर्लफ्रेंड ने सारे सोशल मीडिया पर ब्लॉक कर दिया था। इस चलते वह परेशान था। कयास लगाये जा रहे हैं कि उसी चलते मोहित ने खुद को मिटा लिया। यहां याद दिला दें कि बीते 11 जनवरी को मृतक डवीपज के बेस्ट फ्रेंड रिशु ने की भी बॉडी भी फांसी के फंदे पर लटकती हालत में मिली थी। तफ्तीश मे खुलासा हुआ था कि इश्क के चक्कर में उसने अपनी जान गवां दी। रिशु, डवीपज के पड़ोस में ही रहता था। फिलहाल, पुलिस ने मोहित का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। वहीं, मामले की तफ्तीश में जुट गयी है।●




माघ महीने शुक्ल पक्ष की पंचमी को सरस्वती पूजा के रूप में मनाया जाता है, इस दिन को वसंत पंचमी के तौर पर मनाने की भी परंपरा है, ऐसा माना जाता है कि माघ शुक्ल पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा विशेष फलदायी होती है और इस दिन माँ शारदा के पूजन का बहुत महत्व है! इस दिन भगवान श्री गणेश की पूजा के उपरान्त कलश स्थापना कर देवी सरस्वती का पूजन आरंभ करने का विधान है,सरस्वती स्तोत्र का पाठ देवी की प्रसन्नता और आशीर्वाद प्राप्ति के लिए किया जाना चाहिए, विद्या-दात्री माँ शारदा का निम्न मंत्र से ध्यान करना चाहिए:-

या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता,
या वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना।
या ब्रह्माच्युत शंकरप्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता,
सा मां पातु सरस्वती भगवती नि:शेषजाड्यापहा

**सरस्वती पूजा मंत्र का 108 बार जाप करें**-

या देवी सर्वभूतेषु बुद्धि-रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:

शास्त्रों के अनुसार वे भगवान ब्रह्मा की अर्धांगिनी हैं और इसीलिए ब्रह्मा को वागीश वाक् या वाणी का स्वामी भी कहा जाता है।●

# कन्दाहा में भगवान सूर्य का मंदिर है अति प्राचीन

● अंजु झा




बिहार के सहरसा जिला के कन्दाहा में भगवान सूर्य का अति प्राचीन मंदिर अवस्थित है, माना जाता है कि भगवान श्री कृष्ण के पुत्र सांब द्वारा इसका निर्माण किया गया था, राशियों के प्रथम मेष राशि के साथ सूर्य की प्रतिमा भी यहाँ स्थापित है। मान्यता है कि वैशाख महीने में जब सूर्य मेष राशि में प्रवेश करते हैं तो, सूर्य की पहली किरण सूर्य की प्रतिमा और उनके रथ पर पड़ती है, इस मंदिर में सभी बारह राशियों की कला कृति के साथ-साथ सूर्य यंत्र भी मौजूद है। मंदिर में अष्टभुजी गणेश के साथ-साथ भगवान भोलेनाथ की अद्‌भुत प्रतिमा विराजमान है इस मंदिर की एक और विशेषता है कि मंदिर के परिसर में एक कुआं भी है, इसकी मान्यता है कि अगर किसी को सफेद दाग हो या चर्म रोग हो तो उस व्यक्ति को अगर कुआं पर स्नान कराया जाए और उस पानी का सेवन किया जाय तो उसका चर्म रोग ठीक हो जाता है। मान्यता है की,मिथिला के राजा नरसिंह देव की अवधि के दौरान इस मंदिर का निर्माण किया गया था।●




गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएँ।

-: निवेदक :-

संतोष कुमार गुप्ता

प्रदेश प्रवक्ता,

भाजपा किसान मोर्चा, बिहार

युवा नेता, शेरघाटी विधानसभा, क्षे.सं.-226

# आपका राशिफल

**पंडित तरुण झा**
**ज्योतिषचार्य**
**( ज्योतिष, वास्तु एवं रत्न विशेषज्ञ )**
**ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान**
**प्रताप चौक, सहरसा-852201,**
**( बिहार )**
**मो० :- 9470480168**





**मेष राशि :-** उमंग उत्साह से कार्य करेंगे,मित्रों की मदद से जीत का प्रतिशत संवार पर बना रहेगा,प्रेम और स्नेह के प्रसंग सफल होंगे,मन के मामले पक्ष में बनेंगे,प्रतिस्पर्धी गतिविधियों में प्रभावशाली रहेंगे, भावनात्मक मामलों में सकारात्मक रहें,मैत्री भावना बढ़ेगी,स्वजनों से मतभेद दूर होंगे,घर परिवार में सुख सौख्य सहजता बढ़ेगी!



**वृषभ राशि :-** स्वार्थ संकीर्णता से ऊपर उठकर कार्य करें, अतिसंवेदनशीलता एवं बड़बोलेपेन से बचें,निजी मामलों में अनुभवियों बात ध्यान से सुनें, भावावेश में आने से बचेंगे, धैर्य और विश्वास दिखाएं,विनम्रता और विवेक से काम लें, संसाधनों में रुचि बढ़ाएंगे!



**मिथुन राशि :-** कार्यक्षेत्र में आवश्यक कार्यों को आलस्य न दिखाएं,तेजी की सोच रखें,साख सम्मान बनाए रखेंगे, पेशेवरों और बंधु बांधवों से सीख सलाह रखेंगे, करीबियों के साथ सहयोग से आगे बढ़ेंगे, साहस पराक्रम बना रहेगा,लोगों से मेलजोल में सहज रहेंगे,सुविधाओं पर जोर रखेंगे!



**कर्क राशि :-** बड़प्पन की भावना बनाए रखेंगे, पारिवारिक कार्यो को आगे बढ़ाएंगे, जीवनशैली आकर्षक रहेगी,भव्य आयोजनों से जुड़ेंगे,स्वजनों से भेंट होगी,अतिथि आगमन होगा,सबसे बनाकर चलेंगे,मान सम्मान पर जोर देंगे,सभी का समर्थन बना रहेगा,निजी जीवन में शुभता रहेगी।



**सिंह राशि :-** नए लोगों से मेलजोल बढ़ाएंगे,घर परिवार से करीबी बढ़ेगी, विभिन्न प्रयासों में गति आएगी,लंबित कार्यो को आगे बढ़ाएंगे,कला कौशल संवरेंगे,नीति नियम बनाए रखेंगे, साझीदारी के कार्य बनेंगे, सकारात्मकता बढ़त पर रहेगी, प्रतिस्पर्धा का भाव रखेंगे,साहस और पराक्रम से जगह बनाएंगे, रचनात्मकता बढ़ेगी!



**कन्या राशि :-** महत्वपूर्ण कार्यों को अनदेखा करें, इन्हें समय पर पूरा करने की सोच रखें,समय मिरित प्रभाव का है,अनजानों से दूर रहेंगे, खर्च पर नियंत्रण बढ़ाएंगे. वाणिज्य व्यापार में निरंतरता लाएंगे. पेशेवर कार्यों को गति देंगे, निवेश व विस्तार के कार्यों से जुड़ेंगे. विभिन्न मामलों में सजगता रखें. न्यायिक मामले उभरने की आशंका है!



**तुला राशि :-** एक से अधिक लाभ के स्त्रोत निर्मित हो सकते हैं,व्यवसायिक गतिविधियों में प्रभाव बनाए रहेंगे, श्रेष्ठ जनों से भेंट का लाभ उठाएंगे, प्रबंधन संवारने में सफल होंगे,पैतृक पक्ष के मामले बेहतर रहेंगे!

**वृश्चिक राशि :-** अन्य लोगों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे,वरिष्ठों



के सहयोग निसंकोच आगे बढ़ेंगे. सभी मोर्चा पर श्रेष्ठता बनाए रखेंगे,लंबी दूरी की यात्रा की संभावना रहेगी,समय सुधार की ओर बना हुआ है, आस्था और विश्वास से सफलता पाएंगे,कार्य व्यापार में उछाल आएगा,धार्मिक गतिविधियों से जुड़ेंगे, मनोरंजक गतिविधियां बढ़ेंगी!



**धनु राशि :-** समय सुधार पर बना रहेगा,भाग्य बल से चहुंओर बेहतर प्रदर्शन करेंगे,लाभ औसत से अच्छा बनेगा,नवीन प्रयासो में सहजता दिखाएंगे,आकस्मिकता असहजता दूर होगी, गुरुजनों और परिजनों की सीख सलाह से आगे बढ़ेंगे,महत्वपूर्ण विषयों में उत्साह दिखाएंगे!



**मकर राशि :-**आवश्यक कार्यों को वक्त पर पूरा करें, दिन की शुरूआत साधारण बनी रहेगी, मामले लंबित रखने से बचें,भावावेश में प्रतिक्रिया न दें, अपरिचितों से दूरी रखें, अफवाह से प्रभावित न हों, जल्दबाजी में कार्य व्यापार एवं समझौते न करें,अत्यधिक भार उठाने से बचें.



**कुंभ राशि :-** एक दूसरे के सहयोग से आगे बढ़ने वाला समय है,साझेदारी के प्रयास बल पाएंगे, साहस और संपर्क बढ़ाएंगे, नेतृत्व क्षमता और सामंजस्यता बनाए रखेंगे,व्यक्तिगत संबंधों को मजबूत बनाएंगे, शुभता बढ़त पर रहेगी,सहकारिता बढ़ाने की कोशिश रहेगी!



**मीन राशि :-** कर्मठता और सेवाभावना को बल मिलेगा, लोभ प्रलोभन और प्रभाव में नहीं आएं, नौकरीपेशा वर्ग ज्यादा बेहतर प्रदर्शन करेगा, परिश्रम व लगन से आगे बढ़ेंगे,अवरोधों को धैर्यपूर्वक दूर करेंगे, सक्रियता और संतुलन से आगे बढ़ेंगे, अनुशासन अनुपालन बनाए रखेंगे।

**✯ जिला स्तर पर उपभोक्ता फोरम में कितने रुपये तक के मामलों की सुनवाई होती है?**

राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एससीडीआरसी) में 50 लाख रुपये से ज्यादा और 2 करोड़ रुपये तक के मामलों की सुनवाई होती है। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) में 2 करोड़ रुपये से ज्यादा के मामलों की सुनवाई होती है।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत, जिला उपभोक्ता आयोग की अधिकारिता एक करोड़ रुपये तक की थी. हालांकि, बाद में गजट नोटिफिकेशन के जरिए इसमें संशोधन किया गया और अब इसकी अधिकारिता 50 लाख रुपये तक कर दी गई है. उपभोक्ता आयोग में मामला दर्ज कराने के लिए, ई-दाखिल पोर्टल का इस्तेमाल किया जा सकता है. इसके लिए, शिकायत के साथ-साथ रसीदें, भुगतान का सबूत, और अनुबंध जैसे दस्तावेज भी संलग्न करने होते हैं। उपभोक्ता आयोग में मामला दर्ज कराने के लिए, ई-दाखिल पोर्टल का इस्तेमाल किया जा सकता है. इसके लिए, शिकायत के साथ-साथ रसीदें, भुगतान का सबूत, और अनुबंध जैसे दस्तावेज भी संलग्न करने होते हैं। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 (संक्षेप में, अधिनियम) एक लाभकारी सामाजिक कानून है जो उपभोक्ताओं के अधिकारों को निर्धारित करता है और उपभोक्ताओं के अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण का प्रावधान करता है। भारत में अपनी तरह का पहला और एकमात्र अधिनियम् जिसने आम उपभोक्ताओं को उनकी शिकायतों का कम खर्चीला और अक्सर त्वरित निवारण सुनिश्चित करने में सक्षम बनाया। बाजार में उपभोक्ताओं के अधिकारों और उपायों को स्पष्ट करके, जो अब तक संगठित निर्माताओं और वस्तुओं के व्यापारियों और विभिन्न प्रकार की सेवाओं के प्रदाताओं के प्रभुत्व में था, अधिनियम ने कहावत, कैविएट एम्प्टर (वारीदार सावधान रहें) की अतीत की बात बना दिया है। उपभोक्ता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधिनियम में केंद्र के साथ-साथ प्रत्येक राज्य और जिले में उपभोक्ता संरक्षण परिषदों की स्थापना का प्रावधान है। केंद्रीय परिषद का नेतृत्व केंद्र सरकार में उपभोक्ता मामलों के विभाग के प्रभारी मंत्री द्वारा किया जाता है और राज्य परिषदों का नेतृत्व राज्य सरकारों में उपभोक्ता मामलों के प्रभारी मंत्री द्वारा किया जाता है। उपभोक्ता विवादों के त्वरित समाधान के लिए राष्ट्रीय आयोग राज्य आयोग और जिला आयोगों की त्रिस्तरीय संरचना का भी प्रावधान किया गया है। उपभोक्ता विवादों का सस्ता, त्वरित और संक्षिप्त समाधान प्रदान करने के लिए, प्रत्येक जिले और राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अर्थ-न्यायिक निकाय स्थापित किए गए हैं, जिन्हें क्रमश: जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग और राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग कहा जाता है। वर्तमान में, शीर्ष स्तर पर राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के साथ 678 जिला आयोग और 35 राज्य आयोग है। एनसीडीआरसी का कार्यालय उपभोक्ता नया भवन, एफ ब्लॉक जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023 में है। प्रत्येक जिला आयोग का अध्यक्ष ऐसा व्यक्ति होता है जो जिला न्यायाधीश है या रहा है या नियुक्त होने के योग्य है तथा प्रत्येक राज्य आयोग का अध्यक्ष ऐसा व्यक्ति होता है जो उच्च न्यायालय का न्यायाधीश है या रहा है।

इस अधिनियम के प्रावधानों में श्माल के साथ-साथ सेवाएँ भी शामिल हैं। माल वे हैं जो निर्मित या उत्पादित होते हैं और थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को बेचे जाते हैं। सेवाएँ परिवहन, टेलीफोन, बिजली, आवास, बैंकिंग, बीमा, चिकित्सा उपचार आदि की प्रकृति की हैं। माल में दोष और सेवा में कमी के संबंध में पचास लाख रुपये तक के आर्थिक मूल्य के लिए जिला उपभोक्ता आयोग में, पचास लाख एक रुपये से दो करोड़ रुपये तक के मूल्य के लिए राज्य आयोग में और दो करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के लिए राष्ट्रीय आयोग में लिखित शिकायत दर्ज की जा सकती है। सेवा किसी भी प्रकार की हो सकती है और ऊपर दिए गए उदाहरण केवल सांकेतिक हैं। हालाँकि, किसी भी सेवा में कथित कमी के लिए कोई शिकायत दर्ज नहीं की जा सकती है जो नि:शुल्क या व्यक्तिगत सेवा के अनुबंध के तहत प्रदान की जाती है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत पीड़ित व्यक्तियों/उपभोक्ताओं को सिविल मुकदमे के माध्यम से पहले से उपलब्ध उपाय के अतिरिक्त एक विकल्प है। अधिनियम के तहत प्रस्तुत शिकायत/ अपील/याचिका में उपभोक्ता को कोई न्यायालय शुल्क नहीं देना पड़ता है, बल्कि केवल नाममात्र का शुल्क देना पड़ता है। उपभोक्ता आयोग की


# शिवानंद गिरि

**( अधिवक्ता )**

**Ph.- 9308454485**
**7004408851**

**E-mail :-shivanandgiri5@gmail.com**




कार्यवाही संक्षिप्त प्रकृति की होती है। अधिनियम के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए, जिसमें मामलों के निपटान के लिए समय सारिणी निर्धारित की गई है, पीड़ित उपभोक्ता को यथाशीघ्र राहत प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। अगर कोई उपभोक्ता जिला आयोग के फैसले से संतुष्ट नहीं है तो वह राज्य आयोग में अपील कर सकता है। राज्य आयोग के आदेश के खिलाफ उपभोक्ता राष्ट्रीय आयोग में आ सकता है।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायता करने के लिए, राष्ट्रीय आयोग को मामलों की स्थापना, निपटान और लंबित मामलों के बारे में समय-समय पर रिटर्न मंगाकर सभी राज्य आयोगों पर प्रशासनिक नियंत्रण की शक्तियों भी प्रदान की गई हैं। राष्ट्रीय आयोग को निम्नलिखित के बारे में निर्देश जारी करने का अधिकार है :-

(1) मामलों की सुनवाई में एक समान प्रक्रिया अपनाना
(2) एक पक्ष द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की प्रतियों की पूर्व सेवा विपरीत पक्षों को,
(3) दस्तावेजों की प्रतियां शीघ्र उपलब्ध कराना
(4) राज्य आयोगों और जिला आयोगों के कामकाज की सामान्य रूप से देखरेख करना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अधिनियम के उद्देश्यों और प्रयोजनों की सर्वोत्तम तरीके से पूर्ति हो, तथा उनकी अर्थ-न्यायिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप न किया जाए। राष्ट्रीय आयोग की रजिस्ट्री भूतल, उपभोक्ता न्याय भवन, एफ ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023 में है जो सभी कार्य दिवसों में खुली रहती है। राष्ट्रीय आयोग की रजिस्ट्री से संबंधित किसी भी पूछताछ के लिए कोई भी व्यक्ति टेलीफोन नंबर 011-24608801, 24608802, 24608803, 24608804 और फैक्स नंबर 24651505 पर संपर्क कर सकता है। दाखिल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 4.30 बजे तक है। रजिस्ट्री में दाखिल हर मामले को राष्ट्रीय आयोग के समक्ष दाखिल करने के लिए दाखिल किए जाने के 21 दिनों के भीतर सूचीबद्ध किया जाता है। जिला आयोग, राज्य आयोग और राष्ट्रीय आयोग का कामकाज उपभोक्ता के अनुकूल है. इस प्रकार, कोई उपभोक्ता शिकायत दर्ज कर सकता है और व्यक्तिगत रूप से बहस भी कर सकता है। वास्तविक मामलों में, जहां राष्ट्रीय आयोग के समक्ष शिकायतकर्ता/अपीलार्थी/याचिकाकर्ता वकील की सेवाएं लेने में असमर्थ है, आयोग द्वारा नि:शुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती है।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धारा 72 में दंड का प्रावधान किया गया है थारा 72. (1) जो कोई, यथास्थिति, जिला आयोग या राज्य आयोग या राष्ट्रीय आयोग द्वारा दिए गए किसी आदेश का पालन करने में विफल रहता है, वह कम से कम एक मास की अवधि के कारावास से, किन्तु तीन वर्ष तक का हो सकेगा, या जुर्माने से, जो पच्चीस हजार रुपए से कम नहीं होगा, किन्तु एक लाख रुपए तक का हो सकेगा, अथवा दोनों से, दंडनीय होगा। उपभोक्ता संरक्षण की धारा 14- के अन्तर्गत जिला फोरम के निर्णय के स्वरूप एवं विवरण की व्याख्या की गई है। जिसके द्वारा त्रुटियों के निवारण, माल को बदलने, मूल्य की वापसी तथा क्षतिपूर्ति के भुगतान का विवरण दर्शाया गया है। इस प्रकार से कोई भी उपभोक्ता उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के तहत अपने अधिकारों के लिए संबंधित उपभोक्ता फोरम में वाद लाकर विक्रेता एवं सर्विस प्रोवाइडर के द्वारा दिए गए दोषपूर्ण सर्विस के वजह से उपभोक्ता को हुए नुकसान या क्षति की भरपाई को प्राप्त कर सकते हैं एवं दोषी व्यक्ति को सजा भी दिलवा सकते हैं।

**( उपभोक्ता संरक्षण से जुड़ी शेष जानकारी अगले अंक में )**


नववर्ष एवं गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ।
METHODIST HOSPITAL
PRATAPSAGAR BUXAR
-: सुविधाएँ :-
सभी सुविधाओं से लैश।
मुफ्त रेलवे पास।
गरीब रोगियों को विशेष छूट।
प्रताप सागर,
बक्सर-802101 (बिहार)
डॉ0 आर.के. सिंह


CCL
Fuelling Sustainable Growth
26 जनवरी, 2025
76वें गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
दरभंगा हाउस, राँची – 834001 (झारखण्ड)


हमारा संविधान, हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।
यह हमारे अधिकारों और कर्तव्यों का आधार है।
आइए इसे सशक्त भारत का मार्गदर्शक बनाएं।
सभी
देशवासियों को
76वें
गणतंत्र
दिवस
आप
सभी को हार्दिक
शुभकामनाएं
जय बापू।
जय भीम।
जय संविधान।
दीपिका पांडेय सिंह


नववर्ष, मकर सक्रांति एवं गणतंत दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।
-: निवेदक :-
राजिब चटर्जी, अध्यक्ष
बासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन

# शुभकामना संदेश

## झारखण्ड सहित सभी देशवासियों को मेरी ओर से गंणतंत्र दिवस की अनेक शुभकामनाएं





हम भारत के लोग आज गर्व के साथ अपने गणतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। भारतीय संविधान की 75 वर्षों की यात्रा, देशवासियों का संसदीय व्यवस्था पर अटूट विश्वास और संविधान निर्माताओं के दूरदृष्टि का सुखद परिणाम है। इस महान पर्व और उत्सव की वेला में हम अपने जन–नायकों को याद करते हुए उन्हें नमन करें, जिन्होंने अपने संघर्ष और बलिदान के बल–बूते हमें स्वाधीनता दिलायी और समानता के अधिकार से परिचय कराते हुए, विविधताओं से भरा देश को एक सूत्र में पिरोकर, देशवासियों के लिए एक समृद्ध संविधान निर्मित किया, जो आज ही के दिन लागू हुआ था।

जय हिन्द, जय झारखण्ड, जोहार!

**रबीन्द्र नाथ महतो**

**अध्यक्ष, झारखण्ड विधानसभा, रांची**